संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 25 जून 2024 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 174 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



18वीं लोकसभा संसद सत्र के दौरान सांसद चंद्रशेखर मीडियाकर्मियों संविधान की कॉपी दिखाते हुए।

### आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

# हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद सत्र

● प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ, जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता बनाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरूआत में राष्ट्रगान के बाद मौन रखा। इसके बाद नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ग्रहण की। नई संसद में पहले शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने महताब को सहयोग करने के लिए पैनल भी तय किया था। इसमें कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय का नाम शामिल था। इन्हें प्रधानमंत्री के बाद शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू और सुदीप बंदोपाध्याय शपथ के समय सदन में उपस्थित नहीं थे। बाकी तीनों पैनल सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद अल्फाबेटिकल क्रम में राज्यों के सासंदों को शपथ दिलायी जा रही है। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। ज्यादातर मंत्रियों ने अपने राज्य की भाषा में शपथ ली।



### विपक्ष ने संसद भवन परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज सोमवार (24 जून) को शुरु हुआ। सत्र की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से हुई। विपक्ष ने पहले सत्र की शुरूआत संसद के बाहर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन से की। आईएनडीआईए के नेताओं ने संविधान की कॉपी लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी सहित विपक्ष के अन्य सांसदों ने संविधान की कापी लेकर मार्च निकाला। प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान बचाने के लिए जो कोशिश हमने की थी, उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की, इसलिए आज यहां पर हम एकत्रित होकर विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, 'हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है।

### आप को झटका

⏩ प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ, जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता बनाए गए

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। हाल ही में नीट की परीक्षा का पेपर लीक होने के मुद्दे से राजनीति गरमा हुई है। सदन की शुरूआत में विपक्ष के नेता हाथ में संविधान लिए हुए विरोध करने लगे। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। परंपरा के तहत प्रधानमंत्री ने सुबह मीडिया को संबोधित किया।

अब आज लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी, जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा।



18वीं लोकसभा में गूंजेगी महिलाओं की 'दहाड़', महुआ मोइत्रा ने शेयर की महिला सांसदों की तस्वीरें।

## मणिपुरः हथियार और गोला बारूद बरामद

**इंफाल (मणिपुर)**

**असम राइफल्स** और मणिपुर पुलिस द्वारा मणिपुर के थौबल जिले में चलाए गए संयुक्त अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद तथा युद्ध संबंधी सामान बरामद किया गया। असम राइफल्स की ओर से रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, अभियान के दौरान एक 12 बोर सिंगल बैरल गन, एक 12 बोर बोल्ट एक्शन राइफल, एक 9 एमएम सीएमजी, गोला-बारूद और ग्रेनेड बरामद किए गए। यह अभियान वेथौ रिज क्षेत्र में हथियारों और गोला-बारूद की मौजूदगी के बारे में एक विशेष खुफिया सूचना के बाद शुरू किया गया था।

असम राइफल्स की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'मणिपुर के थौबल जिले के वेथौ रिज क्षेत्र में हथियारों और गोला-बारूद की मौजूदगी की विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया।

# संसद ड्रामे और स्लोगन से नहीं चलेगीः मोदी

## देश चलाने के लिए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगेः मोदी, प्रधानमंत्री ने आपातकाल को बताया भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश के लोगों की सेवा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने शुरू हुए 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत होने से पहले संसद के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरवपूर्ण और गौरवशाली है, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह नई संसद में होगा। प्रधानमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार सरकार चुनने के लिए नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सरकार की नीयत, नीतियों और लोगों के प्रति समर्पण पर मुहर लगाता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने एक परंपरा स्थापित करने का प्रयास किया है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि 140 करोड़ नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वसम्मति और सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा की जाए।

प्रधानमंत्री ने इस संसद के गठन को भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों को पूरा करने का माध्यम बताते हुए कहा कि यह नए उत्साह के साथ नई गति और ऊंचाई हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### सर्वसम्मति

⏩ आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वसम्मति और सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा की जाए

## मोदी को नीट विवाद पर बोलना चाहिए थाः उमर

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद सत्र के पहले दिन विपक्ष पर हमला करने के बजाय नीट विवाद पर बोलना चाहिए था। प्रधानमंत्री ने आज शपथ लेने से पूर्व संसद परिसर में कहा कि लोग विपक्ष से अच्छे कदमों की उम्मीद करते हैं, लेकिन अब तक यह निराशाजनक रहा है। उमर अब्दुल्ला 18वीं लोकसभा के पहले दिन संसद परिसर में प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उमर ने कहा कि हालांकि, विपक्ष पर हमला करना प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है, लेकिन हमें उम्मीद थी कि हालिया चुनावों में भाजपा की हार के बाद प्रधानमंत्री के रवैये में बदलाव आएगा, इसलिए उचित होता कि वे युवा पुरुषों और महिलाओं के लिए कुछ शब्द बोलते, जिनके लिए नीट घोटाला मायने रखता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा एक बार की बात नहीं है, बल्कि छात्रों के हितों और चिंताओं के लिए एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता है। अब्दुल्ला ने आज शपथ लेने वाले सभी सांसदों को बधाई दी और मांग की कि उत्तर कश्मीर लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर को रिहा किया जाए।

## नीट-यूजी री-एग्जामिनेशनः 48 फीसदी छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देशभर में विवाद और जांच के बीच रविवार को जिन 7 केंद्रों पर 1563 अभ्यर्थियों की दोबारा नीट यूजी परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 48 फीसदी छात्र उपस्थित नहीं हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नीट यूजी की परीक्षा में ग्रेस मार्क्स हासिल करने वाले 1563 अभ्यर्थियों को री-एग्जामिनेशन में शामिल होना था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की तरफ से बताया गया कि रविवार, 23 जून को देश में 7 केंद्रों पर 1563 स्टूडेंट्स के लिए दोबारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की गई।

# बैकफुट पर हैं पीएम मोदीः राहुल गांधी

## राहुल गांधी ने 10 प्वाइंट में गिना दी एनडीए सरकार की कमियां; मोदी पर भी कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का आगाज हुआ। संसद की शुरूआत ही हंगामेदार रही और विपक्ष ने संविधान पर संकट की बात कही। विपक्षी नेताओं ने इसी के साथ प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति का भी मामला उठाया और कहा कि ये गलत काम हुआ है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़ा निशाना साधा है।

**मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर है मोदी:** राहुल गांधी ने एक्स पर किए एक पोस्ट के जरिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पहले पंद्रह दिनों में ही कई कमियां सामने आ गई है। रायबरेली के सांसद ने आगे कहा कि मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर



आकर नरेंद्र मोदी अपनी सरकार को बचाने में व्यस्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि "भारत का मजबूत विपक्ष" लोगों की आवाज उठाता रहेगा और प्रधानमंत्री को जवाबदेही के बिना भागने नहीं देगा। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि पीएम मोदी अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं और उन्हें और कुछ समझ नहीं आ रहा। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार द्वारा संविधान पर हो रहे हमलों को वो स्वीकारेंगे नहीं।

राहुल ने कहा कि भारत का मजबूत विपक्ष अपना दबाव जारी रखेगा, लोगों की आवाज उठाएगा और प्रधानमंत्री को जवाबदेही के बिना भागने नहीं देगा। राहुल ने इसी के साथ एनडीए सरकार के पहले 15 दिन की कमियां भी गिनाई, जिनमें शामिल है...

भयानक ट्रेन दुर्घटना
कश्मीर में आतंकवादी हमले
ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा
ठएएळ घोटाला
नीट यूजी रद्द
नीट ठएळ पेपर लीक
दूध, दालें, गैस, टोल और महंगी
आग से धधकते जंगल
जल संकट
गर्मी की लहर के दौरान व्यवस्थाओं की कमी के कारण मौतें

### गिनाई कमियां

⏩ विपक्षी नेताओं ने इसी के साथ प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति का भी मामला उठाया और कहा कि ये गलत काम हुआ है

## मोदी से विपक्ष हर मिनट का हिसाब मांगेगाः रमेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने लोकसभा सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर सवाल उठाया। पार्टी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास देने के लिए कुछ भी नया नहीं है। हमेशा की तरह 18वीं लोकसभा की शुरूआत से पहले भी उन्होंने बात को भटकाने का सहारा लिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि वे लोगों के फैसले का सही मतलब समझते हैं। जयराम रमेश ने कहा



कि, "गैर-जैविक प्रधानमंत्री को लोकसभा चुनाव में व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक रूप से करारी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने हमेशा की तरह संसद के बाहर अपना 'देश के नाम संदेश' दिया है। पीएम ने अपने संबोधन में कुछ भी नया नहीं कहा है। हमेशा की तरह विषयांतर ही बोला है।" जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा, "उन्होंने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि वे जनता के फैसले का सही मतलब समझते हैं।

### घेरने की तैयारी

⏩ हमेशा की तरह 18वीं लोकसभा की शुरूआत से पहले भी उन्होंने बात को भटकाने का सहारा लिया

## हरियाणा सरकार को 'सुप्रीम' झटका

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की नौकरियों में सामाजिक और आर्थिक आधार पर पांच अतिरिक्त अंक देने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक ठहराने के पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार से हाई कोर्ट में ही अपनी बात रखने को कहा। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार की इस



योजना में खामियां गिनाते हुए इसे रद्द करने का आदेश दिया था। दरअसल, हरियाणा सरकार ने नौकरियों में सामाजिक और आर्थिक आधार पर 5 अतिरिक्त अंक देने का फैसला किया था। हरियाणा सरकार के इस फैसले को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट मे चुनौती दी गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने असंवैधानिक ठहरा दिया था। हाई कोर्ट के इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

## केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर अंतरिम रोक को चुनौती देने वाली याचिका पर अगली सुनवाई 26 जून को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस बीच अगर दिल्ली हाई कोर्ट अपना आदेश पारित करती है तो उसे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जाए। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील



अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाई कोर्ट से जमानत पर रोक अभूतपूर्व है, ऐसा आज तक नहीं हुआ है। सिंघवी ने अपनी दलील देते हुए कहा कि अगर हाई कोर्ट से उनकी जमानत रद्द हो जाती तो वह निश्चित रूप से जेल वापस जाएंगे। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम जमानत के बाद हुआ था। वैसे भी उनके भागने का कोई खतरा नहीं है। सिंघवी ने कहा कि मान लीजिए कि हाई कोर्ट ने ईडी की याचिका खारिज कर दी तो उस स्थिति में बिना कारण जेल में बिताए दिनों की भरपाई कैसे की जा सकेगी।

### आप को झटका

⏩ अगर दिल्ली हाई कोर्ट अपना आदेश पारित करती है तो उसे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जाए: सुप्रीम कोर्ट

**प्रस्तुति** मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास तथा इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने पर बल दिया

# सीएम ने वित्त आयोग से वित्तीय सहायता प्रदान करने की सिफारिश का किया आग्रह

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** राज्य सरकार ने यहां 16वें वित्त आयोग से जुड़ी हिमाचल प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं तथा अन्य मुद्दों पर 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी। यह प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास पर है, जो आगामी पांच वर्षों के लिए हिमाचल के संबंध में अपनी सिफारिश देगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वित्त आयोग के समक्ष राज्य के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाया तथा राष्ट्र निर्माण में प्रदेश के योगदान को देखते हुए उदार वित्तीय सहायता



प्रदान करने की सिफारिश का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास तथा इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने पर बल दिया, ताकि इन क्षेत्रों से स्थानीय लोगों का पलायन रोका जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्राकृतिक आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है, जिसके चलते हिमाचल को आपदा पूर्व प्रबन्धन एवं राहत कार्यों की दृष्टि से विशेष प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। हिमाचल सहित अन्य हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में आपदाओं की अधिक संभावनाएं होने के कारण इन क्षेत्रों के लिए आपदा जोखिम सूचकांक तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने आयोग को बताया कि पिछले वर्ष बरसात में भारी बारिश एवं बाढ़ से हुए नुकसान के एवज में केंद्र सरकार ने 9,042 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक नहीं किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश हिमालयी क्षेत्र में हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसके कारण राज्य को हजारों करोड़ का राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है और प्रदेश को अब तक इस नुकसान के लिए भी मुआवजा नहीं मिला है। राष्ट्र हित को देखते हुए हिमाचल ने पेड़ों के कटान पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया है, जिसके कारण हिमाचल को हजारों करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है। राज्य को वन मंजूरी अधिनियम के तहत वर्ष 2017 से कोई अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के साथ ही हिमाचल प्रदेश का राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान है। हिमाचल प्रदेश ने भाखड़ा बांध और पौंग बांध के लिए लाखों एकड़ जमीन दी है तथा हरियाणा, पंजाब एवं राजस्थान प्रदेश को सिंचाई के लिए पानी प्रदान करता रहा है। इसी तरह, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित की है।

### मांग

⏩ लाखों एकड़ जमीन दी है तथा हरियाणा, पंजाब एवं राजस्थान प्रदेश को सिंचाई के लिए पानी प्रदान करता रहा है

## चुनावों में फ्रीबीज की होड़ से 16वां वित्त आयोग चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** 16वें वित्त आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा आम जनता से किए जा रहे वायदों खासकर चुनाव में फ्रीबीज बांटने पर चिंता जताई है। आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों में मतदान पूर्व फ्रीबीज बांटने की होड़ लगी हुई है जो चिंता का विषय है और आयोग अपनी सिफारिशों में इस मुद्दे पर सुझाव देगा तथा इसे हल करने का भी प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों में चुनाव पूर्व फ्रीबीज बांटने का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को हरित आवरण उपलब्ध कराने के एवज में मुआवजे से संबंधित मुद्दों पर भी विचार करेगा। गौरतलब है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने 2022 में होने वाले पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व जारी अपने चुनावी घोषणापत्र में 18 से 59 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था।

### चिंता जताई

⏩ आपदा राहत के मामले में हिमाचल के लिए नहीं हो सकता अलग पैमानाः डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया

# मुंह बोले बेटे या सामाजिक रिश्तों को दोबारा से बनाने के आधार पर नहीं दी जा सकती पैरोलः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मुंह बोले बेटे और सामाजिक रिश्तों को दोबारा से बनाने के आधार पर पैरोल की मांग को दिल्ली हाईकोर्ट ने ठुकरा दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में दोषी ने एक ऐसे व्यक्ति की मौत के आधार पर पैरोल देने की मांग की है, जिसे उसने बेटा होने का दावा किया है। अदालत ने कहा कि ऐसे में जबकि मृतक याची का जैविक पुत्र नहीं है, उसे न तो कानूनी परिभाषा में उसका असली बेटा माना जा सकता है और न ही दिल्ली जेल नियम-2018 के तहत पैरोल देने के लिए परिवार के रूप में माना जा सकता है।

**याचिकाकर्ता पैरोल पाने का हकदार नहींः हाईकोर्ट**
उक्त तथ्यों को देखते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पैरोल पाने का हकदार नहीं है। अदालत ने नोट किया कि याची ने पूर्व में उसे दी गई पैरोल को दो मौके पर जंप किया है। सह-आरोपित को पैरोल देने के याची के तर्क को अदालत ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि सह-आरोपित को आपात स्थिति के कारण पैरोल दी गई है और उसे पैरोल नहीं दी जा सकती है।

**2012 में कठोर कारावास की सजा सुनाई थीः** याचिका के अनुसार याचिकाकर्ता को फरवरी 2012 में अपहरण के मामले में तीस हजारी कोर्ट ने कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। निचली अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। 12 साल से जेल में बंद याचिकाकर्ता ने पैरोल देने की मांग करते हुए कहा कि वह बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका था और उसे कुछ समय के लिए कस्टडी पैरोल दी गई थी।

**दो बार याचिकाकर्ता पैरोल जंप कर चुका हैः** उसने कहा कि लंबे समय से जेल में है और पूर्व में दी पैरोल की शर्तों का उसने पूरा पालन किया है। उसने कहा कि बेटे की मौत के दौरान वह दोबारा अपने परिवार के साथ रिश्ते स्थापित करना चाहता है। वहीं, अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि पूर्व में दो बार याचिकाकर्ता ने पैरोल को जंप किया है और जेल के अंदर भी उसका आचरण असंतोषजनक है।


**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं. 2024/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/552 नई दिल्ली, दिनांकः 24.06.2024
**शुद्धिपत्र संख्या 1**
**बोक्सएन वेगन के व्हील्स (सॉलिड फॉज्ड व्हील्स या कास्ट व्हील्स) की खरीद के लिए दिनॉक 25.06.2024 को खोली जाने वाली ई–वैश्विक निविदा सं.डब्ल्यूटीए–552**
विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 25.06.2024 से स्थगित कर के 16.07.2024 (मंगलवार) कर दी गई है। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा पर कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल IREPS वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, और प्रिंट मीडिया में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।
निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001, दूरभाष नं. 011–23073191
ई–मेल आईडी–drsm@rb.railnet.gov.in
1892/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 50–55 साल, **कदः** 5'6'', **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेहुँआ, **पहचान पहनावाः** लाल शर्ट और काली पैंट, **बरामदी स्थलः** पीएफ नंबर 02/03, पोल नंबर 38/39 सदर बाजार साइड।
मृतक के शव को पहचान के लिए सब्जी मंडी दिल्ली की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।
इस सम्बंध में **DD No. 05A दिनांकः 20.06.2024 पुलिस स्टेशनः पुरानी दिल्ली (दिल्ली मुख्य) रेलवे स्टेशन** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।
**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः पुरानी दिल्ली (दिल्ली मुख्य) रेलवे स्टेशन**
**मोबाइलः 9971181938**
DP/7941/Rly/2024


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 22/ईटी/2024–25 दिनांकः 20.06.2024

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241088 | सेट ऑफ इन्ड वाल असेम्बली फॉर एलएचबी पॉवर कार कोच | 72 सैट | 06.08.2024 |
| 02 | 11241098 | पार्टीशन फ्रेम सेट ऑफ एसएलआरडी फॉर शेल | 68 सैट | 06.08.2024 |
| 03 | 12241135 | सेकेण्डरी वर्टिकल डैम्पर फॉर एलएचबी नान एसी कोचेज | 7813 नग | 08.07.2024 |
| 04 | 07241395 | सेलेडिंग गैस (ईएसीएच सीवाईएल कंसिस्ट–7 सीयूएम, गैस वेट–12.3 किग्रा प्रेस–150 किग्रा/एसक्यू. सीएम | 9639 सीक्यूएम | 19.07.2024 |
| | | सेलेडिंग गैस (ईएसीएच सीवाईएल कंसिस्ट–7 सीयूएम, गैस वेट–12.3 किग्रा प्रेस –150 किग्रा/एसक्यू. सीएम | 45815.47 सीक्यूएम | |
| 05 | 15245122 | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ स्टाकिंग स्टैंड फॉर एलएचबी सैडवाल एन्ड रूफ | 20 सैट | 12.07.2024 |
| 06 | 11241061 | किट ऑफ रूफ कम्पोनेंट आईटमस फॉर एलएसएलआरडी (31 सीटर) कोच | 68 सैट | 30.07.2024 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 18/ईटी/2024–25 दिनांकः 07.06.2024 | टैन्डर नं. 11241069 | निविदा खुलने की तिथि 20.06.2024 स्थान पर तिथि 25.06.2024 पढ़ें |

Website Address: **www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

ई.ए नोटिस सं. 03/ई.ए/2024–25 दिनांकः 21.06.2024
**ई–नीलामी सूचना सं. 03**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली लालगंज में स्क्रैप सामग्री विभिन्न आकार एवं साईज के (स्क्रैप ऑफ ईएन स्टील, स्क्रैप ऑफ कार्टेन स्टील, स्क्रैप ऑफ ऑस्टिनेटिक स्टील, स्क्रैप ऑफ फैरिटिक स्टील, स्केल्टन ऑफ डिफरेन्ट शेप और साइज, टार्निंग बारिंग, स्क्रैप ऑफ फोर्जड व्हील प्लांट एंव मिसलेनियस अदर फेरस एवं नॉन फेरस स्क्रैप, लो वैल्यू स्क्रैप, और मिक्सड वेस्ट स्क्रैप आदि) की ई–नीलामी नीचे दिये गये शेडयूल के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov.in के द्वारा 11.00 पर की जायेगी।
**ई–नीलामी की तिथि जून (अतिरिक्त)– 2024**

| | |
|---|---|
| माह | जून (अतिरिक्त) |
| तिथि | 28 |

इच्छुक खरीदार स्क्रैप मैटेरियल का निरीक्षण कार्य अवधि में कर सकतें हैं। खरीददार को ई–नीलामी में भागीदारी के लिए IREPS e-auction module पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उपरोक्त मद के लिए रजिस्ट्रेशन, अग्रिम धन का भुगतान एवं ई–नीलामी में भागीदारी से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल डिपो/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज–229120 से संपर्क किया जा सकता है। **कृते प्र.मु.सा.प्र. कार्यालय**

**निविदा संख्याः CAMC3-Shuttle-23-24&113**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC3-Shuttle-23-24-113 नियत तिथि–10.07.2024 जारी की जाती है। यह खुली ई–निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।

| कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 06 शटल सह स्थानांतरण कारों का दो वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध कार्य। | रु. 15,08,058.00 (पन्द्रह लाख आठ हजार अट्ठावन रुपये मात्र) | रु.30,200.00 |
| | **निविदा प्रपत्र का मूल्य**– रु.2,000.00 **कार्य समापन की अवधि** – दो वर्ष (24 माह) | |

- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**– 10.07.2024 को 15:30 बजे।
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **कार्य प्रबंधक/संयंत्र**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग/समन्वय, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई–निविदा सं. एम–200/एमसीएफ/आरबीएल/आरएमपीयू प्लंब फर–एक्ट/एलडब्ल्यूएसीसीएनई/एफ–54आर, दिनांक 21.06.2024) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल http://www.ireps.gov.in द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं–

| कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| कार्य के दायरे के अनुसार एलडब्ल्यूएसीसीएनई ईओजी एलएचबी प्रकार के एसी कोचों में आरएमपीयू प्लंबिंग और लैवेटरी (नॉकडाउन) के आंशिक फर्निशिंग और फिटिंग कार्यों के लिए निविदा का कार्य। | रु. 66,90,600.00 | रु. 1,33,800.00 |
| | **कार्य की मात्रा**– शेड्यूल–ए में 266 एलडब्ल्यूएसीसीएनई कोच और शेड्यूल–बी में 200 एलडब्ल्यूएसीसीएनई कोच **कार्य समापन की अवधि**– 12 माह। | |

- ई–निविदा दिनांक– 13.07.2024 को 12:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
- ई–निविदा दिनांक– 13.07.2024 को 12:00 बजे के बाद ऑनलाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी।
- ई–निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग/समन्वय
ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ


# प्रेमी की हत्या की साजिश नाकाम रही

**गिरफ्तार**
प्रेमी की हत्या की साजिश नाकाम रही और हत्या की कोशिश करने वाला उसके चेहरे पर तेजाब भी नहीं फेंक पाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** तीन वर्ष का प्यार उस समय दुश्मनी में बदल गया जब प्रेमिका को पता लगा कि उसके प्रेमी की शादी होने वाली है। प्रेमिका ने न सिर्फ प्रेमी को मारने के लिए 30 हजार रुपये की सुपारी दी, उसका चेहरा खराब करने के लिए तेजाब भी दे दिया। गनीमत रही कि प्रेमी की हत्या की साजिश नाकाम रही और हत्या की कोशिश करने वाला उसके चेहरे पर तेजाब भी नहीं फेंक पाया। पुलिस ने इस मामले में प्रेमिका समेत दो को गिरफ्तार किया है। हत्यारे की पहचान उत्तम नगर के विकास व महिला की पहचान नेहा (बदला हुआ नाम) के रूप में हुई है।

**19 जून को चाकू से किया हमलाः** बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिरम ने बताया कि निहाल विहार थाना पुलिस को 19 जून को एक युवक पर चाकू से हमले किए जाने की जानकारी मिली थी। शिकायतकर्ता ओमकार ने बताया कि जब वह रणहौला विहार के पास नत्थू राम फार्म हाउस के नजदीक स्कूटी पर सवार होकर अपने घर जा रहा थे तो तीन लड़के बाइक पर सवार होकर आए और उन पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों के रूट मैप खंगाला तो एक महिला के बारे में जानकारी मिली।

जाल बिछाकर पुलिस ने पकड़ा आरोपीः
इसी कड़ी में रविवार को पुलिस को जानकारी मिली कि द्वारका मोड़ के पास एक आरोपित छिपा हुआ है। पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान विकास ने अपना गुनाह स्वीकार किया।

**साथियों के साथ किया हमलाः** उसने बताया कि उसने अपने दो साथियों हर्ष उर्फ बाली और रोहन के साथ मिलकर ओमकार पर चाकू से हमला किया था और भाग गए थे। उसने अपनी महिला सह आरोपित के ठिकाने के बारे में भी बताया। टीम ने महिला को भी पकड़ लिया। महिला ने बताया कि वह और ओमकार ग्राफिक डिजाइनर के रूप में काम करते थे।

**महिला की पहले हो चुकी थी शादीः** वह अपने पति से अलग होने के बाद तीन वर्षों से ओमकार के साथ रिश्ते में थी और जब उसे पता चला कि ओमकार की किसी अन्य लड़की से सगाई हो गई है तो वह नाराज हो गई। महिला ने ओमकार को धमकी दी।इस पर ओमकार ने कहा कि उसके पास उसकी नग्न तस्वीरें/वीडियो हैं और वह उन्हें इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर देगा। इसके बाद महिला ने उसे मारने की साजिश रची। उसने अपने नेपाली दोस्त के माध्यम से विकास नामक युवक को ओमकार को मारने की 30 हजार रुपये की सुपारी दी। ओमकार का चेहरा जलाने के लिए एसिड भी विकास को दिया। विकास की निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त अपाचे बाइक बरामद कर ली गई। पुलिस विकास के दो साथियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम** : मालूम नही, **पुत्र** : मालूम नही, **निवास** : मालूम नही, **उम्र** : लगभग 40–42 वर्ष, **रंग** : सांवला, **कद** : 5' 2", **पहनावा** : ग्रे रंग की टी–शर्ट और काले रंग का पाजामा पैन्ट पहने है जो नजदीक चांद सिनेमा, त्रिलोकपुरी, दिल्ली में मृत पाया गया था। इस बाबत **DD No. 71-A दिनांक : 09.06.2024 थाना : कल्याणपुरी, दिल्ली** में दर्ज है।
इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।
**हस्ता/- थानाध्यक्ष**
**थाना : कल्याणपुरी दिल्ली**
**फोन : 8750871830**
DP/8068/ED/2024


**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2024-127
**कार्य का नामः** जोन नंबर 8 ए : एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ मटेरियल अंडर एडीईएन/महोबा सब डिवीज़न फ्रॉम खजुराहो (इन्क्लुडिंग), टू ललितपुर (एक्स्क्लुडिंग) फॉर दा ईयर 2024-25
**अनुमानित लागत (रू) :** ₹ 14500000.00 | **अमानत राशि :** ₹ 222500.00
**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2024-128
**कार्य का नामः** जोन नंबर 8 : एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ मटेरियल अंडर एडीईएन/महोबा सब डिवीज़न फ्रॉम झाँसी (एक्स्क्लुडिंग) टू बरिपुरा (इन्क्लुडिंग), महोबा (इन्क्लुडिंग) टू खजुराहो (एक्स्क्लुडिंग) फ़ॉर दा ईयर 2024-25
**अनुमानित लागत (रू) :** ₹ 10000000.00 | **अमानत राशि :** ₹ 200000.00
**निविदा बन्द होने की तिथिः** दोनों निविदाओं के लिये 16.07.2024 at 15:00 hrs., **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** दोनों निविदाओं के लिये 12 माह।
नोटः- (1) निविदा **दिनांक 16.07.2024** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1088/24 (A)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयुः** 27 वर्ष, **रंगः** साँवला, **कदः** 5'4'', **पहचान चिन्हः** दायें हाथ और दायें कलाई पर टैटू, छाती पर दाहिनी तरफ 2 तिल के निशान, जिसने हरे रंग का पैंट और हरे रंग की चेक शर्ट पहनी थी, जो दिनांक 12.06.2024 को गांधी दर्शन बस स्टैण्ड, रिंग रोड, आईटीओ, दिल्ली के पास में मिला। इस संदर्भ में **एफआईआर नं. 194/2024, दिनांक 12.06.2024 को थाना आईपी इस्टेट, दिल्ली** में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।
**थानाध्यक्ष**
**थाना आईपी इस्टेट, दिल्ली**
DP/8005/CD/2024 **फोनः 011-23378387, 9899552388**

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात, उम्रः** 40–45 साल। जो दिनांक 18.06.2024 को 08:12 बजे डिवाइडर एचसी सेन मार्ग सन्यासी आयुर्वेद के सामने, चांदनी चौक के पास मृत पाया गया। इस बाबत **DD No. 80A, Dt: 18.06.2024 थानाः कोतवाली, दिल्ली,** में दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है। **उम्रः** 40–45 साल, **कदः** 5'2'', **रंगः** गेंहुआ, **पहनावाः** मसटर्ड रंग की शर्ट और आर्मी रंग की लोवर पहने हुआ है। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
**थानाध्यक्ष**
**थानाः कोतवाली, दिल्ली**
DP/7750/N/2024 **फोनः 8750870121, 9716081965**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पप्पू शर्मा** पुत्र श्रीनिवास शर्मा निवासी मकान नं. 112ए, किलोकरी गांव, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 125/13 धारा 498ए/494 भा.द.स., थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैं कि उक्त **पप्पू शर्मा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पप्पू शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 125/13 धारा 498ए/494 भा.द.स., थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **पप्पू शर्मा** से अपेक्षा की जाती हैं कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.08.2024** को हाजिर हो।
**आदेशानुसारः सुश्री अनम रईस खान**
**महानगर दण्डाधिकारी, महिला कोर्ट–01 (दक्षिण पूर्व)**
**कमरा संख्या 506, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**
DP/7826/SE/2024

## गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला **पिंकी यादव** पुत्री सर्वेश सिंह निवासी **के.नं. 96, मकान नंबर 1-सी मैदान गढ़ी नई दिल्ली। उक्त महिला दिनांक 03/06/2024 से अपने घर से गुमशुदा है।** इस संबंध में जीडी नं 84ए दिनांक 05/06/2024 पुलिस थाना नेब सराय दिल्ली दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है: **नामः** पिंकी यादव, लिंगः महिला, **उम्रः** 25 वर्ष, **कदः** 5'3'', **रंगः** गोरा, **शरीरः** मध्यम, **चेहराः** गोल, **पहनावा :** हरे रंग का टॉप और नीले रंग की जींस। यदि किसी के पास इस गुमशुदा महिला के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया प्रभारी/नेब सराय, दिल्ली को सूचित करें।



पिंकी यादव

bZ&esy : cic@cbi.gov.in
Qksu : 011-24368638, 24368641
QSDI : 011-24368639
थाना प्रभारी
थाना नेब सराय, दिल्ली
Tel.No. 8851069868
DP/7288/SD/2024

## जलती मां को सूखे कपड़े से बचाना पड़ा भारी

**गाजियाबादः** गाजियाबाद के साहिबाबाद की न्यू डिफेंस कॉलोनी में रसोई गैस सिलिंडर में रिसाव से लगी आग को बुझाने की कोशिश में सब्जी विक्रेता मुकेश और उनके परिवार के सदस्य एक बड़ी गलती कर बैठे। सिलिंडर से तेजी से उठी लपटों से घिरीं मुकेश की पत्नी बागमती को बचाने के लिए इन लोगों ने उन पर घर में रखे सूखे कपड़े डाले। इन कपड़ों से आग बुझने के बजाय और भड़क गई। एक-एक कर लोग कपड़े डालते रहे और खुद भी आग की चपेट में आते रहे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)
**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**
**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# नौकरियों में पांच अंकों का प्रावधान जारी रहेगाः सीएम सैनी

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाधान पुनर्विचार याचिका या विधेयक के जरिए किया जाएगा, ग्यारह हजार भर्ती पर आंच नहीं आने दी जाएगीः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में भर्ती के समय कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच अंक देने के प्रावधान को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा असंवेधानिक ठहराए जाने के बाद सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अंत्योदय उत्थान के नजरिए से लागू किया गया पांच अंक का प्रावधान जारी रखा जाएगा।उन्होंने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाधान पुनर्विचार याचिका दायर कर या विधानसभा में विधेयक पेशकर किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में पांच अंको के मुद्दे पर हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराए जाने के तुरंत बाद नायब सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रदेश



में पांच अंको के आधार पर की गई ग्यारह हजार भर्ती के रद्द होने जैसी स्थिति नही आने दी जाएगी।साथ ही सैनी ने कहा कि इसी सप्ताह पचास हजार और सरकारी नोकरी दी जायेंगी।

नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नोकरी देने का माहौल बनाया था। अंत्योदय के आधार पर ऐसे अभ्यर्थियों को भी नौकरी दी गई जिनके परिवार में कोई अन्य सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं था। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में भी थे। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के शासन में बगैर पैसे के किसी को नोकरी नही मिलती थी।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने करीब दस साल के शासन में बगैर पर्ची और खर्ची के एक लाख बत्तीस हजार सरकारी नोकरी दी है।भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सुरजेवाला अपने दस साल के शासन में दी गई नौकरियों पर श्वेत पत्र जारी करें। कांग्रेस ने तो हमेशा ओबीसी का शोषण किया है। सैनी ने कहा कि 7 दिसंबर 2018 को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार की पांच अंक नीति की सराहना की थी।अभी भर्ती रोको गैंग समस्याएं खड़ी कर रही है।मुख्यमंत्री ने इससे पहले ओबीसी की क्रीमी लेयर आठ लाख करने और ओबीसी आरक्षण 27फीसदी करने का भी ऐलान किया था।

## भर्तियों को कोर्ट में लटकाने के लिए जानबूझकर नियमों व प्रक्रिया में लूप होल छोड़ती है बीजेपी- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** पढ़े-लिखे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना, नौकरियों का झांसा देकर युवाओं से कोर्ट व सरकारी दफ्तरों के चक्कर कटवाना, भर्ती के नाम पर पेपर लीक जैसे घोटाले करना, अपनी ही भर्तियों को कोर्ट में लटकाना और भर्तियां कैंसिल करना, ये बीजेपी के 10 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड है। ये रिपोर्ट कार्ड पेश किया है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने हरियाणा की नौकरियों में सोशियो-इकॉनोमिक के 5 नंबर को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल से बीजेपी सरकार सीईटी के नाम पर युवाओं को बेवकूफ बना रही है। पहले हरेक भर्ती को सीईटी का झांसा देकर कैंसल किया गया। उसके बाद साजिश के तहत सीईटी के ऐसे नियम बनाए गए, जो कोर्ट में टिक ही नहीं पाए। कोर्ट के इस इस फैसले की वजह से 23 हजार नियुक्तियां प्रभावित हो सकती हैं। यानी बीजेपी की कारगुजारी का खामियाजा 23 हजार परिवारों को उठाना पड़ेगा। असल में देखा जाए तो यह आंकड़ा कहीं ज्यादा बड़ा है। क्योंकि भर्ती घोटाले और पेपर लीक की आदी हो चुकी बीजेपी सरकार को हाई कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी एक्सपोज कर दिया है। सोशियो-इकॉनोमिक पर आए फैसले से स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी जानबूझकर भर्ती नियमों और प्रक्रिया में ऐसे लूप होल छोड़ती है, इसकी वजह से एक के बाद एक भर्ती कोर्ट में जाकर लटक जाती हैं। कोर्ट की आड़ लेकर सरकार को भर्ती ना करने का बहाना मिल जाता है। यह देश की इकलौती ऐसी सरकार है जो, कोर्ट में खुद के बनाए नियमों की भी वकालत ढंग से नहीं कर पाती।

## मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ किए श्री रामलला के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज संपूर्ण मंत्रिमंडल और विधायकों के साथ अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख व समृद्धि की कामना की। श्री नायब सिंह ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि श्री रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं और हमें उनके दर्शन करने का मौका मिला है, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। बड़ी संख्या में लोग श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं। तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनाः श्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा में तीर्थ स्थलों का भ्रमण करने के इच्छुक लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चलाई है, जिसके तहत अब लोगों को तीर्थ स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार ने श्रमिकों

**राम के दर पर**

**▶▶ प्रदेशवासियों के लिए की सुख व समृद्धि की कामना, कुरुक्षेत्र में तीर्थ स्थलों के विकास पर खर्च किए जा रहे 250 करोड़**

को भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है और विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कुरुक्षेत्र में तीर्थ स्थलों के विकास पर खर्च किए जा रहे 250 करोड़ रुपयेः मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र, जिसे गीता की धरती के नाम से जानते हैं, के विकास पर लगभग 250 करोड़ रुपये की अनेक परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। हाल ही में, कुरुक्षेत्र में संवाद केंद्र और अनुभव केंद्र का उद्घाटन हुआ है। कुरुक्षेत्र में भी प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आज से लाईव होंगे सीनियर सैकेंडरी एक दिवसीय व सैकेंडरी परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा जुलाई-2024 तथा सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट/अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षा के प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) आज से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड की बेबसाइट पर दिए गए लिंक से पिछला अनुक्रमांक/नाम, पिता का नाम, माता का नाम भरते हुए डाउनलोड कर सकते हैं। प्रदेशभर में इन परीक्षाओं में 28 हजार 280 परीक्षार्थी 75 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ठ होंगे। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट एक दिवसीय परीक्षा 03 जुलाई (बुधवार) को संचालित होगी। इसी प्रकार सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट/अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 04 जुलाई से आरम्भ होकर 11 जुलाई तक संचालित होंगी।
उन्होंने आगे बताया कि यदि किसी दिव्यांग परीक्षार्थी को लेखक की सुविधा लेनी है तो ऐसे परीक्षार्थी अपने से निम्न श्रेणी के किसी छात्र को लेखक के रूप में ले सकते है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज में जैसे- लेखक छात्र का विद्यालय से सत्यापित परिणाम की प्रति, आई.डी. प्रुफ, दो पासपोर्ट साईज रंगीन सत्यापित फोटो तथा परीक्षार्थी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया मेडिकल प्रमाण-पत्र की प्रति एवं लेखक हेतु संस्था मुखिया का प्रार्थना-पत्र इत्यादि सम्बन्धित दस्तावेज केन्द्र अधीक्षक/संस्था मुखिया को देकर लेखक ले सकते हैं। संस्था मुखिया/केन्द्र अधीक्षक द्वारा जिन परीक्षार्थियों को लेखक उपलब्ध करवाया गया है उनके दस्तावेज सम्बन्धित शाखाओं की मेल आई.डी. पर भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वेबसाइट पर जारी हेल्पलाइन नं० 01664-254309 सैकण्डरी शाखा की ईमेल व सीनियर सैकेण्डरी शाखा की ई-मेल पर तुरन्त सम्पर्क करते हुए समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

### युद्ध स्तर पर 2 लाख खाली पड़े पदों को भरे सरकारः जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः सोमवार को** जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिंद ने माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीईटी पर और समाजिक आर्थिक के अंकों पर दिये फैसले के बाद सरकार पर जम कर बरसते हुए कहा कि उएळ भर्ती न होने से प्रदेश के लाखों युवाओं की आर्थिक और मानसिक परेशानी हो रही है । जयहिंद ने पूर्व मुख्यमंत्री के वायदे का ज़िक्र करते हुए कहा कि आज प्रदेश के युवा उएळ भर्ती का इंतजार कर रहे है । सीईटी का ग्रुप 56-57, और सामाजिक आर्थिक अंकों का मामला पिछले कई महीनों से कोर्ट केस में उलझा हुआ है जिसे लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों अपना फैसला भी दे चुके है। इन कोर्ट केसों की वजह से प्रदेश के लाखों युवा मानसिक परेशानी से गुजर रहे है । कुछ छात्र आत्महत्या की स्थिति में तक जा चुके है । युवाओं पर पारिवारिक और सामाजिक दबाव रहता है ऐसे में इन युवाओं के सब्र का और इम्तेहान न लिया जाए । जयहिंद ने आगे कहा कि युवाओं तो पहले से ही नहीं चाहते थे कि सरकार सुप्रीम कोर्ट जाये और समय खराब किया जाये । युवाओं को कोर्ट की तारीखे नहीं नौकरियाँ चाहिए । जिसका वे पिछले पाँच साल से इंतजार कर रहे है । पचास हजार नहीं प्रदेश में दो लाख खाली पद है और चार लाख बीस हजार युवों का सीईटी क्वालीफाई है । सभी को मौका मिले और ज्यादा से ज्यादा पद भरे जाये । नवीन जयहिंद ने अपने भंडारे के पुराने वायदे को दोहराते हुए कहा कि खुद युवा भंडारा करवा रहे है मोजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद खट्टर जी के लिए और न्यौता दे रहे है लेकिन वो भर्ती करवायें । जयहिंद ने आगे कहा कि हरियाणा में आज युवा अपने हक के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा है और फिर भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।

## पानीपत अस्पताल में आईसीयू तैयार, डाक्टरों की नियुक्ति अभी तक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** पानीपत अस्पताल में आईसीयू के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। लेकिन यहां तैनात होने वाले डाक्टरों के बारे में अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। अस्पताल के आईसीयू का 7 जुलाई को कराने की बनाई है। लंबे समय के बाद वर्ष 2018 में हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिविल अस्पताल के 42 करोड़ की लागत से बने छह मंजिला इमारत का उद्घाटन किया था। जिसमे 200 बेड की व्यवस्था है। इन सब के बावजूद इतने बड़े अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं थी। अब विधानसभा चुनाव से पहले आनन-फानन में अस्पताल में 6 बिस्तर का आईसीयू बनाया जा रहा है।
स्वास्थ्य विभाग ने इस आईसीयू के लिए अभी कोई स्टाफ की नियुक्ति नहीं की है। अस्पताल प्रबंधकों की मानें तो इस वार्ड के लिए पांच मेडिकल अफसर (एमबीबीएस ), 20 नर्सिंग अफसर और 5 ओटीएस असिस्टेंट की दरकार है, इनमे से कोई मौजूद नहीं है। अस्पताल की वरिष्ठ डॉक्टर सुखदीप कौर ने स्थाई प्रबंध नहीं होने तक एक टीम का गठन किया है ताकि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है बीजेपी- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रिमी लेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 27.5.2013 को क्रीमी लेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था। अपने



आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुड्डा ने कहा कि आज केंद्र की क्रीमी लेयर लिमिट भी 8 लाख रुपये है। लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 6 लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी। इसके चलते पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित हो गए। अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई तो बीजेपी की तरफ से ये लिमिट को बढ़ाकर वापस 8 लाख करने की बात कही जा रही है। जबकि इसको लेकर अभी तक कोई सरकारी दस्तावेज सामने नहीं आया है। इसके बारे में सीएमओ की तरफ से की गई सोशल मीडिया पोस्ट को भी डिलीट कर दिया गया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की

**आरोप**

**▶▶ बीजेपी ने ओबीसी क्रीमी लेयर लिमिट को घटाकर लाखों ओबीसी से छीना आरक्षण- हुड्डा**

नौकरियों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन बीजेपी जानबूझकर इन पदों को नहीं भर रही। क्योंकि पक्की भर्तियां होंगी तो एससी और ओबीसी को आरक्षण देना पड़ेगा। लेकिन बीजेपी ऐसा नहीं चाहती। इसलिए पिछड़ा वर्ग के हजारों पद खाली पड़े हुए हैं और एक बड़ा बैकलॉग प्रदेश की नौकरियों में इकट्ठा हो गया है।

## मुंह छुपाने लायक भी नहीं रहे सीएम नायब सिंहः अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार के नौकरियों में 5 नम्बर अतिरिक्त देने के फैसले को असंवैधानिक करार देने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के संविधान विरोधी फैसले से प्रदेश के हजारों युवाओं की नौकरी पर प्रश्न चिह्न लग गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से बाहरी युवाओं को नौकरी देने के लिए बीजेपी 5 नम्बर अतिरिक्त देने का फामूर्ला लेकर आई थी। उन्होंने




कहा कि बीजेपी को गरीब युवाओं से कोई मतलब नहीं रह गया है। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भी बीजेपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। इससे प्रदेश के ग्रुप डी के करीब साढ़े 13 हजार, ग्रुप सी के करीब दो हजार पदों और ग्रुप 56 और 57 के करीब 12 हजार पदों पर तलवार लटक गई है। इनमें से ज्यादातर पदों पर युवा नौकरी ज्वाइन कर चुके थे। इसलिए बीजेपी सरकार के कारनामे की वजह से नौकरी ज्वाइन कर चुके युवाओं को गहरा आघात देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने पिछले 10 सालों में एक भी नौकरी भर्ती परीक्षा बिना विवादों के पूरी नहीं की है। प्रदेश में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। प्रदेश के कई जिलों से युवा विदेशों में पलायन कर चुके हैं।

## गुरुकुल/संस्कृत पाठशाला के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए कि गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला को वित्तीय सहायता उस संस्था में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर दी जाएगी। विद्यार्थियों की 50 से 80 संख्या वाले गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला को राज्य सरकार की ओर 2 लाख रुपए प्रति वर्ष वित्तीय मदद दी जाएगी। इसी प्रकार , 80 से 100 संख्या होने पर 3 लाख , 100 से 200 होने पर 5 लाख रुपए तथा 200 से अधिक विद्याथी होने पर गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला को 7 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## भाजपा की मनमर्जी से लाखों युवाओं का भविष्य दांव परः सुरजेवाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर 20 लाख से अधिक नौजवानों की जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सुरजेवाला ने सोमवार को यहां एक बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नौजवान अपने भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप डी भर्ती में कुल पद 13,657 हैं, जिसके लिए 13 लाख 50 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया हैं।इसके लिए सीईटी की मैरिट के आधार पर चयन किया गया, जिसमें सोश्यो-इकोनॉमिक आधार के पांच अंक भी जोड़े गए। करीब 11,000 युवाओं ने नौकरी ज्वाइन कर ली और 2,657 युवाओं ने अभी ज्वाइनिंग रिपोर्ट नहीं दी है। अब इन सब युवाओं की नौकरियों पर बर्खास्तगी की तलवार लटक गई है। ग्रुप सी के सबग्रुप नंबर 1 व 2 में टेक्निकल पोस्ट जेई, ड्राफ्ट्समैन आदि शामिल हैं। लगभग 10 हजार से अधिक युवाओं ने दो हजार पदों के लिए पेपर दिया था। इसमें सीईटी प्रिलिमिनरी क्वालिफाइंग एग्जाम था, जिसका रिजल्ट सोश्यो-इकोनॉमिक के पांच नंबरों के आधार पर बनाया गया। क्वालिफाइड बच्चों का फिर एक और

**साधा निशाना**

**▶▶ ग्रुप डी भर्ती में कुल पद 13,657 हैं, जिसके लिए 13 लाख 50 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया हैं**

एग्जाम लिया। इन बच्चों की नौकरियों पर भी अब बर्खास्तगी की तलवार लटक गई है। इसी प्रकार ग्रुप सी के सब ग्रुप 56 व 57 में कुल 12 हजार पद थे। ग्रुप नंबर 56 में योग्यता ग्रेजुएशन व ग्रुप नंबर 57 में योग्यता 12वीं पास थी। इन ग्रुप्स का एग्जाम सोशो-इकोनॉमिक के 5 नंबर जोडकर निकाला गया है। अब यह परीक्षा रद्द की जाएगी और लाखों युवाओं का भविष्य एक बार फिर अधर में लटक जाएगा। इसी प्रकार टीजीटी अध्यापकों के 7441 पदों का मामला कोर्ट में लंबित है। जिसका परिणाम दो तरह के अंकों के आधार पर निकाला गया है। सुरजेवाला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ग्रुप डी में 13 लाख 50 हजार तथा ग्रुप सी में 11 लाख अभ्यर्थियों का भविष्य बर्बाद करने के लिए हरियाणा सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है।

## एसवाईएल पर कांग्रेस, आम पार्टी और भाजपा सभी मिल कर हरियाणा की जनता को दे रहे हैं धोखाः अभय

**टीम एक्शन इंडिया**
**इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान** महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा बयान दे रहे हैं कि एसवाईएल के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के हक में फैसला दिया है पर हरियाणा के लोगों को यह नहीं बता रहे कि लोकसभा चुनावों में उसी आम आदमी पार्टी से समझौता किया था जिसकी पंजाब में सरकार है और पंजाब सरकार ने ही एसवाईएल का पानी रोक रखा है। यह रिकॉर्ड पर है कि अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि हरियाणा को एसवाईएल का एक बूंद पानी नहीं देंगे। हरियाणा में कांग्रेस, आम पार्टी और भाजपा सभी मिल कर हरियाणा की जनता को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह तो हरियाणा में बीजेपी की सरकार है जो दिल्ली को पानी दे रही है, अगर हरियाणा में इनेलो की सरकार होती तो दिल्ली को एक बूंद पानी तब तक नहीं देते जब तक ये हमारे हिस्से का पानी पंजाब से नहीं दिलाते। उन्होंने कहा कि एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला न मानना सरासर कोर्ट की अवमानना है। न तो केंद्र की भाजपा सरकार और न ही पंजाब की आम पार्टी की सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने ही सुप्रीम कोर्ट में एसवाईएल के पानी को लेकर लड़ाई लड़ी थी जिसके कारण सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के हक में फैसला सुनाया था। लेकिन तब तत्कालीन कांग्रेस के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने विशेष विधानसभा सत्र बुला कर सभी पानी के समझौतों को रद्द कर दिया था। उसी तर्ज पर पंजाब की आम पार्टी भी हरियाणा के हक का पानी देने को मना कर रही है। केंद्र और पंजाब की सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करे और हरियाणा को एसवाईएल का पानी दे।

## उपचुनाव का खर्च सीट रिक्त करने वाले जनप्रतिधि से वसूल करे चुनाव आयोगः जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि कोई भी सांसद या विधायक दो सीटों से चुनाव जीतता है तो एक सीट पर होने वाले उप चुनाव का खर्चा उसी नेता से वसूल किया जाए। इससे सरकार व आयोग पर पड़ने वाले अतिरिक्त खर्च को रोका जा सकेगा, वहीं दो सीटों पर चुनाव लड़ने की प्रथा पर रोक लगेगी।
आज यहां बयान जारी करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने बताया कि उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखते हुए यह सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में एक सीट पर प्रशासन का चुनाव करवाने का खर्च लगभग 5 -7 करोड़ रूपए आता है। इसी प्रकार विभिन्न राजनीतिक दलों को भी इस चुनाव में प्रचार, प्रसार के लिए बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है। उन्होंने उदाहरण स्वरूप लिखा है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने दो सीटों राय बरेली और वायनाड सीट से लोक सभा का चुनाव लड़ा और अब मर्जी से वायनाड सीट छोड़ दी। इस सीट पर फिर से चुनाव होगा, जिससे जनता को न चाहते हुए एक बार फिर से चुनाव का सामना करना पड़ेगा और राजनीतिक दलों को जोर लगेगा।

कानून के मुताबिक सांसद की शपथ से पहले दो सीटों से चुनाव जीतने वाले सांसद या विधायक को एक सीट से इस्तीफा देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बार - बार आचार संहिता लगने के कारण उस क्षेत्र का विकास कार्य भी प्रभावित होता है। भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि जब एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में किसी भी नेता को दो सीट से सांसद या विधायक का चुनाव लड़ने पर रोक का कानून बनना बहुत जरुरी है।

## वृद्ध दंपति की मान सरकार से गुहार, बेटे की हत्या के दोषियों पर की जाए कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** पंजाब की-लुधियाना पुलिस द्वारा एक नौजवान के कत्ल के मामले को प्राकृतिक मौत दिखाए जाने से दुखी और पीड़ित परिवार सालों से पुलिस अधिकारियों के दफ्तरों की खाक छान रहा है, लेकिन अभी तक उन्हें इंसाफ नही मिल पाया है। पीड़ित परिवार को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने में भी खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। लुधियाना जिले के जगराओं के गांव रणधीरगढ़ निवासी बलविंदर सिंह और मोहिंदर कौर ने सोमवार को यहां मीडिया को अपनी पीड़ा बताई। वृद्ध दंपति ने बताया कि उनका पुत्र दया सिंह लुधियाना में मेडिकल का छात्र था। वो एक पी जी मे रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर

**इंसाफ की गुहार**

**▶▶ बलविंदर सिंह ने कहा कि उनका परिवार सिर्फ और सिर्फ इंसाफ चाहिए, जो नही मिल पा रहा**

र हा

था। सभी कुछ ठीक चल रहा था कि 9 अक्टूबर 2019 को उन्हें एक फोन से सूचना मिली कि उनके पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। खबर सुन कर उनके हाथ पांव फूल गए। वो तुरंत ही गांव से लुधियाना मौके पर पहुंचे, लेकिन हालात देख कर कहीं से भी प्राकृतिक मौत या सड़क दुर्घटना नही लगी। पुलिस ने मामले को धारा 174 के तहत कार्रवाई करते हुए इसे प्राकृतिक मौत दिखाते हुए रफा दफा करने की कोशिश की। फिर उन्होंने खुद ही कोशिश करते हुए उस रात की सी सी टी वी फुटेज इकठ्ठी की, जिसमे 8 अक्तूबर 2019 की रात को उनका पुत्र दया सिंह एक अन्य युवक के साथ स्कूटर के पीछे बैठ कर गिल नहर की तरफ जाता दिखाई दिया। साथ ही 5 और नौजवान अपने मोटरसाइकिल पर बैठकर पीछे पीछे जाते दिखाई दे रहे थे। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। बाद में पुलिस कमिश्नर द्वारा इसकी जांच के लिए एक एस आई टी भी बनाई गई, पर उसकी तरफ से भी गहनता से कोई जांच नही की गई। इससे भी उन्हें कोई इंसाफ नही मिला। वो मामले की गहनता से जांच और इंसाफ के लिए कई साल उच्च पुलिस अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन ही मिला। आखिरकार उनकी मेहनत तब रंग लाई जब पुलिस ने 3 दिसंबर 2020 को अमनदीप सिंह, हरसिमरन सिंह, हैरी, नमन गर्ग, कश्यप, सुमित और एक अज्ञात के खिलाफ कत्ल का मामला दर्ज कर लिया। बलविंदर सिंह और मोहिंदर कौर ने कहा कि मामला दर्ज होने के 4 साल बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही हुई। अभी तक पुलिस ने चालान भी पेश नही किया। बल्कि मामले को रफा दफा करने को लेकर उन्हें आफर दी गई। उन्होंने मामले को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान और डी जी पी गौरव यादव को गहनता से जांच करने और आरोपियों पर कार्रवाई करने की अपील की है। डी जी पी गौरव यादव ने उनकी शिकायत पर 12 अक्तूबर 2022 को डी आई जी रेंज डॉक्टर नरिंदर भार्गव को मामले की जांच करने के आदेश दे दिए है। लेकिन डॉक्टर नरिंदर भार्गव ने 2 साल बाद भी कुछ नही किया, वो फाइल ऐसे ही दबा कर बैठे हैं।

बलविंदर सिंह ने कहा कि उनका परिवार सिर्फ और सिर्फ इंसाफ चाहिए, जो नही मिल पा रहा। अगर फिर भी ऐसा ही चलता रहा तो वो अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे और आरोपियों और मामले को लटकाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की अपील करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### आर्य महाविद्यालय की छात्रा अनु मलिक भारतीय टीम में शामिल



पानीपत/कमाल हुसैन
स्पेन में होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आर्य महाविद्यालय की बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा अनु मलिक का चयन भारतीय यूनिवर्सिटी टीम में हुआ है। अनु मलिक अनेक नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी है। वह भारतीय टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे केरल से स्पेन के लिए रवाना हो गई है। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि 25 से 30 जून तक होने वाली यह बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है, जिसमें ब्राजील, चिली, फ्रांस, पोलैंड, भारत, स्पेन व नीदरलैंड जैसी टीमें भाग ले रही हैं।

### ड्राईविंग प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों व नशा ना करने के प्रति किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस द्वारा ड्राईविंग प्रशिक्षुओं को यातायात नियमो का पाठ पढाने का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को नये बस स्टैंड कुरुक्षेत्र में यातायात नियमो बारे व नशे मुक्त भारत जागरुकता सेमिनार आयोजित किया गया जिसमे ट्रैफिक पुलिस कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में ड्राईविंग प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए ट्रैफिक पुलिस कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने कहा कि यातायात नियम हम सबकी सुरक्षा के लिए हैं। इस दौरान रोशन लाल पुलिस उप निरीक्षक द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रतिदिन सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि हमारी थोडी सी सावधानी न बरतने पर दुर्घटना घट जाती है। उन्होंने कहा कि जब भी हमारे सामने सड़क पर कोई दुर्घटना घट जाती है तो हम अक्सर घायल की मदद करने की जगह घायल व्यक्ति व घटना के स्थान की वीडियो बनाने लग जाते हैं। आपके चार-पांच मिनट उस घायल व्यक्ति को जीवन दान दे सकते हैं। घायल व्यक्ति को हस्पताल पुहंचाने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा पांच हजार की राशि का अवार्ड भी प्रशंसनीय तौर पर दिये जाने का प्रावधान है। इसलिए आओ आज हम सभी यह प्रतिज्ञा करते हैं कि हम सब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तुरन्त हस्पताल पुहंचाने में मदद करेंगे तथा स्वंय भी सड्क सुरक्षा नियमों की पालना करेंगे।

### जिला स्तरीय कुश्ती अखाडा प्रतियोगिता का आयोजन उमरी में किया गया



**कुरुक्षेत्र 24 जून** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय कुश्ती अखाडा प्रतियोगिता, जिला कुमार व केसरी दंगल (पुरुष वर्ग) का आयोजन स्थानीय कुश्ती हॉल उमरी में किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब 250 पहलवानों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सिरसा के जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह ने किया, समापन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती पहलवान एवं अर्जुन आवर्डी राजेन्द्र कुमार ने शिरकत की ।सिरसा के जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है।

# देश की उन्नति एवं विकास में विज्ञान की अहम भूमिका: इंदु कौशिक

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के युग में विज्ञान के विभिन्न पहलुओं तथा बारीकियों को समझना अत्यंत आवश्यक**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी(स्काइट) कुरुक्षेत्र में समर स्कूल प्रेरणा 2024 का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने कॉलेज के डायरेक्टर डीडी शर्मा, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक, डीएमएस विजय कुमार, श्री विद्याधन शर्मा, सोसाइटी के अमन कुमार व एसपीएसटीआई के मेंटर्स के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंदु कौशिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के युग में विज्ञान के विभिन्न पहलुओं तथा बारीकियों को समझना अत्यंत आवश्यक है। किसी



भी देश की उन्नति एवं विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अहम् भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से न केवल विद्यार्थियों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि उत्पन्न होती है अपितु उन्हें विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर भी प्राप्त होते हैं। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक तथा डीएमएस विजय भारद्वाज संयुक्त रूप से बताया कि समर स्कूल का आयोजन 03 जून से 24 जून 2024 तक सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया के सहयोग से स्काइट कुरुक्षेत्र में किया गया। 21 दिवसीय समर स्कूल में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान एवं गणित के समीकरणों को खेल-खेल में सीखा। कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ तरसेम कौशिक ने सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया के सभी पदाधिकारियों विशेषकर सोसायटी के

**समर स्कूल**

**सहभागिता की तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान एवं गणित के समीकरणों को खेल-खेल में सीखा**

अध्यक्ष धर्मवीर, महासचिव कीया धर्मवीर, कॉलेज के डायरेक्टर डीडी शर्मा, कोऑर्डिनेटर महिपाल शर्मा तथा विभिन्न संस्थानों से आए हुए विद्यार्थी शिक्षकों चिराग, अंजू, अंजनीनंदन, भावना ललित का धन्यवाद करते हुए कहा कि समर स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों ने खेल खेल में विज्ञान एवं गणित के जटिल से जटिल समीकरणों एवं उप विषयों को सीखा तथा समर स्कूल के उद्देश्यों को आत्मसात किया है।

## पेपर लीक पर प्रधानमंत्री ने कोई भी कारवाई क्यों नही की: अनिका

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने केंद्र की बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के आए और 4 जून को ही नीट के नतीजे आए। जबकि नीट के परिणाम 14 जून को घोषित किये जाने थे 10 दिन पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ इसलिए घोषित किया गया ताकि लोकसभा चुनावों के नतीजें की आड़ में केंद्र की मौजूदा सरकार के किये भ्रष्टाचार को छुपाया जा सके। कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। बीजेपी के राज में कोई भी परीक्षा बगैर पेपर लीक और भ्रष्टाचार के नही हो रही।बार बार परीक्षाओं को रद्द करके सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का काम कर रही है बीजेपी सरकार युवाओं को मानसिक रूप से उत्पीड़न



कर रही है देश का भविष्य बच्चों की परीक्षाओं में ईमानदारी और पारदर्शिता चाहिए ना की भ्रष्ट मंत्री अधिकारी चाहिए।परीक्षार्थियों को सरकार पर बिल्कुल भी भरोसा नही है बल्कि अदालतों पर भरोसा है परीक्षार्थियों की ओर से अब तक 46 याचिकाएं कोर्ट में दाखिल हो चुकी है सरकार दूारा कुछ अधिकारियों पर दिखावे की कार्रवाई करके अपने आप को बचा नही सकती प्रधानमंत्री बतायें इस पेपर लीक के मास्टर माइंड् को कब गिरफ्तार करेगी।

### प्रो. मुकेश कुमार ने संभाला इलेक्ट्रानिक्स साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष का पदभार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इलेक्ट्रानिक्स साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार ने सोमवार को इलेक्ट्रानिक्स साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. अनुरेखा शर्मा, प्रो. विरेन्द्र कुंडु तथा प्रो. मुकेन्द्र काद्यान तथा प्रो. राजपाल ने पुष्पगुच्छ देकर विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार का स्वागत किया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. मुकेश कुमार एकेडमिक कौंसिल तथा फैक्ल्टी ऑफ साईंसिज के सदस्य तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के विभागाध्यक्ष भी होंगे।

## मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (माँ) के 59वां स्मृति दिवस मनाया

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (माँ) के 59वें स्मृति दिवस पर ब्रह्म कुमारी राजयोग केंद्र दयाल बाग, शांति धाम, ब्रह्माकुमार-कुमारियों ने एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आश्रम संचालिका राजयोगिनी बी.के. आशा दीदी जी ने कहा कि मम्मा यज्ञ के आदि रत्नों में सबसे श्रेष्ठ रत्न हैं, जो पवित्रता और निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चेहरे पर मातृवत प्रेम झलकता था और वे सभी के लिए उच्च दृष्टि रखती थीं तथा उन्हें आत्मसम्मान में रहने में मदद करती थीं। यद्यपि वे बहुत छोटी थीं, फिर भी सभी उन्हें हृदय



से मम्मा कहते थे, यहाँ तक कि उनकी अपनी माँ भी। उनकी पवित्र शक्तिशाली दृष्टि कई लोगों के हृदय को पिघला देती थी। उन्होंने कई लोगों को नया जीवन दिया। कई लोगों को उनकी दृष्टि से ही नई स्वर्णिम दुनिया के दिव्य दर्शन हुए। उनकी विवेक शक्ति अद्भुत थी।

राधे की माँ और मौसी अपने पतियों को खो चुकी थीं और घर पर शोक मना रही थीं, तभी उन्होंने गीता सत्संग में जाना शुरू किया, जहाँ दादा लेखराज गीता के श्लोकों का सार समझाया करते थे। अपनी माँ और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर, राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी। जब उसने पहली बार दिव्य ज्ञान सुना तो उसका मन खुशी से झूम उठा। उसकी रुचि फैशन की गुड़िया से प्रेम और शांति की परी बनने में बदल गई, क्योंकि उसने ओम का जाप करना शुरू कर दिया और सभी उसे ओम राधे कहने लगे। ओम राधे - अपने समर्पण, त्याग और अथक सेवा के कारण - मातेश्वरी या माँ के रूप में जानी जाने लगीं। अपने पूरे जीवन में, उन्होंने अपने मधुर और दिव्य गीतों और प्रवचनों के माध्यम से कई लोगों के दिलों को खुशी से नचाया। उन्होंने आध्यात्मिक जीवन द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्थायी आनंद की तुलना में कामुक जीवन की निरर्थकता को समझा। उन्होंने पूरे दिल से गाया और श्रोताओं को आनंद की ऊंचाइयों पर पहुँचाया।

### किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और तय समय सीमा के अंदर होना चाहिए, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।एडीसी डा. वैशाली शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान आई हुई जनता की समस्याओं का समाधान करने उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। एडीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार हर कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सोमवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में करीब 89 शिकायते सुनी गई, जिनमें से करीब 55 शिकायते परिवार पहचान पत्र से संबंधित थी, शेष शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है।

# 25 जून को काले दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़: भारतीय जनता** पार्टी 25 जून को भारतीय लोकतंत्र के काले दिवस के रूप में मनाएगी। इसी दिन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। आपातकाल की बरसी पर भाजपा कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराएंगे। पार्टी आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर ब्लैक डे मनाएगी। इन सभी के लिए किस जिले में कौन नेता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेगा यह भी तय कर दिया गया है। इसके अलावा भाजपा ने 10 जुलाई तक के कार्यक्रम बनाकर कार्यक्रम प्रमुखों की नियुक्ति भी कर दी है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाने के लिए 25 जून को प्रदेश के सभी 22 जिलों में कार्यक्रम होंगे जिनके प्रमुख वक्ताओं को नियुक्त कर दिया गया है। पंचकूला में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, अंबाला में मंत्री असीम गोयल, यमुनानगर में मंत्री कंवरपाल गुर्जर, कुरूक्षेत्र में डा. पवन सैनी, कैथल में धर्मवीर मिजार्पुर, करनाल में मंत्री सुभाष सुधा और उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, पानीपत में मंत्री महीपाल ढांडा, सोनीपत में प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली व प्रदेश सचिव उमेश गर्ग कार्यक्रमों में मुख्य वक्ता होंगे। श्री सैनी ने बताया कि इसी तरह जींद में प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, रोहतक में प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, झज्जर में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, सिरसा में विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, हिसार में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, फतेहाबाद में जगदीश चौपड़ा, भिवानी में सतीश खोला, दादरी में पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, रेवाड़ी में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, महेंद्रगढ़ में अरविंद यादव, गुरुग्राम में पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, नूंह में गोपाल शर्मा, पलवल में संदीप जोशी और फरीदाबाद में होने वाले कार्यक्रम में मनीष यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। अरविंद सैनी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी का पहला मन की बात कार्यक्रम 30 जून को होगा।

**आपातकाल**

**प्रदेश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 2 लाख पौधे लगाने का भी लक्ष्य**

## श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा ने महाराजा फिल्म का किया विरोध, फिल्म पर रोक लगाने की मांग

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : श्री ब्राह्मण मित्र एवं तीर्थोद्धार सभा ने सोमवार को रेणुका सदन में एकत्रित होकर महाराजा फिल्म के रिलीज होने पर विरोध दर्ज करके रोक लगाने की मांग की।अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में सभा के सदस्यों ने मांग की कि महाराजा फिल्म के रिलीज होने पर रोक लगाई जाए। क्योंकि फिल्म में भगवान श्री कृष्ण, संत और महात्माओं के लिए अनुचित एवम घृणित शब्दों का प्रयोग किया



गया है जिससे सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचती है ।उन्होंने कहा कि इस फिल्म में सनातन धर्म के संत, गुरु, आचार्य और महाराजाओ जैसे पवित्र शब्दों को खलनायक के रूप में दशार्या गया है ।उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के आान पर देशभर में ब्राह्मण एवम सनातन संस्थाओं द्वारा आज विरोध प्रदर्शन किए गए हैं।

हाल ही में कुछ धार्मिक संस्थाओं के विरोध स्वरूप इस फिल्म पर गुजरात हाई कोर्ट द्वारा क्षणिक रोक भी लगाई गई है।

### शिक्षकों के स्थानांतरण हेतु शीघ्र चलाया जाए ट्रांसफर ड्राइव

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा की ओर से शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की मांग को लेकर हरियाणा सरकार के मंत्री सुभाष सुधा जी के पीए को एक ज्ञापन सौंपा गया ।जिसमें मांग की गई कि शिक्षकों के सभी वर्गों के लिए शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए ।समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि मंत्री महोदय को अचानक अयोध्या जाना पड़ गया ।अत: उनके पीए को नीलकंठ यात्री निवास में ज्ञापन दिया गया। जिसमें साफ रूप से मांग की गई कि ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए और 27 जून को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में भी इसे रखा जाए।

## आईसीपी शिक्षा ने किया सेमिनार का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन
आईसीपी शिक्षा, जो पिछले 13 वर्षों से सीए और सीएस की कोचिंग के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, ने आज सीए और सीएस के छात्रों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का विषय था अनलॉक योर पोटेंशियल: ए जर्नी टू सक्सेस। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात सीए भूपिंदर दीक्षित जो कि पिछले 14 वर्षों का अनुभव रखते हैं और वर्तमान में पानीपत की सीए ब्रांच के सेक्रेटरी हैं उन्होंने छात्रों के साथ अपनी ज्ञानवर्धक यात्रा साझा की। सीए भूपिंदर दीक्षित ने अपनी सीए की पढ़ाई के दौरान आई कठिनाइयों और उन्हें पार करने के अपने अनुभव



साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी मेहनत और दृढ़ता से सीए की परीक्षा में सफलता हासिल की। उनके संघर्ष और सफलता की कहानी ने सभी छात्रों को अत्यधिक प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होने का संदेश दिया। इस विशेष अवसर पर आईसीपी शिक्षा के संस्थापक निदेशक सीए हिमांशु ग्रोवर, एडवोकेट दीपांशु ग्रोवर, और सीए इंदरजीत सिंह ने सीए भूपिंदर दीक्षित का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की और छात्रों को इस तरह के प्रेरणादायक सेमिनार में भाग लेने का महत्व बताया। कार्यक्रम के अंत में, सीए हिमांशु ग्रोवर ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा, हम सीए भूपिंदर दीक्षित के प्रति अपनी गहरी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने मूल्यवान समय से हमारे छात्रों को प्रेरित किया। उनका अनुभव और मार्गदर्शन हमारे छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीपी शिक्षा का लक्ष्य छात्रों को न केवल शिक्षा प्रदान करना है बल्कि उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना भी है। सेमिनार में भाग लेने वाले छात्रों ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सत्गुरु की सेवा सफल है ,जे को करे चित लावे : तेजिंदर सिंह मक्कड़

**देश विदेश एवं हरियाणा पंजाब दिल्ली एवं इलाके की संगतों ने बड़े उत्साह हर्ष उलास शारदा भाव से नतमस्तक हुई**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : घन धन मीरी - पीरी दे मलिक गुरु हर गोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्वे की खुशी में समर्पित रात्रि महान कीर्तन समागम हरियाना सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट प्रबंधक कमेंटी के विशेष ऊपराला सदका गुरुद्वारा छेवी पातशाही कुरुक्षेत्र में करवाये गये । जिसमें देश विदेश एवं हरियाणा पंजाब दिल्ली एवं इलाके की संगतों ने बड़े उत्साह हर्ष उलास शारदा भाव से नतमस्तक हुई गुरु घर की खुशियाँ प्राप्त की ये जानकारी पत्रकारों को देते हुए श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी के प्रधान सरदार तेजिंदर सिंह मक्कड़ बताया गुरु हरगोविंद पात्शाह के प्रकाश पर्वे पर और जो भी साल भर गुरु साहबान के गुरुपुरब आते है उनमें



रात्रि कीर्तन समागमों में संगत की सेवा में दूध चायें बिस्किट ठंडा दूध शरबत मिष्ठान आदि की सेवा में स्टाल लगाये जाते है ये सेवा सोसाइटी के समूह मेंबर्स सहबानों के सहयोगसे सन्- 1986 निरन्तर निष्काम की जाती है । इस साल भी रात्रि दीवान कीर्तन समागम में ठंडे दूध शरबत मिष्ठान एवं बच्चों के लिए चाकलेट वैफरस टाफि याँ आदि की सेवा की गई ।सोसाइटी सोशल कार्य एवम् धार्मिक कार्यों में भी ऐक्टिव रहती है किसी भी गरीब जुरूरत मंद लोगों की सेवा में भी यथा शकिती सहयोग करती रहती है। सेवा हमारा मेन मोटो है इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट की जूनियर मीत प्रधान बीबी रवींद्र कौर एवम् प्रदेश प्रवक्ता सरदार कवलजीत सिंह अजराना ने अपनी टीम के साथ शिरकत की गुरु चरणों नतमस्तक हो आयी साध संगत एवम् सभी संत महापुरुषों सभा सोसायटियों का सहयोग करने पर धन्यवाद किया और हेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी के साथ सेवा में भी हजारी भारी इस मोके पर दास तेजिंदर सिंह मक्कड़ के साथ सोसाइटी के मेंबर्स सरदार गुरविंदर सिंह कालरा सरदार बलबीर सिंह सरदार अजीत सिंह सरदार गुरदेव सिंह लाली सरदार रिशु सिंह बीबी मनजीत कौर प्रधान इस्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा छैवी पात्शाही बीबी कवलजीत कौर बीबी गुरमीत कौर एवम नौजवान साथियों ने भी हजारी भारी और साध संगत की सेवा में सहयोग दिया ।दास तेजिंदर सिंह मक्कड़ प्रधान हेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी की तरफ से आयी समूह साध संगत , महापुरुष कार सेवा वाले ,गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी , मैनेजर,स्टाफ एवम् हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का तह दिल से धनवादी है ।

**सेवारत**

**किसी भी गरीब जुरूरत मंद लोगों की सेवा में भी यथा शकिती सहयोग करती रहती है। सेवा हमारा मेन मोटो है**

## आमजन की समस्याओं का मौके पर हो रहा समाधान: डीसी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर में आए दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिलास्तर पर उपायुक्त कोर्ट व मंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। इस शिविर में जिलास्तर पर डीसी व उपमंडल स्तर पर एसडीएम लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं।

अम्बाला जिला में कुल 97 शिकायतें आई, जिनमें से 79 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। वहीं 18 शिकायतों को संबंधित विभागों को जल्द से जल्द निवारण के लिए भेज दिया गया है। जिलास्तरीय



शिविर में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। गांव नन्यौला से आए भीमसैन ने बताया कि वह राशन कार्ड से जुड़ी समस्या लेकर समाधान शिविर में पहुंचा था। यहां मौजूद डीसी डॉ. शालीन ने बात को गंभीरता से सुनकर उस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देकर इसका मौके पर ही समाधान करवाया।

भीमसैन ने जिला प्रशासन व माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी का इस पर धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### कार सवार युवकों पर बाइक व 26 हजार की नकदी छीनने का आरोप

**समालखा( कुलदीप सिंह )**
**किवाना रोड पर कार सवार** युवकों ने एक बाइक पर सवार दो युवकों से दिन दहाड़े 26 हजार की नकदी व बाइक छीनने का मामला प्रकाश में आया है। समालखा पुलिस ने इस संदर्भ में आईपीसी की धारा 379 ए के तहत मुकदमा नं 337 दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। समालखा शास्त्री कालोनी में स्टील वैल्डिंग की दुकान चलाने वाले प्रवीन वासी गवालडा ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि वह शनिवार की दोपहर करीब दो बजे अपने कारीगर कुलदीप वासी राजस्थान कालोनी के साथ मोटरसाइकिल पर अपनी दुकान पर जा रहे थे। जैसे ही वे किवाना रोड पर गैस सिलेंडर कंपनी के पास पहुंचे तो पीछे नामुण्डा गांव की और से आ रही एक काले रंग की कार में सवार युवक ने मुझे रूकने का इसारा किया। उसने बताया कि जैसे ही उसने बाइक रोकी तो कार से उतर कर आये युवक ने उससे बातचीत करने के बहाने जेब से जबरन 26 हजार रुपए निकाल लिए और उन्हें धमकाते हुए उनसे मोटरसाइकिल भी छीन कर फरार हो गए। मोटरसाइकिल के पीछे काले रंग वाली कार में दो युवक बैठे थे। पुलिस ने अज्ञात कार सवार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुर की हत्या करने वाला दामाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। यूपी बॉर्डर के पास** दामाद द्वारा अपने ससुर की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सुनील को कुरुक्षेत्र के उसके गांव टिकरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। रविवार देर शाम पुलिस ने आरोपी का सिविल अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवाया। आज उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से हत्या से जुड़े असली कारणों के बारे में पुलिस पूछताछ करेगी। गांव नगला मेघा निवासी मृतक रघुबीर के बेटे श्रवण की पत्नी देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। देवी अपने बच्चों और ससुर के साथ शुगर मिल के सामने किराए के मकान में रहती है। देवी का पति एक ठेकेदार के पास हाइड्रा ड्राइवर का काम करता है और घटना के समय वह अपने काम पर गया हुआ था। देवी के ससुर रघबीर सिंह खेत में काम करने गए हुए थे। देवी की ननद कोमल की शादी करीब 5 साल पहले कुरुक्षेत्र के टिकरी निवासी सुनील से हुई थी, जिससे उसके दो बच्चे हैं। कोमल ने बाद में चौरा गांव के पंकज सैनी से प्रेम विवाह कर लिया था। 22 जून की रात करीब 8-9 बजे सुनील कुल्हाड़ी लेकर देवी के किराए के घर पहुंचा और कोमल पर अपने बच्चों को गायब करने और उसे बर्बाद करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि कोमल के साथ उसकी बबार्दी में रघुबीर भी शामिल है और उसने रघुबीर को जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रंजिश के चलते सुनील ने रघुबीर की हत्या कर दी। इआरवी-411 के इंचार्ज ने मधुबन पुलिस को सूचना दी कि मेरठ करनाल रोड यूपी हरियाणा बोर्ड के पास शेखपुरा गांव में एक साइकिल सवार व्यक्ति की लाश पड़ी है। मृतक के सिर से काफी खून बह रहा था और सिर पर तेजधार हथियार के निशान थे। पुलिस और मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और पूर्व दामाद सुनील पर हत्या का आरोप लगाया। परिवार के आरोपों के बाद से ही पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी, जिसके बाद रविवार देर शाम को आरोपी सुनील को उसके गांव के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया गया। सीआइए वन के इंचार्ज ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुनील को उसके गांव के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया है।

# शिकायतकर्ता रखें प्रशासन पर विश्वास: डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया

## शिकायतकर्ता निश्चिंत होकर जाएं, हर हाल में होगा समस्या का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सैनी के दिशानिर्देश पर हर जिले में लोगों की समस्याओं के निदान को लेकर लगाये जा रहे समाधान शिविर में शिकायतकताओं की समस्या का समाधान हो रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचे। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि वे हर हाल में लोगों की समस्या का समाधान चाहते है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



वे समस्या को बांध कर न बैठे उसका तत्काल समाधान करें। लोन से संबंधित कोई समस्या आती है तो उसका तत्काल लोन स्वीकृत करें। समस्याओं को लेकर सचिवालय पहुंच रहे शिकायतकर्ता किस स्थिति के दौर से गुजर रहे हैं और कितनी उम्मीदों के साथ वे अधिकारियों के पास आकर अपनी व्यथा गाते हैं, इसका हमें ऐहसास होना चाहिए। समाधान शिविर में सोमवार को 212 शिकायतकताओं ने रखी अपनी समस्या, 49 का मौके पर समाधान किया गया। समाधान शिविर में उपायुक्त की व्यक्तिगत रूचि का फायदा सीधे तौर पर शिकायतकर्ताओं को मिल रहा है।

उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देश दिए हुए है कि वे समय पर सभागार में पहुंचे व इन दो घण्टों में यह करके दिखाए कि जनता को लगे कि शासन व प्रशासन सही मायने में उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है। समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंची सीमा ने प्रशासन के सामने नियमानुसार मकान दिलाने की गुहार लगाई। सीमा ने बताया कि वह मूल रूप से सींक गांव की निवासी है व लाल डोरे के तहत जो मकान अलॉट हुए है उसमें उन्हें भी मकान का अधिकार है। उपायुक्त ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर न्याय दिलाने की बात कही। शिविर में लाडली पैंशन को लेकर शंकर पाल जो वार्ड 30 राजनगर के निवासी है ने प्रशासन से गुहार लगाई की उन्हें लाडली पैंशन का लाभ दिया जाए व उनकी बंद लाडली पैंशन फिर से शुरू की जाए। उपायुक्त ने इस संदर्भ में समाज कल्याण अधिकारी को शिकायतकर्ता की शिकायत पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

## भारी बहुमत के साथ हरियाणा में बनेगी कॉंग्रेस सरकार: ओमवीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**अपने** जनसंपर्क अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उझा रोड़ स्थित साँई कॉलोनी में नुक्कड़ सभा मे उपस्थित कॉलोनीवासियों सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने कहा आने वाले हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर भारी बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनायेगी। उन्होंने हरियाणा जनता ने भाजपा को भगाने मन बना चुकी है । कॉंग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने भाजपा पर हमला बोलते हुये कहा की भाजपा की नींव ही झूठ पर टिकी हुई है। भाजपा के बड़े नेता से लेकर छोटे कार्यकर्ताओ तक झूठ फैलाकर जनता को बगलाने का काम करते है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को करारा जबाब देते कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा समर्थन दिया है।

## 9 सूत्रीय एजेंडे को लेकर 28 को होगी जिला परिषद की सामान्य बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 जून को द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी जिला परिषद सदस्य का उपस्थित रहना अनिवार्य है। बैठक में 9 सूत्रीय एजेन्डे पर चर्चा की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में 15 वित्त आयोग की नई ग्रांटो के कार्य स्वीकृत कराने एवं सभी कार्यो की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। राज्य वित्त आयोग के सभी कार्यो की प्रगति के बारे एवं स्वीकृत राशि से अधिक अदायगी की घटनों उपरान्त स्वीकृति लेने एवं पूर्व में स्वीकृत की गई लाईटो एवं एमएसके की जगह उपलब्ध करवाने बारे चर्चा की जाएगी। उपायुक्त ने बताया जनसंवाद पोर्टल के तहत टेबल 3 से संबंधित प्राप्त मांगों की प्रगति पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में ग्राम दर्शन पोर्टल से संबंधित प्राप्त मांगो की प्रगति पर विचार विमर्श होगा। डीआरडीए के अधीन संचालित अन्य योजना (मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि) की प्रगति एवं वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आगामी प्लान में भागीदारी हेतु विचार विमर्श होगा। उपायुक्त ने बताया कि जिला परिषद कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए आधारभूत संरचना बारे भी विचार विमर्श किया जाएगा। कृषि, खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, मार्केटिंग बोर्ड विभाग द्वारा शुरू सुचारू सम्पन्न हुए कार्यो की सूचि तथा वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आगामी प्लान में भागीदारी एवं बजट उपलब्धता और संबंधित विभाग मुख्यालय से मांग बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि स्वीकृत एमएसके, इंडोर जिम, ई-लाइब्रेरी की सदन से घटनों उपरान्त स्वीकृति बारे भी चर्चा होगी। उपायुक्त ने सभी जिला परिषद सदस्य संबंधित विभाग के अधिकारियों व पदेन सदस्यों को बैठक में पहुंचने के लिए अनुरोध किया है।

## डॉक्टर जितेंद्र कुमार को बने अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: यूथ हॉस्टल** एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सोनीपत यूनिट का 3 वर्षीय चुनाव दिनांक 23/06/2024रविवार को संपन्न हुआ संगठन के हरियाणा राज्य की वाई एच ए आई ईकाई के पदाधिकारी वी के अग्रवाल जी बतौर ऑब्जर्वर उपस्थित हुए उनके पर्यवेक्षण में सर्वसम्मति से प्राध्यापक डॉक्टर जितेंद्र कुमार को सोनीपत इकाई का अध्यक्ष चुना गया जब कि जितेंद्र अग्रवाल को प्रधान चुना गया इसके अलावा इकाई में शैलेंद्र राणा व चिरजी लाल को उपाध्यक्ष व इसके अतिरिक्त कृष्ण चंद्र को कोषाध्यक्ष चुना गया तथा विनोद जी धर्मवीर जी रणवीर जी रविंद्र जी संदीप मल्होत्रा व कुलदीप को एग्जीक्यूटिव मेंबर चुना गया चुनाव के दौरान एसडीओ विजय दहिया हिंदू कॉलेज के पूर्व राजनीतिक विभाग के अध्यक्ष डॉ




नरेंद्र कौशिक एडवोकेट राजबीर आतिल पंचायत अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंगला प्रिसियल डो सुरेन्द्र रोहिला प्रिसिपल कृष्ण चन्द पूर्व सरंपच सतीश जी पूर्व सरपंच श्री कृष्ण व आजाद मुकीमपुर समाज सेविका आशा जी सोनीपत ईकाई के पूर्व उपाध्यक्ष सुमित अलक एडवोकेट विनोद शर्मा डा०वेदपाल आर्य तेजबीर मलिक बलविंदर मलिक अनमोल महेन्द् आदि भारी संख्या मे गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेएसोसियशन के चैयरमैन बने डा० जितेन्द्र कुमार ने बताया यह एक अन्ताराष्ट्रीय संस्था है व पूरे विश्व मे रहने की सुविधा प्रदान करती है यूथ के बीच साहसिक गतिविधियों जैसे ट्रेकिंग कैपिंग साईकिल रैली आदि आयोजित करने का काम करती है इसके अलावा युवाओं को राष्ट्र निर्माण व उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जाता है नवगठित टीम ने इस दौरान सकल्प लिया कि वे युवाओ के वर्तमान व भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कारगर कदम उठायेगे चुनाव सम्पन्न होने के बाद पदाधिकारियो ने एक दूसरे को बधाई दी व मिठाई खिलाकर मुह भी मीठा किया।

## समाधान शिविर में 104 शिकायतों पर हुई सुनवाई

### उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा - रोजाना आने वाली शिकायतों पर लिया जा रहा है संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राज्य सरकार के** निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए ह्यसमाधान शिविरह्न के रूप में यह पहल की है। रोजाना की भांति उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ह्यसमाधान शिविरह्न



लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान शिविर में करीब 104 शिकायतों पर सुनवाई हुई व अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करते हुए उन्हें राहत पहुचाएं। शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित 104 शिकायतों का निवारण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है और अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार में लोगों की इन शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। इसलिए सभी नागरिक अपने गांवों या वार्ड में लगे इन कैंपों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान अवश्य करवाएं।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, डीसीपी वेस्ट नरेन्द्र सिंह, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, सीटीएम पूजा कुमारी, डीडीपीओ जितेन्द्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 9 सूत्ररीय एजेन्डे को लेकर 28 जून को होगी जिला परिषद की सामान्य बैठक

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 जून को द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी जिला परिषद सदस्य का उपस्थित रहना अनिवार्य है। बैठक में 9 सूत्ररीय एजेन्डे पर चर्चा की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में 15 वित्त आयोग की नई ग्रांटो के कार्य स्वीकृत कराने एवं सभी कार्यो की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। राज्य वित्त आयोग के सभी कार्यो की प्रगति के बारे एवं स्वीकृत राशि से अधिक अदायगी की घटनों उपरान्त स्वीकृति लेने एवं पूर्व में स्वीकृत की गई लाईटो एवं एमएसके की जगह उपलब्ध करवाने बारे चर्चा की जाएगी। उपायुक्त ने बताया जनसंवाद पोर्टल के तहत टेबल 3 से संबंधित प्राप्त मांगों की प्रगति पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में ग्राम दर्शन पोर्टल से संबंधित प्राप्त मांगो की प्रगति पर विचार विमर्श होगा। डीआरडीए के अधीन संचालित अन्य योजना (मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि) की प्रगति एवं वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आगामी प्लान में भागीदारी हेतु विचार विमर्श होगा। उपायुक्त ने बताया कि जिला परिषद कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए आधारभूत संरचना बारे भी विचार विमर्श किया जाएगा। कृषि, खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, मार्केटिंग बोर्ड विभाग द्वारा शुरू सुचारू सम्पन्न हुए कार्यो की सूचि तथा वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आगामी प्लान में भागीदारी एवं बजट उपलब्धता और संबंधित विभाग मुख्यालय से मांग बारे विचार विमर्श किया जाएगा।

## ऊंचाई से गिरने पर यूपी के युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के घीड़ गांव** में पांच फीट की ऊंचाई से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। ऊपर से गिरने के बाद युवक लोहे के ड्रम पर जा गिरा। हादसा इतना दर्दनाक था कि मजदूर की आंखें फूट गई। उसे गंभीर हालत में करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान यूपी के लखनौती निवासी 25 वर्षीय कासिम के रूप में हुई है। कासिम यूपी के लखनौती गांव से रोजाना करनाल के घीड़ के पास काम करने आता था। मृतक के दोस्त ने बताया है कि कासिम को दौरे पड़ते थे। ऐसा पहले भी हो चुका है। वह बांस के स्टैंड पर खड़ा होकर काम कर रहा था। पैड़ पांच फुट की हाइट पर बंधी हुई थी। वह सीमेंट मसाले के तसले पकड़ रहा था। अचानक उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह नीचे आ गिरा। नीचे ड्रम रखा हुआ था, जिससे उसका सिर जा टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना के बाद पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पानीपत में ऑक्सीजन पार्क किया स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**ग्रीनमैन** प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपनी स्वर्गीय माता रोशनी देवी की 14 वीं पुण्यतिथि पर तहसील कैम्प थाना पानीपत में ऑक्सीजन पार्क स्थापित करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि एस पी पानीपत अजीत सिंह शेखावत के



मार्गदर्शन में और तहसील कैम्प पानीपत के इंस्पेक्टर विजय और सिटी थाना पानीपत के इंस्पेक्टर राजबीर सिंह व गौरव लीखा के सहयोग से माता रोशनी देवी की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर ऑक्सीजन बाग लगाने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज बरगद, पीपल, सेब, जामुन, आम, आड़ू, शहतूत, चीकू,केला, अमरूद, माल्टा, निम्बू, मौसमी, बबुगोस, नाशपाती, सहजन आदि के 28 पौधे रोपित किए गए और 50 से अधिक हर्बल और फलदार पौधे रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमे अपनो के साथ पौधे : अपनो की याद में पौधे जरूर लगाने चाहिए जिससे इंसानियत का भला हो। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से मिलकर " ग्रीन-पानीपत : क्लीन पानीपत " बनाने का रहेगा

## नगर परिषद बनाने की फाइल नगरपालिका में अटकी

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा बचाओ संघर्ष** मोर्चा ने समाधान शिविर के इंचार्ज एवं एसडीएम को मांग पत्र दे कर समालखा नगरपालिका को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव सरकार को भिजवाने व सभी 23 अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने की फाइल तत्काल सरकार को भिजवाने की मांग की है । एसडीएम समालखा की अनुपस्थिति में समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे पानीपत के एसडीएम मंदीप सिंह ने शिविर में मौजूद पालिका सचिव मुकेश कुमार को तत्काल सभी अवैध कालोनियों का केस व नगर परिषद बनाने बारे पालिका प्रस्ताव सरकार को भिजवाने के निदेश दिये ।



संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि शहर की 23 अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने की फाइल पालिका अधिकारी दबा कर बैठे हैं, सरकार को नहीं भेज रहे ,जबकि सरकार ने इन्हें पास करने के लिए मंगवा रखा है । इसी प्रकार सरकार ने चार महीने से नगर परिषद बनाने के लिए नगर पालिका से जरूरी प्रस्ताव,नक्शा,जनसंख्या की सूचना आदि दस्तावेज मांग रखे हैं । लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से केस फाइल भी ऊपर नहीं भेजी जा रही । जबकि दूसरे शहरों मे अवैध कालोनियां अप्रूव हो रही हैं लेकिन समालखा मे पिछले दस वर्षो से एक भी कालोनी पास नहीं हुई,क्योंकि पालिका अधिकारियों ने आज तक इनका केस ही सरकार को भेजा। कपूर ने बताया कि नगरपालिका अधिकारियों ने आज तक शहर की अवैध कालोनियों का सर्वे तक नहीं करवाया है । पालिका अधिकारी तो सिर्फ टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग के डीटीपी द्वारा कुछ अवैध कालोनियों के करवाए गये सर्वे पर ही कार्यालय मे बैठे बैठे खानापूर्ति कर रहे हैं । असलियत में जमीनी स्तर पर इन्हें पता ही नहीं कि यहाँ कुल कितनी अवैध कालोनियां हैं और कहाँ कहाँ पर हैं । इस मुद्दे पर न ही किसी विधायक,सांसद या पालिका चैयरमैन ने कभी कोई सुध ली है । हरियाणा सरकार ने गत 12 फरवरी को डीसी व पालिका सचिव को पत्र भेज कर नगर परिषद बनाने के लिए पालिका हॉउस का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये थे । लेकिन नगरपालिका ने यह जरूरी प्रस्ताव चार महीने बीत जाने पर भी नहीं भेजा,पालिका प्रस्ताव जाते ही यहाँ नगर परिषद बन जाएगी । आरोप लगाया कि नगरपालिका शहर की अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने का केस भी सरकार को नहीं भेज रही । जिसका खामियाजा इन 23अवैध कालोनियों की जनता नारकीय जीवन जी कर बुरी तरह भुगत रही है और भाजपा सरकार को दिन रात कोस रही है।

## नगला मेघा में व्यक्ति ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के नगला** मेघा गांव में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के साले की एक माह पहले ही मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान था। जहरीला पदार्थ खाने के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आज शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। मृतक के साले जसमेर ने बताया कि उसका साला महावीर दिहाड़ी मजदूरी करता था। कल 23 जून को 38 वर्षीय महावीर ने घर पर ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड? लगी तो उसे अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उसका उपचार किया, लेकिन शाम को उसकी हालत और बिगड़ गई और देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के साले जसमेर ने बताया कि मैं झिझंडी गांव का रहने वाला हूं और मेरा भाई कृष्ण कुमार कर्ण मिल्क फूड कंपनी में काम करता था। महावीर की बहन की शादी उसके बड़े भाई कृष्ण कुमार से हुई थी। एक महीने पहले फूड कंपनी में हादसा हुआ था, जिसमें कृष्ण जल गया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। कृष्ण की मौत से महावीर को गहरा सदमा लगा और वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। कंपनी वालों ने आश्वासन दिया था कि वह मुआवजा देंगे, लेकिन बाद में कंपनी ने मुआवजा देने से साफ इनकार कर दिया, जिससे महावीर और भी ज्यादा डिप्रेशन में चला गया। महावीर किसी से बात भी नहीं करता था। किसी को नहीं पता कि महावीर के दिमाग में क्या आया और उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

## संपादकीय

# संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नगण्य

**रूस** यूक्रेन युद्ध के सैकड़ो दिन गुजर जाने के बाद अरबों रुपए के माल की हानि और लाखों लोग बेघर तथा जान गवाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपथ्य में अपने अस्तित्व की तलाश में घूमता नजर आ रहा है। अमेरिका तथा यूरोपीय देश रूस के खिलाफ खुलकर धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र लगातार यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं दूसरी तरफ इन्हीं बाहुबली देशों के इशारे पर यूएनओ रूस पर नाना प्रकार के प्रतिबंध लगा चुका है' ˘20 और ऋ७ की कई बैठकें हो चुकी है और लगातार यूरोपीय देश रूस पर प्रतिबंध पर प्रतिबंध लगाते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ना तो रूस यूक्रेन युद्ध और नाही इजरायल पलेस्टाइन युद्ध में कुछ कारगर भूमिका निभा सका है। इसराइल लगातार हमास और फिलिस्तीन पर आक्रमण कर हजारों लोगों को मौत के घाट उतार चुका है पर संयुक्त राष्ट्र संघ का मौन उसके अस्तित्व पर संदेह पैदा करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ अब अस्तित्वहीन हो चुका है। अभी भी अमेरिका सहित नेटो देश यू,एन,ओ,को अपने स्वार्थ के हिसाब से संचालित करते आ रहे हैं। रूस युक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने यू,एन,ओ, रूस के सामने गिड़गिड़ा कर अपील करता रहा, पर रूस के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा हमले और तेज कर दिए।यू,एन,ओ, की हामियत प्रायः न्यून होती जा रही है। वैश्विक शांति सद्भावना और सौहार्द्र के लिए वैश्विक देशों ने एक मत हो कर परमाणु अप्रसार संधि पर 1970 में लगभग विश्व के सारे देशों ने अपनी मुहर लगाई थी' विश्व के 191 देशों ने अपनी सहमति जताकर परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए थे' यह इस परमाणु संधि का मूल आदर्श यही था कि मानव जाति के लिए हर संभव परमाणु हथियारों और इस खतरनाक तकनीक के प्रचार प्रसार को रोकना था' जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं थे वह भी इस संधि में शामिल हो गए थे पर परमाणु हथियार संपन्न देश भी इस बात से सहमत हैं कि परमाणु हथियार बनाने एवं इसके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगे' द्वितीय युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर अणु, परमाणु बमों का भयानक परिणाम जापान में पूरी दुनिया के लोग देख चुके थे ,अनुभव कर चुके थे ।जापान इसके दुष्परिणाम अभी तक झेल रहा है' परमाणु हथियारों का उपयोग मानव जाति के खिलाफ ना किया जाए इसके लिए परमाणु अप्रसार संधि की कवायत यूनाइटेड नेशंस ऑगेर्नाइजेशन की गई थी' अब जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से भेंट कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की मध्यस्थता करने रूस के दौरे पर जाएंगे, पर संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना के देश में कितना सफल होगा यह तो वक्त ही बताएगा । 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद अनेक देश परमाणु हथियार संपन्न बन चुके हैं ।परमाणु तथा हाइड्रोजन बमों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है' उल्लेखनीय है कि इन संधियों को युद्ध से बचने और शांति स्थापित करने के प्रयास के लिए वैश्विक स्तर पर निर्मित किया गया था ।अब रूस तथा यूक्रेन युद्ध में उसकी कहीं भी कोई भूमिका दिखाई नहीं देती ,सभी संस्थाएं निष्क्रिय प्रतीत होती हैं' कमजोर और छोटे देश यूक्रेन पर पिछले 1 वर्ष से ज्यादा समय से रूस लगातार आक्रमण कर उसके शहरों को तबाह कर रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित विश्व के सारे देश हाथ में हाथ धरे बैठे इस भीषण युद्ध को सिर्फ देख रहे हैं। इसे रोकने की किसी ने पहल तक नहीं की है।

# बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर





राजेश माहेश्वरी

"बच्चों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, बच्चों को समय देना सीखें, बच्चों के सामने बड़ो का व्यवहार आदर्शात्मक होना चाहिए, बच्चे अपनी दिनचर्या कैसे बिताते है, किससे मिलते हैं, उनकी मित्रमंडली कैसी है, बच्चे बाहर खर्चा कहां करते है, यह सब अभिभावकों को पता होना चाहिए। आधुनिकता विचारों में होनी चाहिए, दिखावे में नहीं, इसलिए बच्चों को दुनियादारी, व्यवहार ज्ञान, अच्छे-बुरे की समझ अभिभावकों द्वारा मिलनी ही चाहिए। आज के समय में संस्कार, सत्य, नीतिमत्ता तेजी से विलुप्त हो रहे है, जो बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी ये बेहद आवश्यक है। नशा छोड़े, जागरूक रहें, बच्चों को देश का उज्वल भविष्य बनने के लिए उन्हें बेहतर और पोषक वातावरण दें"

**आज** के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करुणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नजर नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाखोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी गलती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थों के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है। बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों को मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है।

हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम सबूत स्पष्ट हैंः रोकथाम में निवेश करेंह्व यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है। एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है। एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है।

घरेलू अल्कोहल पेय उद्योग में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड 2023 की वार्षिक रिपोर्ट अनुसार, दुनिया के 39% अफीम उपयोगकर्ता दक्षिण एशिया में रहते हैं। वैश्विक स्तर पर हेरोइन बाजार 430-450 टन के वार्षिक प्रवाह को दशार्ते हैं। भारतीय सेना द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जम्मू कश्मीर में लगभग 40% युवा किसी न किसी रूप में नशे की लत से पीड़ित हैं, जो 2008 में 5% से कम था। भारत में पिछले एक दशक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और शराब की लत के कारण आत्महत्या करने वालों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। विश्व ड्रग रिपोर्ट 2023 अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2021 में 296 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीली दवाओं का उपयोग किया, जो पिछले दशक की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 39.5 मिलियन हो गई है, जो 10 वर्षों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है। अफ्रीका में, उपचाराधीन 70 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। विश्व स्तर के साथ भारत देश में नशे का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है, नशा इंसान को जिन्दा लाश बना कर रख देता है और बुराइयों, अपराध, नकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। नशे के कारण आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक क्षति होती है। आज के अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, अपने बच्चे अपनी जिम्मेदारी है, अभिभावकों का व्यस्तता का बहाना बच्चों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। बच्चों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, बच्चों को समय देना सीखें, बच्चों के सामने बड़ो का व्यवहार आदर्शात्मक होना चाहिए,

बच्चे अपनी दिनचर्या कैसे बिताते है, किससे मिलते हैं, उनकी मित्रमंडली कैसी है, बच्चे बाहर खर्चा कहां करते है, यह सब अभिभावकों को पता होना चाहिए। आधुनिकता विचारों में होनी चाहिए, दिखावे में नहीं, इसलिए बच्चों को दुनियादारी, व्यवहार ज्ञान, अच्छे-बुरे की समझ अभिभावकों द्वारा मिलनी ही चाहिए। आज के समय में संस्कार, सत्य, नीतिमत्ता तेजी से विलुप्त हो रहे है, जो बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी ये बेहद आवश्यक है। नशा छोड़े, जागरूक रहें, बच्चों को देश का उज्वल भविष्य बनने के लिए उन्हें बेहतर और पोषक वातावरण दें। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर संगठन, सरकार, स्वयंसेवी संस्थान नशामुक्ति और मादक पदार्थों के तस्करी के विरुद्ध कार्य करते है। भारत सरकार के "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत राष्ट्रीय टोल फ्री नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 पर संपर्क कर सकते है।

## कविता

अंधविश्वास को दी खूब डंके की चोट,

लोगों से निकाला जातिवाद का खोट।

समाज में बही कुछ समानता की समीर ,

सदा नाम रहेगा दुनिया में तेरा कवि कबीर।

सबद,साखीऔर साथ में तर्कपूर्ण रमैणी,

इनमें की बयां उस समय की कहानी।

'काशी में जो मरता,जरूर स्वर्ग जाता,

मगहर में जो मरता वो नरक में जाता ' -

भारत में अकेले इस धारणा को तोड़ने वाले,

काशी छोड़ मगहर में ही जाकर मरने वाले ।

घट-घट में ही बसा हुआ है वो राम ,

फिर पत्थरों में ढूंढने का क्या है काम ?

जो अपने भीतर उतरा पूरे मनोयोग से,

मिल ही लिया वह 'उससे'युक्ति योग से।

ऐसे सज्जन कवि को हमारा हार्दिक सलाम,

जितना लिखे कम है उनके लिए कलाम।

डा. जय किशन

## विद्यार्थी जीवन में समाज सेवा का महत्व

विजय गर्ग

**समाज** सेवा या सामाजिक कार्य व्यक्तियों द्वारा समाज के हित के लिए किया जाने वाला कार्य है। इसका उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन या समाज में विकास को बढ़ावा देना होना चाहिए। इसमें सामाजिक न्याय, मानवाधिकार और देश की विविध सामाजिक संस्कृति के संबंध में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी पर आधारित सिद्धांत शामिल हैं। ऐसे कई सिद्धांत हैं जो लोगों को सफल सामाजिक कार्य करने में मदद करते हैं। प्रमुख रूप से प्रयुक्त सिद्धांत हैंः सिस्टम सिद्धांतः यह सिद्धांत एक जटिल प्रणाली में मनुष्य के व्यवहार का वर्णन करता है। इसका उद्देश्य इस तथ्य पर है कि एक जटिल प्रणाली तभी सफल होती है जब वह मनुष्य की जरूरतों, पुरस्कारों और उनकी अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखती है। इसका मतलब यह भी है कि सभी व्यक्ति व्यवस्था में हस्तक्षेप कर सकते हैं। यह इस तथ्य के समान है कि जब भी किसी व्यक्ति में कोई समस्या होती है, तो परिवार हस्तक्षेप कर सकता है और इसके विपरीत भी। सामाजिक शिक्षण सिद्धांतः यह सिद्धांत अल्बर्ट बंडुरा द्वारा प्रस्तुत विचार पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि सीखना अवलोकन और अनुकरण के माध्यम से होता है। इसके अनुसार किसी भी नए विचार को सिर्फ सुनने और उस पर अमल करने के अलावा उस पर अमल भी करना चाहिए। मनोसामाजिक विकास सिद्धांतः इस सिद्धांत को एरिक एरिक्सन ने प्रतिपादित किया था। यह पहचान और मनोसामाजिक विकास का आठ चरणों वाला सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आठ चरणों से गुजरना चाहिए। इन चरणों को जीवन में विभिन्न आयु समूहों द्वारा पहचाना जाता है। इसमें प्रेम, इच्छा, बुद्धि, देखभाल, आशा, उद्देश्य, निष्ठा और क्षमता शामिल है। मनोगतिकी सिद्धांतः इस सिद्धांत का विकास फ्रायड ने किया था। यह बताता है कि कैसे चेतन और अचेतन शक्तियां किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को नियंत्रित करती हैं। ट्रांसपर्सनल सिद्धांतः यह सिद्धांत मनुष्य में स्वस्थ अहंकार के विकास पर जोर देता है। इसके अभाव से मनोविकृति उत्पन्न हो सकती है। तर्कसंगत विकल्प सिद्धांतः यह सिद्धांत इस तथ्य पर आधारित है कि प्रत्येक व्यक्ति किसी कार्य को करने से पहले उसमें होने वाले लाभ और जोखिम की गणना करता है। विद्यार्थी जीवन में सामाजिक सेवाओं का महत्व छात्र हमारे देश का भविष्य हैं। यह छात्र ही हैं जो निकट भविष्य में हमारे देश का विकास करेंगे। यह कहना गलत नहीं है कि हमारा देश आज पढ़ने वाले छात्रों के हाथ में है। जब वे बड़े होकर प्रोफेशनल बनेंगे तो देश की भलाई के लिए काम करेंगे। इसलिए, इन छात्रों को पता होना चाहिए कि सामाजिक रूप से कैसे बातचीत करनी है, अन्य लोगों की समस्याओं को कैसे समझना है और समाज की सामाजिक बेहतरी के लिए कैसे काम करना है। विद्यार्थियों द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों से न केवल समाज लाभान्वित होता है, बल्कि विद्यार्थी भी सामाजिक कार्यों से लाभान्वित होते हैं। एक विद्यार्थी के जीवन में सामाजिक सेवाओं का महत्व है।

## विचार

# परीक्षा के प्रश्नपत्रों का लीक

**नीट** परीक्षा के प्रश्नपत्रों का लीक होना इस देश के लिए शायद कोई बड़ी समस्या नहीं है। इस मसले पर सियासत करने वाले ढीट हैं और सरकार असहाय। हालांकि मामला देश की सबसे बड़ी अदालत के साथ ही तमाम जांच एजेंसियों के पाले में है ,फिर भी इस मसले पर देश के प्रधानमंत्री मौन हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कश्मीर में योगासन लगा रहे हैं ,सेल्फियां ले रहे है। वे नीट भ्रष्टाचार के गढ़ बिहार में नालंदा विश्व विद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन भी कर आये ,लेकिन नीट पर वे कुछ नहीं बोल रहे। वे मणिपुर के मामले में भी कहाँ बोले थे ? उन्हें तो हौआ खड़ा करना आता है । मंगलसूत्र लूटने का हौवा, भैंस खोले जाने का हौवा, मुसलमानों का हौवा। गनीमत है की उनकी सरकार के मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जरूर बोल रहे हैं ,लेकिन वे क्या बोलते हैं ,किसी की समझ में नहीं आता। नीट परीक्षा के प्रश्न-पत्रों के लीक होने के मामले में किसी के पास नया कुछ नहीं है कहने के लिए। मेरे पास भी नहीं ,लेकिन एक नयी बात ये है की देश में जितनी भी परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र लीक होते हैं वे अक्सर उन राज्यों में हो रहे हैं जहाँ डबल इंजन की सरकारें हैं। बिहार के दुस्साहस को देश वैसे ही परनाम करता हूँ । यहां चारा घोटाले से लेकर नीट घोटाला तक करने वाले लोग रहते है। लेकिन इससे पहले बाबा आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश भी पेपर लीक के मामले में विशेष कौशल हासिल कर चुका है। हमारा मध्यप्रदेश तो इस मामले में सबसे आगे है। यहां डाक्टर से लेकर पटवारी परीक्षा तक के पेपर लीक होते हैं और परीक्षाओं तक में घोटाले हो जाते हैं ,लेकिन कोई ईडी या सीबीआई यहां जांच करने नहीं आती।दुर्भाग्य ये कि इस मामले में कोई भागवत सरकार को बोलने के लिए नहीं कहता। कोई इंद्रेश कुमार घोटालों कि पालनहार सरकारों को उपदेश नहीं देता । नीट परीक्षा के प्रश्न -पत्र हों या किसी अन्य परीक्षा के उन्हें लीक करने का एक सुगठित व्यवसाय देश के अनेक राज्यों में चल रहा है । किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सुचिता की कोई गारंटी इस देश में कोई नहीं दे सकता । आम चुनाव के वक्त भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने तरह-तरह की गारंटियां जनता के सामने रखीं थीं ,किन्तु किसी ने भी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र लीक होने की गारंटी नहीं दी। कोई दे भी नहीं सकता । क्योंकि इस मामले में अधिकाँश राजनीतिक दल और उनके नेता,कार्यकर्ता और नौकरशाही शामिल है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के प्रमुख तेजस्वी यादव के निज सचिव तक का इस घोटाले में शामिल होना इस बात का संकेत देता है कि इस मामले में कोई भी दूध का धुला नहीं है।

दरअसल देश की राजनीति के गर्भ से ही ये भ्ष्टाचार जन्म लेता है और फिर पूरे समाज में फैल जाता है। केंद्र सरकार हो राज्य सरकारें इस तरह के अनैतिक कारोबार को रोकने के लिए रोज नए कानून बनाती है लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं मिलता। हम यानि हमारा समाज,हमारी राजनीति,हमारी कार्यपालिका,हमारी विधायिका ,हमारी न्यायपालिका में सुचिता सिरे से नदारद है । ठीक वैसे ही जैसे की गधे के सिर से सींग गायब हो गए हैं। आप इस देश की संसद में या विधान सभाओं में लाख कानून बना लीजिये लेकिन जब तक समाज की रगों में बहते भ्ष्टाचार के काले खून को डायलिसिस कर बाहर नहीं निकालते ,कुछ होने वाला नहीं है। पिछले दो दशक में देश के हर हिस्से में केवल शिक्षा के क्षेत्र में इतने घोटाले हुए हैं कि उनकी गिनती तक करना कठिन है। हम एक बार प्राण-वायु [आक्सीजन ] के बिना जीवित रह सकते हैं लेकिन घोटालों के बिना नहीं।

शिक्षा जगत में होने वाले इन घोटालों की मार देश की उस युवा पीढ़ी को झेलना पड़ रही है जिसे हम और आप देश का भविष्य कहते हैं।इस घोटाले को खाद -पानी वे माध्यम वर्गीय लोग देते हैं जो भ्ष्टाचार के जरिये होने वाली कमाई से लाखों रुपए देकर प्रश्न-पत्र लीक करने की कोशिश में लगे रहते हैं। चूंकि सब एक ही थैली के चट्टे -बट्टे हैं इसलिए कोई ,किसी को दोषी नहीं मानता दुर्भाग्य की बात ये है कि इस तरह के घोटालों के तार उस गुजरात से जुड़े निकलते हैं जो महात्मा गाँधी का गुजरात है,जो सरदार पटेल का गुजरात है ,जो प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का गुजरात है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# यू टर्न ही यू टर्न!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमें लाख समझाया कि खाने से पहले और खाने के बाद साबून से हाथ धो लिया करो। और हम थे कि इन बातों को हवा करने में अपनी शान समझते थे। हम उसे विज्ञापन कम टाइमपास ज्यादा मानते थे। रिमोट हाथ में होता तो फट से चैनल का टेंटुआ दबा देते और कहते - यह फालतू की बक-बक सुनने की फुरसत किसे है? क्या हमें नहीं पता की हाथ की सफाई क्या होती है? इस देश में लोग कुछ सीखे न सीखे हाथ की सफाई जरूर सीखते हैं। इससे स्वच्छता और संपन्नता दोनों बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सरकारी विज्ञापन हाथ की सफाई के बारे में संविधान जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा तो सरल है, लेकिन बुद्धि का घड़ा औंधे रखा हो तो कोई बात दिमाग में कैसे घुसे? सो हमने भी इसे समझने की जहमत नहीं की। हमारे हाथ की सफाई के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपया फूंक दिया। फिर उन्हीं लाखों-करोड़ों की उगाही के लिए कभी हमसे धूम्र शलाका फुंकवा दिया। तो कभी मुँह में खजांची बना दाने-दाने में केसर ढूँढ़वाने लगा दिया। हिसाब बराबर। तुम अपने घर खुश और हम अपने घर। कहते हैं सबका दिन आता है। सो हाथ की सफाई वाला दिन भी आया। आया तो आया ऐसा आया कि हाथ की सफाई से लेकर मुँह, नाक, आँख या यूँ कहें कि पूरे बदन को साबून से धोने की नौबत आ पड़ी। ऊपर से मुँह और नाक पर चिथड़े का टुकड़ा अलग से। कुछ दिनों तक यह टिटिम्मा भी खूब चला। सबका अंत आता है। मास्क का भी आया। जब कोई वस्तु अति होने लगती है, त उसका पतन भी अति करने वाला ही करता है। कुछ लोग जिंदगी को तपाकर कुंदन बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं तो कुछ महाशय खुद लोगों के क्रंदन से पॉपुलर हो गए। माना कि हाथ की सफाई वाले विज्ञापन का हमने ठीक से पालन नहीं किया। इसका मतलब यह तो नहीं कि हाथ की सफाई के साथ-साथ मुँह, नाक और बदन की सफाई कहीं भारी न पड़ जाए। बैंक भी ब्याज लेता है, लेकिन एक निश्चित दर से। लेकिन यह हाथ की सफाई का ब्याज तो हमारे पल्ले पड़ता ही नहीं। यह ब्याज के एवज में हमसे बदला ले रहा है। हमारे पढ़े-लिखे मूर्ख होने का हर कोई लाभ उठा रहा है।

## इमरजेंसी : लोकतंत्र पर काला धब्बा

बाल मुकुन्द ओझा

**इमरजेंसी** भारत के इतिहास का वह काला अध्याय है जिसमें मेरे जैसे हजारों युवा ज्यादती के शिकार हुए। 25 जून को हम लोग जेपी आंदोलन के विस्तार की योजना बना रहे थे किअचानक इमरजेंसी की घोषणा सुनकर स्तब्ध रह गए। कुछ साथी गिरफ्तार हुए और कुछ मेरे जैसे पहले भूमिगत हुए और फिर गिरफ्तार। 25 जून 2024 को आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर बीते कुछ सालों की तरह मीडिया पर आज भी इसकी खूब चर्चा है। देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि का आपातकाल था। इस दौरान जोर जुल्म, भ्रष्टाचार, तानाशाही और ज्यादतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं से लेकर सामाजिक, राजनीतिक कार्यकताओं को जेल में डाल दिया गया था। प्रेस की आजादी को कुचल दिया गया। हमेशा की तरह भाजपा समर्थकों और अन्य लोगों ने कांग्रेस को जमकर निशाना बनाया है। भाजपा का आरोप है की कांग्रेस लोकतंत्र को समाप्त करने पर उतारू है और उसने आपातकाल से कोई सबक नहीं सीखा वहीं कांग्रेस कह रही है मोदी ने देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25-26 जून, 1975 को देश में आंतरिक आपातकाल घोषित किया था। यह 19 महीने तक लागू रहा। इस दौर को भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति में काले दिनों के रूप में याद किया जाता है। इंदिरा गांधी का दावा था कि जयप्रकाश नारायण ने सशस्त्र बलों से कहा था कि कांग्रेस शासकों के अवैध आदेशों को नहीं मानें। इसने देश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न कर दी और भारतीय गणतंत्र का अस्तित्व खतरे में पड़ गया था। इसलिए संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल घोषित करने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं रह गया था। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचल दिया गया था और तमाम विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। बर्बरता और बेरहमी के साथ राजनीतिक विरोधियों पर जुल्म की पराकाष्ठा हुई। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बदनुमा धब्बा और देश के प्रजातंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन है।

## न्यूज फ्लैश

### मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को पानी पिलाया



**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र के फेस दो में चौं ट्रांसपोर्ट के सामने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें ट्रांसपोर्ट के कर्मचारियों ने प्रवीन मलिक के नेतृत्व में ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडे व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया। छबील को सुबह से प्रारंभ कर सायं तक लगाया गया। प्रवीन मलिक ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। एक दशक पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं चौपालों व बैठकों में मिट्टी के नए घड़ों में पानी भरकर रखती थी, ताकि उन्हें गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने का कई गुणा फल प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि हमें समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते रहने चाहिए। इस तरह के कार्य से पुण्य का फल भी मिलता है।

### बड़ी उद्योगिक क्षेत्र सिथत एक फैक्ट्री में शराब के नशे में रॉड मार की साथी की हत्या

**गन्नौर। बड़ी उद्योगिक क्षेत्र** की एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक ने शराब के नशे में अपने साथी की रॉड मार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। 48 वर्षीय मृतक काशी राम बस्ती यूपी का रहने वाला था। फेक्ट्री में रह रहे श्रमिको ने मामले की सूचना बड़ी थाना पुलिस दी। सूचना मिलने के बाद बाद बड़ी थानां प्रभारी युद्धवीर सिंह मौके पर पहुँचे ओर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गए। जानकारी देते हुए बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि काशी राम बस्ती यूपी का रहने वाला है। काशी राम पिछले 14 वर्षों से बड़ी उद्योगिक क्षेत्र के प्लाट नम्बर 655 में काम करता है। उसके साथ फैजाबाद यूपी का रहने वाला बाल कृष्ण भी काम करता है। वह दोनो फेक्ट्री में बने कमरे में रहते थे। रविवार की दोपहर को दोनो कमरे में बैठ कर शराब पी रहे थे। इस दौरान दोनो में कहा सुनी हुई और झगडॉ हो गया। काशी राम ने चाकू निकाल कर बाल कृष्ण को मारा। चाकू बाल कृष्ण के हाथ पर लगा। जिस वजह से वह घायल हो गया। इसके बाद काशी राम उठ कर भागने लगा। काशी राम ने उसका पीछा किए और लोहे की रॉड उसके सिर पर दे मारी। बाल कृष्ण ने लगातार रॉड से कई हमले किये। घायल को उसके साथियों ने गन्नौर उपमंडल हॉस्पिटल के दाखिल कराया, जहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस का उत्सवः फ्लिपकार्ट के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहे भारत के उद्यमियों की प्रेरक यात्रा

**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर फ्लिपकार्ट अपने एमएसएमई समर्थ उद्यमियों की प्रेरक यात्रा को सभी के समक्ष प्रस्तुत कर रही है। एमएसएमई उद्यमियों की ये कहानियां इस बात का उदाहरण हैं कि किस तरह से ऑनलाइन मार्केटप्लेस और इनोवेशन में कारोबारी सफलता को गति देने की परिवर्तनकारी क्षमता है। 2019 में लॉन्च किए गए फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम ने बाजार तक पहुंच एवं डिजिटल टूल्स प्रदान करते हुए 18 लाख से ज्यादा आजीविकाओं को अपना समर्थन दिया है, एमएसएमई को सशक्त किया है और उन्हें ई-कॉमर्स इकोसिस्टम से जुड़ने में सहायता की है। इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर हम सुखेन दास की एंटीक ज्वेलरी क्राफ्टमैनशिप, स्वप्निल काबरा के पारंपरिक वुड फर्नीचर कारोबार, आयुष कुमावत के इनोवेटिव हैंडीक्राफ्ट और प्रियदर्शिनी पांडा के साड़ी वेंचर की विविधता से परिपूर्ण उद्यमिता के सफर की कहानी को सभी के समक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं। जोधपुर, राजस्थान में द एटिक हस्तनिर्मित फर्नीचर के मामले में गुणवत्ता एवं परंपरा का उदाहरण है। 35 वर्षीय उद्यमी स्वप्निल काबरा के पिता फर्नीचर के लिए कच्चा मैटेरियल सप्लाई करते थे और वहीं से स्वप्निल की महत्वाकांक्षा को पंख लगे थे।

# हमेशा सदकर्म करिए और फल भगवान पर छोडें.: स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। गीता मनीषी** स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा है कि यह शरीर पूरी तरह से नश्वर है तथा मौत की कोई दवा नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक इंसान को जीने का मौका मिलता है, तब तक उसे प्रभु भक्ति लीन ही रहना चाहिए। क्योंकि मुक्ति का केवल एक ही मार्ग है और वह प्रभु सिमरण। वह आज पत्रकार फतेह चंद चावला के अचानक निधन पर उनके निवास पर परिवार को ढांढस बंधाने आए थे तथा उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों को भक्ति का मार्ग दिखाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत गीता इंसान के जीने का सार है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से ही प्रत्येक मनुष्य का जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि इंसान को अहंकार में कभी आना नहीं चाहिए। अहंकार बुद्धि को हर लेता है और बुद्धि को हरने के बाद इंसान का विवेक खत्म हो जाता है। यही विलुप्त होने का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि अपने जीते जी इंसान को सद्गुरुओं की शरण में ही रहना चाहिए। सद्गुरु की शरण में रहने पर जीवन के प्रकाश का हमेशा उदयमान होता है, क्योंकि गुरु अपने शिष्य को कभी भी भटकने नहीं देते। यदि वह भटक भी जाए तो गुरु शिष्य को प्रभु की राह पर ले आता है। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि जीवन में इंसान को कभी नहीं भूलना चाहिए कि मृत्यु ही अटल सत्य है। उन्होंने एक वैद्य का जिक्र करते हुए कहा कि एक वैद के हाथ में बड़ी सफा था और उसकी दवाई की एक ही पूडिया से लोगों को आराम मिलता था, लेकिन एक दिन वैद्य का बेटा ही बीमार पड़ गया। लाख चाहने पर भी वैद्य अपने बच्चे को बचा नहीं पाया। बेटे की मौत के बाद वैद्य के मन में अचानक कटुता आ गई और उसने कहा कि अब वह लोगों को दवाई की पूडिया नहीं देगा। लेकिन अचानक यमराज ने वहां पहुंचकर संकेत दिया कि हे वैद्य राज हमने आपकी पूडिया आपके बेटे के हलक से नीचे ही उतरने नहीं दी। क्योंकि यदि वह पूडिया हलक के नीचे चली जाती तो अपका बेटा भी बच जाता। लेकिन आपके बेटे का अंतिम समय नजदीक था। इसलिए वह बच नहीं पाया। यमराज ने वैद को समझाया कि मौत की कोई दवा नहीं होती और ना ही आज तक मौत से कोई बच पाया है। तब कहीं जाकर वैद के मन में रोशनी उजागर हुई और उसने लोगों को फिर से दवाई की पूडिया देनी आरंभ कर दी। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि आप भगवान से फल की इच्छा कभी मत करें।

## गैस हादसे में मृतकों के आवास पहुंच कर पूर्व मंत्री ने जताया शोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । क्षेत्र के गांव** खुडाना बास की ढाणी खड़गवान में गैस हादसे में मृतक परिवार के आवास पर पहुंच कर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने शोक जताया। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि एक ही परिवार के चार सदस्यों का एक साथ हम सबके बीच से चले जाना बहुत बड़ा हादसा है जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भगवान की मर्जी के सामने मनुष्य असहाय है। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खुडाना बास की ढाणी खड़गवान में 19 जून प्रातः गैस लीक होने पर घर में लगी आग से एक ही परिवार के चार लोग माता-पिता और दो बच्चे झुलस गए थे। उन्हें उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया गया था जहां सभी ने एक के बाद एक दम तोड़ दिया। मृतक बिजेंद्र राजस्थान में प्राइवेट शिक्षक था, उसकी पत्नी मंजू आंगनवाड़ी वर्कर थी तथा उसके दो बच्चे रोहित हुए चंचल शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

### अगवानपुर गांव में पति-पत्नी के झगड़े में ढाई वर्षीय बच्चा घायल

**गन्नौर। अगवानपुर गांव** में पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े में पति ने ढाई वर्षीय अपने ही बच्चे को लाठी मारकर घायल कर दिया। परिजनो ने घायल बच्चे को खनापुर मेडिकल में दाखिल कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है । घायल बच्चे की दादी ने मामले की शिकायत गन्नौर थानां पुलिस को दी है। शिकायत में अगवानपुर निवासी रिहाना ने बताया कि 22 जून को उसका भतीजा सुनील अपनी पत्नी फरीदा के साथ मारपीट कर रहा था। इस दौरान फरीदा बचने के लिए उनके घर आ गई। सुनील भी उसके पीछे आ गया और आते ही लाठी उठा कर उसे पीटने लगा।

# 4 हजार 80 गरीब लोगों को दिए जाएंगे आवासीय प्लाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मुख्यमंत्री शहरी** आवास योजना के तहत गरीब एवं घुमंतु जाति के लोगों को आवासीय प्लाट दिए जायेंगे। सोमवार को स्थानीय मंगल सेन ऑडिटोरियम में प्रथम चरण में 521गरीब लोगों को जिला प्रशासन द्वारा अलॉट प्लाटों के आवंटन नम्बर दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा गठित कमेटी की अध्यक्षता करते हुए निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने ड्रॉ के माध्यम से पात्र लोगों को अलॉट प्लाटों के नम्बर अलॉट किए। इस अवसर पर अभिषेक मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरीय आवास योजना के तहत आवासीय प्लाट देने हेतु गरीब लोगों से पोर्टल पर 23 सिंतबर से 19 अक्तूबर 2023 तक आवेदन मांगे गए थे। उक्त समय अवधि के दौरान जिला में आवेदन करने वाले सभी 4 हजार 80 लोगों को यह आवासीय प्लाट दिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में आवंटित होने वाले सभी 521 प्लाट घुमंतु जाति एवं गरीब विधवा महिलाओं को सौंपे गए हैं, जिनमें 157 प्लाट घुमंतु जाति व 364 गरीब विधवा महिलाओं को ड्रॉ के माध्यम से प्लाट नम्बर दिए गए हैं। इसी कड़ी में बाकि सभी पात्र लोगों को भी जल्द ही प्लाटों का आवंटन नम्बर सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सभी आवासीय प्लाट गरीब लोगों को करनाल के सेक्टर 32 ए व 9 में दिए गए हैं। इन प्लाटों का साईज 30 गज का होगा तथा ये आवासीय प्लाट हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा आवास बोर्ड के माध्यम से दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, जिला नगर योजनाकार प्रवीण चौहान सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एसडीएम संजीव** कुमार ने आज समाधान शिविर में 25 लोगों की शिकायतसुनी इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज कर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए ।सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उप मंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी ।इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने, राशन कार्ड बनवाने, राशन वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई भी होगी। इस मौके पर एसईपीओ मोहनलाल , एसईपीओ प्रवीण कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप, जिला कल्याण विभाग से ममता, पशुपालन विभाग से कुलदीप शर्मा, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव, क्रीड विभाग से अनिता सैनी व रवि तंवर के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थें।

# हरियाणा में बदलाव लाना ही आम आदमी पार्टी का संघर्ष : ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**




**राईः आम आदमी पार्टी** के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने राई हल्का के दिपालपुर में प्रचार बस का आप शिक्षा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल के सहयोग से शुभारंभ किया।

उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले हर बूथ पर आम आदमी पार्टी की मजबूत टीम होनी चाहिए। जब टीम मजबूत होगी तो बूथ पर वोट अपने आप मिलेगा। हर गांव में जाकर लोगों को बताना है कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाओ 24 घंटे और मुफ्त बिजली-पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का दो तीन साल से लंबा संघर्ष चला आ रहा है। उस संघर्ष में शिक्षा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल भी हमारे साथी बने। काफिला बड़ा हुआ और लगातार लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं।

आम आदमी पार्टी का संघर्ष है कि हरियाणा बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग लंबे समय से तीसरा विकल्प ढूंढ रहे हैं। हरियाणा के लोगों ने जब सत्ता परिवर्तन किया तो दो पार्टियों के बीच करते रहे। कभी कुलदीप बिश्नोई ने अपनी पार्टी बनाई तो उनको 5-10 सीटें देकर देखी और जब जेजेपी अलग पार्टी बनी तो उसको 10 सीटें देकर देखी। कभी बंसी लाल ने अलग पार्टी बनाई थी, उसको राज देकर देख लिया। हरियाणा हमेशा से तीसरे विकल्प की तरफ देखता रहा है। लेकिन अब हरियाणा के लोगों का वो सपना पूरा होने जा रहा है, आम आदमी पार्टी हरियाणा में तीसरा विकल्प है।
इस मौके पर आप नेत्री सरोज बाला राठी के अलावा अन्य नेतागण मौजूद थे।

# संस्कृति और संत परंपरा को साधु संतों ने विश्व में पहुंचाने का कार्य किया : जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया**



**राईः खेवड़ा गांव** स्थित बाबा रामलाल नाथ धाम पर आयोजित हुए भंडारे में मुख्य तौर से शामिल हुए आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भारत की संस्कृति और संत परंपरा को साधु संतों ने विश्व में पहुंचाने का कार्य किया है। साधु संतों ने अपने तप, तपस्या और सामर्थ्य से मानव कल्याण किया है। इस दौरान उन्होंने बाबा ज्ञाननाथ जी की तपस्या पूर्ण होने पर साधु-संतों को सम्मानित किया और उनसे समाज के सेवा करने का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा रामलाल नाथ धाम में पहुंचने पर कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि साधु संतों के सानिध्य में संतों का आशीर्वाद, ज्ञान और वाणी का लाभ हम सबको मिल रहा है। संतों के ज्ञान, वाणी और तेजस्वी चेहरे से दुनिया का प्रत्येक आदमी प्रभावित होता है।

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना से अपना घर बनाने का सपना होगा साकार

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः मुख्यमंत्री शहरी आवास** योजना के तहत सोमवार को नगर परिषद गोहाना की सीमा में स्थित लाभार्थियों को प्लॉट नंबर अलॉट / वितरित करने के लिए गोहाना के सेक्टर 7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में 637 लाभार्थियों को तीस-तीस गज के प्लाट आवंटित कर दिए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह बुधवार 26 जून को रोहतक में इन सभी लाभपात्रों को प्रदेश स्तरीय समारोह में इन भूखंडों के आवंटन पत्र प्रदान करेंगे। नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने आज गोहाना के सेक्टर 7 स्थित सामुदायिक केंद्र में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का ड्रा निकाला गया। इस ड्रा के माध्यम से आवेदकों को यह ज्ञात हुआ कि उनको कौन सा प्लाट नंबर दिया जाएगा। पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर का एक बटन क्लिक कर योजना के सभी 637 आवेदकों को प्लाट नंबर दे दिए गए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके लिए आवास कार्यक्रम देशभर में शुरू किया हुआ है। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए हरियाणा में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पिछले साल सितंबर माह में फार्म भरवाए गए थे। इसमें वही परिवार आवेदन कर सकते थे, जिनकी फैमिली आईडी में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए या इससे कम है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए 637 आवेदकों ने दस हजार रुपए की राशि का भुगतान कर प्लाट की बुकिंग करवाई थी। आवेदकों को एक प्लाट के लिए कुल एक लाख की राशि जमा करवानी है। इसमें दस हजार रुपए प्लॉट के कागजात मिलने के बाद एक माह में और शेष 80 हजार रुपए की राशि 6 किस्तों में प्लॉट का कब्जा मिलने के बाद अदा करनी है। लाभपात्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, घुमंतू जाति, अनुसूचित वर्ग तथा विधवा महिलाएं शामिल हैं। श्री विश्राम मीणा ने बताया कि आवास आवंटन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था।

कमेटी के समक्ष प्लाटों का ऑनलाईन ड्रॉ निकाल कर लाभार्थियों को सेक्टर 13 व 17 में प्लाट नम्बर आवंटित किए गए। उन्होंने कहा कि कमेटी बगैर किसी पक्षपात के यह प्रक्रिया संपन्न करवाई है। आज ड्रा के समय आवेदक व उनके परिवारों के सदस्य आए हुए थे। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत अत्यंत न्यूनतम मूल्य पर सेक्टर में प्लाट मिलने से इन नागरिकों का अपना घर बनाने का सपना अब साकार हो सकेगा। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी निशा, एचएसवीपी के कार्यकारी अधिकारी विजय राठी, नगरपरिषद के अभियंता नवीन सहरावत व तहसीलदार गोहाना सहित सभी संबंधित अधिकारी शामिल थी।

# विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़( नारनौल को** अलग जिला बनाने व महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों के लोगों व अधिवक्ताओं ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर समाधान शिविर में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौपा। सौपे दिए ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले नए जिले, उपमंडल, पंचायत समिति, तहसील, उप तहसील व पंचायत आदि का पुनर्गठन करने की तैयारियां जोरों पर है परंतु महेंद्रगढ़ जिले का कोई नाम नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस कमेटी में सरकार ने कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा, नगर निकायमंत्री सुभाष सुधा को शामिल किया गया है। यह कमेटी शीघ्र ही बैठक करेंगी। फिलहाल सुनने में आ रहा है कि हांसी, गोहाना, डब्बावाली, असंध और मानेसर को जिला बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले को उसका हक जिला मुख्यालय तथा नारनौल को अलग जिला बनाए जाने की मांग का कोई जिक्र नजर नहीं है, यह महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए अन्याय होगा क्योंकि महेंद्रगढ़ की जनता ने भाजपा को उसे समय जीवनदान देखकर जिंदा रखा है जब प्रदेश में बीजेपी का नाम लेने वाला नहीं होता था । आज भाजपा सरकार में इस जिले की अपेक्षा से लोगों में मायूसी है तथा सरकार के प्रति भारी रोष पनप रहा है जिसका खामियाजा सरकार को बीते विधानसभा चुनाव में देखने को मिला था तथा आगामी विधानसभा चुनाव में और भी विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। लोगों का कहना है कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिलों से प्रदेश सरकार ने अनदेखी की है जबकि महेंद्रगढ़-रेवाड़ी जिले में भाजपा सरकार के पांच विधायक है जिसमें से एक को भी कमेटी में शामिल नहीं किया गया। जो भेदभाव को दशार्ता है। महेंद्रगढ़ के लिए भाजपा सरकार की घोषणा महज घोषणा ही बनकर रह गई है। खुडाना में आईएमटी, महेंद्रगढ़ में बाईपास, किसान मॉडल स्कूल, बिजली ट्रांसफार्मर का वर्कशॉप, रोडवेज सब डिपो, माधोगढ़ में महेंद्रगढ़ के किले को टूरिस्ट कांप्लेक्स बनाने, महेंद्रगढ़ नगरपालिका को नगर परिषद बनाने, दादरी से महेंद्रगढ़-नारनौल होते हुए अलवर तक रेल लाइन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मेडिकल कॉलेज जैसी अन्य घोषणाओं पर कोई अमल नहीं हो पाया है। क्षेत्र के युवाओं के लिए यहां रोजगार का कोई साधन नहीं है। सरकार के कोरे आश्वासन व घोषणाओं को लेकर क्षेत्र की जनता का सरकार के प्रति मोह भंग हो रहा है, जिस और ध्यान नहीं दिया गया तो बदलाव निश्चित माना जा सकता है। लोगों का कहना है कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिले महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी से पांच विधायक भाजपा व दो विधायक कांग्रेस के है उसके बाद भी कमेटी में सातों विधायकों में एक भी विधायक को कमेटी में शामिल नहीं किया गया।

छाजूराम, संतलाल अधिवक्ता, इंद्रपाल अधिवक्ता, राधेश्याम शर्मा, सुरेश वर्मा, राजकुमार पूर्व बार प्रधान, अधिवक्ता बंशीलाल, राजेश, संजय, विपिन, राजेश कुमार, अर्जुन, बहादुर, राजेंद्र, बीरसिंह, सुधीर, जयप्रकाश, पोहप सिंह, राजपाल, शमशेर, राकेश सहित विभिन्न संगठनों के लोगों व अधिवक्ताओं ने सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौपा।

# फाइनल मैच में खुबडू लीजेंड ने गन्नोर रॉयल को 37 रन से हराया

**टीम एक्शन इंडिया**




**गन्नौरः यूनिक क्रिकेट स्टेडियम** शेखपुरा में खेले गए यूनीक टी-20 समर कप क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मैच में खुबडू लीजेंड टीम ने गन्नोर रॉयल को 37 रन से हराया, खुबडू लेजेंड्स के कप्तान अनिकेत धनखड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया ,खुबडू लीजेंड्स ने सुरेश पंघाल के 48 व सलीम के 40 रनों की मदद से 156 रन बना बनाए। गन्नौर रॉयल के लिऐ मेजरदीन व साहिल धनखड़ ने 3-3 विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करते हुए गन्नौर रॉयल 119 रनों पर ऑल आउट हो ग्गई। मंजीत ने 31 व मनीष ने 19 रनों का योगदान दिया, दीपक गोयल ने 5 विकेट व मोनू त्यागी ने 3 विकेट लिये, दीपक गोयल व मंजीत को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया, जबकि सुरेश पंघाल सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व साहिल धनखड़ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे।









# कितना भी बिगड़ जाए स्वास्थ्य पर नहीं उठूंगी: आतिशी

### आतिशी ने अपने जारी वीडियो में कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली के हक का 100 एमजीडी यानी 46 करोड़ लीटर से ज्यादा पानी रोक रखा है

**अनशन पर डटी**

**मेरा यह अनिश्चितकाल अनशन तब तक जारी रहेगा, जब तक दिल्ली का हक का पानी नहीं छोड़ देती है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में चल रहे जल संकट को लेकर आप सरकार में मंत्री आतिशी मालेर्ना चौथे दिन भी अनशन पर बैठी हैं। उन्होंने सोमवार को भी एक वीडियो संदेश जारी किया है। जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा की बीजेपी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। आतिशी ने अपने जारी वीडियो में कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली के हक का 100 एमजीडी यानी 46 करोड़ लीटर से ज्यादा पानी रोक रखा है। यह पानी एक दिन में 28 लाख से ज्यादा लोगों के काम आता है।

**आतिशी को डॉक्टर ने दी सलाह:** आतिशी के अनुसार डॉक्टर बता रहे हैं कि मेरा ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल कम है और कीटोन लेवल बढ़कर खतरनाक हो गया है। बताया कि डॉक्टर ने कहा है कि मुझे अनशन से उठ जाना चाहिए। आतिशी ने बताया कि मेरा यह अनिश्चितकाल अनशन तब तक जारी रहेगा, जब तक हरियाणा सरकार, दिल्ली के इन 28 लाख लोगों के हक का पानी नहीं छोड़ देती है। मेरा स्वास्थ्य कितना भी बिगड़ जाए लेकिन मैं दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाकर रहूंगी। दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए दिल्ली सरकार की जलमंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। सोमवार को अनशन के चौथे दिन जलमंत्री आतिशी ने दिल्लीवालों को संदेश देते हुए कहा कि मेरा स्वास्थ्य चाहे कितना भी खराब हो। मेरे शरीर को चाहे कितना भी कष्ट हो, लेकिन अनशन करने का मेरा संकल्प दृढ़ है।

## आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली को उसके हक का पानी दिलाने की मांग को लेकर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। साथ ही दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना से भी अपील की है कि वो हमारे साथ वजीराबाद बैराज का संयुक्त दौरा करें ताकि सच्चाई जान सकें कि हरियाणा सरकार दिल्ली को कितना पानी दे रही है। जंगपुरा के भोगल में चल रहे जलमंत्री आतिशी के अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह स्थल पर बैठक की, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखने और एलजी के साथ वजीराबाद का संयुक्त दौरा करने का निर्णय लिया।

# दिल्ली से चुराते थे बच्चे और उप्र-बिहार में बेचते थे



**तीन गिरफ्तार**

**टीम ने एक ऐसे ही किडनैपिंग के मामले को सुलझाते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी जिले के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़े एक ऐसे गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है जो दिल्ली से बच्चा चोरी कर उप्र, बिहार में बेच दिया करते थे। टीम ने एक ऐसे ही किडनैपिंग के मामले को सुलझाते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है जहां एक आरोपित दिल्ली से गिरफ्तार किया गया वहीं दूसरा उप्र से और बच्चा खरीदने वाली महिला बिहार के सीतामढ़ी से गिरफ्तार की गई है। बच्चे को भी सकुशल बचा लिया गया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार इस मामले को सुलझाकर एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम ने बहुत ही शानदार काम किया है, उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए किडनैपर का नाम मनीष कुमार गुप्ता, मोहित तिवारी और महिला का नाम शोभा देवी है। उन्होंने बताया कि 13 जून को राजौरी गार्डन में एक शिकायत मिली कि मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने साल भर के बच्चे का अपहरण कर लिया है। बच्चा टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास अपने घर में माता-पिता के साथ सो रहा था। पुलिस ने शिकायत लिख ली। शिकायत लिखाने वाली महिला पूनम ने बताया कि वह सामान बेचने का काम करती है और 13 जून की रात जब अपने बच्चों के साथ सोई थी, तभी बाइक सवार बदमाशों ने बच्चे को उठाया और फरार हो गए। किडनैपिंग का मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई जांच के दौरान वारदात वाली जगह के आसपास और जिस रास्ते से बाइक सवार बच्चे को लेकर भागा था। उन जगहों पर 100 से ज्यादा सीसीटीवी को चेक किया गया। तब सीसीटीवी में एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल दिखाई और मोटरसाइकिल का नंबर आंशिक तौर पर दिखा। जिसके आधार पर 300 मोटरसाइकिल को शॉर्ट लिस्ट कर उसकी जांच की गई और इस जांच से पुलिस को कुछ सफलता मिली। मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर नरेला इलाके से आरोपित मनीष गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने साथी मोहित तिवारी जो गोंडा उप्र का रहने वाला है, उसके साथ मिलकर बच्चे का अपहरण किया इसके बाद पुलिस ने गोंडा से दूसरे आरोपित मोहित तिवारी को गिरफ्तार किया।

# रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



**आदेश**

**सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए से पूछा है कि कैसे पेड़ सरंक्षण अधिनियम को लागू किया जा सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में भीषण गर्मी की स्थिति पर संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को स्वतः निर्देश देने का प्रस्ताव रखा। सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए से पूछा है कि कैसे पेड़ संरक्षण अधिनियम को लागू किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए से कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को भी इसमें शामिल किया जाए। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के दक्षिणी रिज इलाके में बड़े पैमाने पर पेड़ों को काटने के मामले में डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने 16 मई को पांडा को गुमराह करने वाले हलफनामे पर नाराजगी जताते हुए अवमानना नोटिस जारी किया था। डीडीए के उपाध्यक्ष ने अपने हलफनामा में कहा था कि उनकी जानकारी के बिना 642 पेड़ काटे गए। इसी हलफनामा पर गौर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब डीडीए पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। जस्टिस ओका ने कहा था कि मैं बीस वर्षों से ज्यादा समय तक संवैधानिक कोर्ट में जज रहा हूं, लेकिन ऐसा गुमराह करने वाला हलफनामा अभी तक नहीं देखा। कोर्ट ने कहा कि ये पता होते हुए कि बिना कोर्ट की अनुमति के एक भी पेड़ काटे नहीं जाएंगे, दस दिनों तक पेड़ों की कटाई होती रही। सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में रिज इलाका ही ऐसा इलाका है, जहां दिल्ली में वन बचे हुए हैं। रिज इलाके में डीडीए ने काफी पेड़ों को गिराया है और करीब साढ़े दस किलोमीटर लंबे रोड का निर्माण कराया है।

# दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बदमाश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी में कई** आपराधिक मामलों में भगोड़ा घोषित बदमाश विकास उर्फ मोहित को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के प्रयास, अपहरण और शस्त्र अधिनियम से संबंधित कई मामलों में दिल्ली की विभिन्न अदालतों ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसके खिलाफ 25 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**विकास ने चलाई थीं ताबड़तोड़ गोलियां:** डीसीपी सतीश कुमार के मुताबिक, सागरपुर के रहने वाले प्रदीप ने सागरपुर थाने में शिकायत कर बताया था कि विकास उर्फ मोहित अपने साथी के साथ किसी अन्य व्यक्ति की तलाश में उनकी कॉलोनी में आया था। उन पर नजर पड़ते ही विकास ने गोलियां चलानी शुरू कर दी थीं और उसके भाई की बुरी तरह से पिटाई कर दी थी।

**इंस्पेक्टर विनय कुमार को सौंपी गई थी पकड़ने की जिम्मेदारी:** एसीपी यशपाल सिंह व इंस्पेक्टर विनय कुमार को इसे पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने कई माह तक जांच-पड़ताल के बाद रविवार को चौखंडी, तिलक नगर से गिरफ्तार कर लिया। वह सागरपुर का रहने वाला है।

**सांसी समुदाय का खूंखार अपराधी है विकास:**
पुलिस का कहना है कि विकास, सांसी समुदाय का खूंखार अपराधी है। वह हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और अपहरण सहित अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। यह एक उभरता हुआ अपराधी है जो अपने साथ हमेशा अवैध हथियार रखता है।

## केजरीवाल की जमानत पर 25 जून को फैसला सुनाएगा दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली ईडी की याचिका पर 25 जून को फैसला सुनाएगा। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की वेकेशन बेंच फैसला सुनाएगी। हाई कोर्ट ने 21 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट ने फैसला आने तक जमानत देने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। आज ही ईडी ने हाई कोर्ट में इस मामले पर लिखित दलीलें दाखिल करके केजरीवाल को मिली जमानत पर रोक लगाने की मांग की है। ईडी ने कहा है कि ट्रायल कोर्ट का पूरा आदेश ही गलत है।

# पीडब्ल्यूडी अब सड़कों की दशा सुधारने की तैयारी कर रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अगर आप दिल्ली की सड़कों पर ड्राइविंग करने में असहज महसूस कर रहे हैं तो इससे आप को जल्द छुटकारा नहीं मिलता दिख रहा है, क्योंकि अब मानसून सिर पर है और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अब सड़कों की दशा सुधारने की तैयारी कर रहा है, ऐसे में सड़कों की दशा कब तक सुधारी जा सकेगी, कहना मुश्किल है। वहीं इस हिसाब से मानें तो अक्टूबर तक सड़कों की दशा बदलने की उम्मीद कम है। बहरहाल लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने से चुनाव आचार संहिता अब हट चुकी है, विभाग को अब नए विकास कार्य कराने में कोई अड़चन नहीं है। विभाग की योजना मानसून न आने तक सड़कों को बेहतर बनाने का काम जारी रखने की है।

**500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी सरकार:** सरकार 200 किलोमीटर से अधिक विभिन्न सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सुंदरीकरण पर 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी। इसमें कई सड़कें ऐसी हैं, जिनकी मरम्मत व सुदृढ़ीकरण का काम आखिरी बार वर्ष 2012-21 में किया गया था।

**विशेष सचिव शशांका आला ने की बैठक:** विभाग की विशेष सचिव शशांका आला ने गत शुक्रवार को सड़कों की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण पर बैठक की है। सड़कों को लेकर इसी वर्ष काम पूरा करने की अलग-अलग टाइमलाइन दी गई है। ऐसी सड़कों को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है, जिन पर काम लंबे समय से अटका हुआ था। कई सड़कों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कई सड़कों के लिए टेंडर अगले हफ्ते जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ सड़कों पर इसी माह काम भी पूरा होने वाला है।

**टूटी व उबड़-खाबड़ या कमजोर हो चुकी सड़कें बननी शुरू होंगी:** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन सड़कों पर काम प्रायोरिटी-1 व प्रायोरिटी-2 में बांटकर किया जा रहा है। अभी प्रायोरिटी-1 की सड़कों का काम पूरा करने पर जोर है। इससे टूटी व उबड़-खाबड़ या कमजोर हो चुकी सड़कें बननी शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने के बाद भी कई इलाकों में सड़कों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

**बड़े स्तर पर सड़कों के सुंदरीकरण की योजना बनाई गई थी:** पीडब्ल्यूडी सड़कों को लेकर अपनी योजना में बदलाव करते हुए सड़कों को मजबूत, सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए जोन वाइज छोटे-छोटे टेंडर कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए सड़कों के निर्माण पर काम होगा।

**सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ सुंदरीकरण का भी रखा जाएगा ख्याल**

**मानकों** के अनुसार रोड मार्किंग, सड़कों की रेलिंग आदि का पेंट वर्क किया जाएगा। सेंट्रल वर्ज व रोड के दोनों ओर हरियाली बढ़ाई जाएगी और एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। एम्स बारापुला एलिवेटेड रोड, मोदी मिल-चिराग दिल्ली आउटर रिंग रोड, मथुरा रोड, महरौली-महिपालपुर रोड, चर्च रोड आरके पुरम, नेल्सन मंडेला रोड, नोएडा लिंक रोड, दल्लुपुरा रोड व शाहदरा रोड शामिल है। मेजर सुदेश गदोक मार्ग नजफगढ़ रोड, गुरु विरजानंद मार्ग, गुरु गोलवलकर मार्ग, मुंडका-टिकरी बार्डर रोहतक रोड, नांगलोई चौक-रिशाल गार्डेन नजफगढ़ नांगलोई रोड आदि सड़कें भी शामिल हैं।

# दिल्ली में बदला मौसम का मिजाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में सोमवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। राष्ट्रीय राजधानी के राजौरी गार्डन, सुभाष नगर, हरी नगर और पश्चिमी दिल्ली में तेज बारिश हुई। इससे मौसम सुहावना हो गया। मौसम के पलटी मारने से भीषण गर्मी और लू से परेशान शहरवासियों को राहत मिली है। बारिश से पहले चली हवाओं ने भी राहत पहुंचाई।

**पूरे सप्ताह रहेगा प्री मानसून का असर:** इस पूरे सप्ताह ही दिल्ली में प्री मानसून का असर नजर आएगा। बादलों की आवाजाही कमोबेश हर रोज देखने को मिलेगी। हल्की बारिश होने की भी संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग ने आज के लिए भी ऐसा ही पूर्वानुमान जारी किया है। आज सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। बीते तीन दिन से तापमान में गिरावट के साथ लू से भी राहत मिली है। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल मंडराते रहे। जिससे धूप तेज नहीं रही, लेकिन अभी उमस भरी गर्मी से लोग काफी ज्यादा परेशान हुए। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन आसमान में बादल छाए रहने के साथ बारिश होने के आसार हैं। भीषण गर्मी के बाद बीते तीन दिन से लगातार तापमान में गिरावट बनी हुई है। जिससे दिन में बादल छाए रहने से लू से राहत मिली हुई है। सोमवार को सुबह से ही उमस भरी गर्मी से काफी ज्यादा परेशानी हुई। न्यूनतम तापमान 31 और अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हवा अधिकतम 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। वातावरण में आर्द्रता 47 प्रतिशत दर्ज की गई। अगले दो दिन आसमान में बादल रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान है। तापमान में गिरावट आ सकती है।

## हिमाचल पानी देने को तैयार, बीच में रोड़ा बन रहा हरियाणा: आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पानी की मांग को लेकर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। साथ ही उपराज्यपाल वीके सक्सेना से वजीराबाद बैराज का संयुक्त दौरा करने की अपील की है। इससे पहले मंत्रियों ने भोगल में चल रहे जलमंत्री आतिशी के अनिश्चितकालीन अनशन स्थल पर बैठक की। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखने और उपराज्यपाल के साथ वजीराबाद का संयुक्त दौरा करने का निर्णय लिया है।

# मायापुरी में धारदार हथियार से की दोस्त की हत्या





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मायापुरी इलाके में शराब पीने के बाद हुए झगड़े के दौरान दोस्त की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। युवक की पहचान राज कपूर के रूप में हुई है। वह अपने दोस्त के कमरे पर शराब पीने आया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को पकड़ा है। दूसरे को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि रविवार शाम को मायापुरी थाना पुलिस को मायापुरी की खजान बस्ती में हत्या की जानकारी मिली थी।

**अपने दोस्त किशन के घर आया था राज कपूर**
पुलिस कमरे में पहुंची तो वहां पर राज कपूर का शव खून में लथपथ पड़ा था। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल को बुलाया गया। प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि राज कपूर अपने दोस्त किशन के किराये के मकान में आया था। यहां प्रह्लाद और बब्लू नामक उनके दो अन्य दोस्त भी आए थे। यहां उन्होंने शराब पी। इसी दौरान उनके बीच झगड़ा शुरू हो गया। किशन ने बीचबचाव किया और वह नहाने के लिए चला गया। जब किशन वापस आया तो देखा कि राज कपूर खून में लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने प्रह्लाद को पकड़ लिया है और बब्लू को पकड़ने के लिए कई टीमें छापेमारी कर रही हैं।

# अपनी मां सुषमा स्वराज की राह पर चलीं बांसुरी स्वराज

**शपथ**

**संसद में सांसद बांसुरी स्वराज ने ली संस्कृत में शपथ, तालियों से गूंजी संसद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिवंगत बीजेपी नेता सुषमा स्वराजकी बेटी व नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद बांसुरी स्वराज ने सोमवार को संसद में लोकसभा सदस्य की शपथ ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में सांसदों ने शपथ ली, लेकिन जब बांसुरी स्वराज ने शपथ ली तो संसद का माहौल देखने लायक था। क्योंकि बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली थी। ऐसा लग रहा है बांसुरी स्वराज अपनी मां की राह पर चल रही हैं। सुषमा स्वराज भी जब पहली बार सांसद बनी थीं तो उन्होंने संसद में संस्कृत में ही शपथ ली थी। वो 16वीं लोकसभा में संसद की लोकसभा सदस्य चुनी गई थीं। बांसुरी स्वराज ने शपथ का वीडियो भी पोस्ट किया है।

उन्होंने लिखा, नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में आज 18वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने का गौरव प्राप्त हुआ।

**आवागमन** वर्षा के दिनों में जब यमुना उफान पर रहती है तो इससे गुजरने वाली ट्रेनों की गति बहुत धीमी करनी पड़ती है

# इस मानसून भी पुराने लोहा पुल के सहारे चलेगी ट्रेनें



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अपनी आयु पूरी करने के बाद भी यमुना पर बना पुराना लोहा पुल राजधानी में ट्रेन आवागमन का मुख्य साधन है। लगभग डेढ सौ वर्ष से अधिक पुराने इस पुल से ट्रेनें धीमी गति से गुजरती है। वर्षा के दिनों में जब यमुना उफान पर रहती है तो इससे गुजरने वाली ट्रेनों की गति बहुत धीमी करनी पड़ती है। जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बढ़ने पर इस पुल को बंद करना पड़ता है।

पिछले वर्ष जुलाई में बाढ़ आने पर भी कई दिनों तक इससे ट्रेनों की आवाजाही नहीं हुई थी। वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान के लिए इसके नजदीक ही नया पुल बनाया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य 25 वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका है। बार-बार इसके पूरा करने की तिथि बदल जाती है। जून में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, परंतु अभी इसमें और कुछ माह और लगने की बात कही जा रही है।

**1947 में पूरी हो चुकी है पुराने पुल की आयु:** इस पुल के माध्यम से ट्रेनें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से शाहदरा के रास्ते गाजियाबाद जाती हैं। इस पुल पर रेल लाइन के नीचे सड़क मार्ग है। इस तरह से यह ट्रेन के साथ ही सड़क मार्ग के लिए महत्वपूर्ण है। प्रत्येक वर्ष मानसून के दिनों में इससे आवाजाही बाधित होती है। अंग्रेजों ने वर्ष 1867 में इस पुल का निर्माण किया था। उस समय सिर्फ एक लाइन जिसे नार्थ लाइन कहते हैं बना था। उसके बाद वर्ष 1913 में दूसरी लाइन (साउथ लाइन) बनाई गई। इसकी आयु (80 वर्ष) 1947 में ही पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद दूसरा विकल्प नहीं होने की वजह से अभी भी इस पुल से ट्रेनों की आवाजाही जारी है।

**वर्ष 2018 में की गई है इस पुल की मरम्मत:** अधिकारियों ने बताया कि पुल का नियमित निरीक्षण होता है। वर्षा के दिनों में निगरानी और बढ़ा दी जाती है। इस पुल में कुल 3500 टन लोहा लगा हुआ है। लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से इसके जर्जर हिस्से को वर्ष 2018 में बदला गया है। लगभग साढ़े सात सौ टन लोहा बदला गया है। उसके बाद भी जरूरत के अनुसार मरम्मत कार्य किया जाता है। यमुना का जल स्तर बढ़ने पर पुल से ईएमयू 15 किलोमीटर प्रति घंटे, मेल व एक्सप्रेस ट्रेन 20 किलोमीटर प्रति घंटे और मालगाड़ी 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गुजरती है।

**वर्ष 1998 में मंजूर हुआ था नया पुल:** सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए रेलवे ने वर्ष 1997-98 में यमुना पर लोहा पुल के सामानांतर एक नया पुल बनाने का निर्णय लिया था। वर्ष 2005 तक इस पुल को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था, परंतु इसका काम वर्ष 2003 में शुरू हो सका। तकनीकी व अन्य बाधाओं की वजह से यह अब तक पूरा नहीं हो सका है। पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की आपत्ति की वजह से निर्माण कार्य रोकना पड़ा था। प्रस्तावित निर्माण क्षेत्र में सलीमगढ़ किला का कुछ हिस्सा आ रहा था, जिसका एएसआई ने विरोध किया था। इस कारम कई वर्षों तक काम बाधित हुआ।

# सरकारी योजनाओं को लेकर डीसी कार्यलय में सीटीएम की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः मार्च 2024** को समाप्त तिमाही के लिए अंबाला जिले के बैंकों की डीएलआरसी/डीसीसी बैठक डीसी कार्यालय अंबाला में सीटीएम विश्वजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विनोद कुमार एजीएम, आरबीआई पुष्पेंद्र कुमार, डीडीएम नाबार्ड और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला समन्वयक डीसीओ विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

सबसे पहलेए चीफ एलडीएम पुनीत कुमार ने बैठक में सभी मेहमानों का स्वागत किया और एजेंडा आइटम



पर एक.एक करके चर्चा कीए यानी जमाए अग्रिमए प्राथमिकता क्षेत्र कृषि और एमएसएमई के दिए गए लक्ष्यों के मुकाबले जिले की उपलब्धि। विभिन्न सरकारी योजनाओं एनयूएलएम, एचएसएफडीसी, पीएमईजीपी, एनआरएलएम, एमएमएपीयूवाई, पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई, पीकेसीसी, मत्स्य पालन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, एपीवाई, पीएमएमवाई, पीएम विश्वकर्मा, कर्ज मुक्ति अभियान पर फर्जी आश्वासन, डिजिटलाइजेशन, पीएमएफबीवाई, एफएलसी और बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। चीफ एलडीएम ने इन विभिन्न योजनाओं के तहत लंबित मामलों के संबंध में डेटा साझा किया और सभी भाग लेने वाले डीसीओ/बैंक प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे लंबित मामलों का तुरंत निपटान सुनिश्चित करें। इसके बाद पुष्पेंद्र कुमार, डीडीएम नाबार्ड ने सभी प्रतिभागियों को 28 से 30 जून 2024 तक पंचायत भवन अंबाला में आयोजित होने वाले आगामी एफपीओ मेले में आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। इसके बाद विनोद कुमार, सहायक महाप्रबंधक आरबीआई एलडीओ ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और सीडी अनुपात में सुधार, एसीपी लक्ष्यों को प्राप्त करने सरकारी प्रायोजित योजनाओं के लंबित मामलों को निपटाने और महीने में एक बार ग्राहक जागरूकता शिविर आयोजित करने के संबंध में विभिन्न प्रकार की जानकारी साझा की। उन्होंने शाखाओं में नोट एक्सचेंज सुविधा, सीसीटीवी के उचित कामकाज, शाखाओं में बोर्डों के उचित प्रदर्शन और शाखाओं में फोन के काम करने को सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

# समाधान शिविरों में 22 शिकायतों का किया निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला मुख्यालय** करनाल के अलावा नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में आज भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इनमें विभिन्न विभागों से संबंधित 95 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 22 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। लंबित 73 शिकायतों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया गया। समाधान शिविर में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतों के समाधान को लेकर पहुंच रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी गंभीरता से उनकी शिकायतें सुन समाधान का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।



करनाल में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्वयं अनेक लोगों की शिकायतें सुनीं और उनका मौके पर ही समाधान किया। यहां आज 57 शिकायतें आईं, जिनमें से छह का समाधान किया, जबकि 51 शिकायतें लंबित रहीं। इनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। पीपीपी से संबंधित 24 में से छह शिकायतें निपटाई गई। नीलोखेड़ी उपमंडल मुख्यालय पर समाज कल्याण विभाग से संबंधित एक शिकायत आई, जो अभी लंबित है। इसी प्रकार इन्द्री उपमंडल मुख्यालय पर क्रीड विभाग से संबंधित आठ शिकायतों में से सात और असंध में 19 में से चार शिकायतें निपटाई गई। घरौंडा उपमंडल मुख्यालय पर शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित तीन, राजस्व विभाग से एक और क्रीड से संबंधित एक शिकायत का निपटारा किया गया, जबकि पांच शिकायतें लंबित रहीं।

## न्यूज फ्लैश

### आर्मी इंफोटेक लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नोएडा।** आर्मी इंफोटेक लिमिटेड ("कंपनी" या "एआईएल") ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य रु10 प्रत्येक) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए कुल निर्गम आकार के बराबर धनराशि जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें रु25,000 लाख [रु250 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है ("कुल निर्गम आकार")। कंपनी सेक्टर एग्नस्टिक है और सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और निजी क्षेत्र दोनों के लिए विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान और आईटी प्रबंधित सेवा प्रदान करती है। इसमें सरकारी/पीएसयू परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और गुजरात राज्य में इसकी प्रमुख उपस्थिति है।

कंपनी इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है--( ) कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं में वृद्धि, जिसका अनुमान ? 16000 लाख [रु160 करोड़] तक है, वित्तीय वर्ष 2025 और वित्तीय वर्ष 2026 में विभिन्न परियोजनाओं के लिए बोली लगाने हेतु बयाना राशि जमा करना और बैंक गारंटी के लिए मार्जिन जमा करना; ( ) कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान, जिसका अनुमान रु 1,063.22 लाख [रु10.63 करोड़] तक है; और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। शुद्ध आय से चुकाने के लिए प्रस्तावित ऋण (रु1,063.22 लाख की राशि) 31 दिसंबर, 2023 तक कंपनी के कुल बकाया उधार का 26.30% है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई" बीएसई के साथ, "स्टॉक एक्सचेंज") स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। खंडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड और सैफरन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं ("बीआरएलएम")।

### आईसीआईसीआई बैंक ने स्मार्टलॉक पेश किया

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने ह्यस्मार्टलॉकह्न लॉन्च किया है, जो एक अनूठा सुरक्षा उपाय है, जिससे उसके ग्राहक फोन या ईमेल के जरिए ग्राहक सेवा अधिकारी की मदद लिए बिना, कई बैंकिंग सेवाओं को तुरंत लॉक/अनलॉक कर सकते हैं। iMobile Pay पर उपलब्ध यह सुविधा ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, वढक(बैंक खाते से जुड़े अन्य वढकऐप से भुगतान सहित), क्रेडिट और डेबिट कार्ड तक पहुँच को केवल एक बटन क्लिक करके लॉक/अनलॉक करने की शक्ति प्रदान करती है, जिससे उनके खाते की सुरक्षा उनके अपने हाथों में होती है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपनी तरह का पहला उपाय स्मार्टलॉक ग्राहकों को संपूर्ण iMobile Pay को लॉक/अनलॉक करने की भी अनुमति देता है। ग्राहक अपने खाते और कार्ड में संभावित धोखाधड़ी वाले लेन-देन के मामले में इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। वे ऐसा तब भी कर सकते हैं जब वे किसी निश्चित अवधि के दौरान किसी विशेष बैंकिंग सेवा का उपयोग नहीं करना चाहते हैं। इस पहल के बारे में बोलते हुए, आईसीआईसीआई बैंक के हैड-डिजिटल चैनल्स और पार्टनरशिप्स सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा, "हमारे ग्राहकों के बैंक खाते की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस विजन के अनुरूप, हम 'स्मार्टलॉक' को पेश करते हुए प्रसन्न हैं, जो ग्राहकों को Mobile Pay पर एक ही क्लिक और एक ही स्थान पर प्रमुख बैंकिंग सेवाओं को तुरंत लॉक/अनलॉक करने की शक्ति प्रदान करने वाली उद्योग की एक अनूठी पहल है। यह डू-इट-योरसेल्फ (DIY) सुविधा ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं के लिए बढ़ी हुई सुरक्षा की सुविधा प्रदान करती है, वह भी बिना कस्टमर केयर को कॉल किए। 'स्मार्टलॉक' की शुरुआत बैंक द्वारा ग्राहक के खाते की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा करने के लिए किया गया एक और प्रयास है। यह बैंक द्वारा की जाने वाली विभिन्न 'सुरक्षित बैंकिंग' पहलों का हिस्सा है।

### अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़। अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर टीम ने बुचौली क्षेत्र से 18 बोतल और 44 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब को बरामद कर जब्त कर लिया और थाना शहर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई; ऑपरेशन आक्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर आईपीएस के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए रविवार 23जून को सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दंबिस देकर चोरी, झगड़े, एनडीपीएस, एक्साइज, आर्म्स एक्ट के मामलों में संलिप्त 48 आरोपियों को गिरफ्तार करने में



बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने ह्यऑपरेशन आक्रमणह्न के तहत जिला में आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 82 टीम बनाकर जिसमे कुल 316 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे। सभी टीमें सुबह छह बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी। अभियान के तहत 14 आरोपियों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर इनसे 279 बोतल देसी व अंग्रेजी शराब, 30 बीयर, 8 लीटर लाहन बरामद किया, सट्टा खाईवाली कर रहे 4 आरोपियों को दाव पर लगी 16660 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार किया। एक आरोपी को 11 ग्राम स्मैक सहित काबू किया। 2 आरोपियों को 2 अवैध देसी पिस्तोल सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

3 पीओ गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा चोरी व अन्य पुराने आपराधिक मामलों के 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# मत्स्य पालक अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए विभिन्न अनुदान योजनाएं शुरूः रंजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** ने मत्स्य पालन के व्यवसाय में लगे या इसके इच्छुक अनुसूचित जाति के परिवारों की भलाई के लिए विभिन्न अनुदान योजनाएं शुरू की हैं, ताकि आजीविका बढ़ाकर उनका सामाजिक उत्थान सुनिश्चित किया जा सके। जिला मत्स्य अधिकारी रंजना रानी ने बताया कि मछली पालन हेतु ग्रामीण तालाबों को पट्टद्दे पर लेने के लिए प्रथम वर्ष के दौरान पट्टद्दा राशि पर 50 हजार रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टद्दा राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा दो लाख रुपये होगी। उन्होंने बताया कि अधिसूचित पानियों में मछली पकडने. के लिए स्वीकृत कुल राशि का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम पांच लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार, विभाग द्वारा स्थापित मछली उत्पाद बिक्री के लिए 60 हजार रुपए की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम 36 हजार रुपए जो भी कम हों, लाभार्थी को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मछली पालकों को 40 हजार रुपये के जाल की खरीद पर 60 प्रतिशत अथवा 24 हजार रुपए तक जो भी कम हो, का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार, खाद-खुराक पर एक लाख 50 हजार रुपए प्रति हैक्टेयर का 60 प्रतिशत की दर से या धनराशि प्रति हैक्टेयर 90 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 4 हैक्टेयर तक सीमित है।

# आधे शहर के शिविर जाम निगम बना मुक दर्शकः स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**शिविर सफाई के नाम पर** प्रतिमाह 1 करोड़ से अधिक का बजट होने के बावजूद भी पूरे शहर के शिविर जाम पड़े है यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाते हुए कहा कि आधे शहर के शिविर जाम है और नगर निगम मुक दर्शन बना बैठा है उन्होंने बताया कि वार्ड 23,मॉडल टाउन ,गीता कॉलोनी, सुखदेव नगर, वार्ड 2,4,5,6,7 सहित आधे शहर के शिविर भी साफ नहीं हो पाए अब जब बरसात का मौसम सिर के ऊपर है तो हमारे नेता और अधिकारी सफाई सफाई का शोर मचा रहे हैं जबकि सफाई के नाम पर करोड़ों रुपया का इतना बड़ा बजट होने के बाद साल में कई बार शिविर साफ हो जाने चाहिए थे लेकिन अब बरसात के मौसम में सफाई के नाम पर वीर गाथाएं लिखवाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि गत दिवस हुई थोड़ी देर की बरसात ने हीं पूरे शहर को डुबोकर रख दिया अब इसी बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि बरसात के मौसम में शहर की क्या दुर्दशा होने जा रही है उन्होंने उपायुक्त पानीपत से मांग करते हुए कहा कि वह इस मामले में खुद संज्ञान लेकर शहर के बंद पड़े शिविरों को तत्काल प्रभाव से साफ करने के आदेश दे ताकि शहर को डूबने से बचाया जा सके।

# डिजिटल साक्षरता व स्वास्थ्य की स्वच्छता के लिए हुआ कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महिला एवं बाल** विकास मंत्रालय भारत सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व लड़कियों को डिजिटल साक्षारता व स्वास्थ्य की देखभाल के लिए जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र की जिला समन्वयक ज्योति चौहान द्वारा सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी असंध कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया असंध के सीनियर मैनेजर अनिरूद्ध सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उपस्थित महिलाओं को एटीएम ऑपरेट करने बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि डिजिटल




साक्षरता रोजगार, सभ्य नौकरियों और उद्यमिता के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से सुरक्षित और उचित तरीकों से जानकारी तक पहुंचाने, एकीकृत करने, संचार करने, मूल्यांकन करने और बनाने की क्षमता है। उन्होंने विशेष तौर से एटीएम के प्रयोग करने तथा विशेष सावधानियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में सीडीपीओ संतोष कुमारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,कृषि, विज्ञान,राजनीति के साथ-साथ हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ प्रतिस्पर्धा की दौड़ में बराबरी कर रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं को शिक्षा, खेल तथा राजनीति व अन्य क्षेत्रों में आरक्षण देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। कार्यशाला में ज्योति चौहान ने बताया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजबाला मोर के निदेर्शानुसार इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना महिला शक्ति केंद्र के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के अवसरों के साथ सशक्त बनाने के लिए वन-स्टॉप जैसी सहायता/सेवाएं प्रदान करना है।

# नशा परिवार और समाज दोनों के लिए खतराः सिंह

**पानीपत , कमाल हुसैन**

**समाज को नशा मुक्त** करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ ह्लनशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ाह्व अभियान चलाया गया है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जो को विशेष दिशा निर्देश दिए हुए है। अभियान के तहत सोमवार को थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने इसराना अनाज मंडी में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया और नशा न



करने की शपथ दिलाई। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई होने के साथ साथ अपराधों की जड़ है। इसलिए युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने माता पिता के सपनों को साकार करें और गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है। एक बार नशे के दलदल में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूट-मार जैसी वारदातों को केवल इसी लिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरत पूरी कर सकें।

इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने आप को नशे से दूर रखें तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बढ़ चढ़कर भाग ले ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके।

# 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगेंगी विशेष लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डॉ. सविता कुमारी ने बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित वे मामले जिनमें सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमे विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं। डा. सविता कुमारी ने जन साधारण से अपील की कि वे अपने मुकदमों का निपटारा विशेष लोक अदालत के माध्यम से करें, जिसके लिए कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण में संपर्क कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन मुकदमों के निपटान हेतु मुफ्त कानूनी सेवाओं का लाभ भी उठाया जा सकता है, जिसमें वकील की फीस व अन्य खर्च करने की कोई आवश्यकता नहीं है उक्त विशेष लोक अदालत का उद्देश्य श्रम विवाद, चेक बाउंस मामले (एनआई एक्ट की धारा 138), दुर्घटना दावा, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानून मामले, सेवा संबंधी मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, दुर्घटना दावे, कारावास मामले, उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानांतरण याचिका (सिविल और आपराधिक), ऋण वसूली संबंधी मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, भूमि विवाद मामले आदि से संबंधित सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा करना है।

# मोदी व सैनी ने सभी वर्गों का ख्याल रख बनाई योजनाः जांगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : धीमान ब्राह्मण** समाज की धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में अनेक मुख्यमंत्री देखे हैं लेकिन किसी भी मुख्यमंत्री ने यह नहीं सोचा की अति पिछड़े वर्ग के लोग जिनका पंचायत, जिला परिषद, ब्लॉक समितियां, नगर निकायों व पार्षद बने तथा मेयर बनने का ख्वाब लिए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि 1966 से आज तक इन लोगों का प्रतिनिधि नहीं हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 8 प्रतिशत आरक्षण दिया। इस कड़ी में



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दो कदम आगे बढ़े और क्रीमिलेयर की सीमा अब केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा में लागू करके गरीबों के दिलों में जगह बना ली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नौकरियों में पिछड़ा वर्गों का आरक्षण 27 प्रतिशत प्रथम व द्वितीय क्लास की नौकरियों में 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करना और यह आरक्षण बीसी ए व बीसी बी को भी दिया जाएगा।?कौशल रोजगार निगम में भी 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा और केंद्र सरकार की तर्ज पर क्रीमिलेयर 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपए कर दी है इसमें नौकरी व किसानों की आय नहीं जोड़ी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा योजना के तहत समाज के लोगों के लिए 18 ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। साथ ही इस योजना के तहत ओबीसी वर्ग के लोग अपने पारंपरिक कार्यों के प्रति आगे बढ़ सकें इसके लिए कल्याणकारी योजना चलाई हैं। इतना ही नहीं हरियाणा में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात 16:11 के अनुपात में क्लास वन व टू में आरक्षण देने की, बैकलॉग कोटा पूरा करने और सत्ता में हिस्सेदारी देने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि आदरणीय द्रोणाचार्य ने तो अपने शिष्य एकलव्य का अंगूठा मांग लिया था लेकिन मनोहर लाल ने एक ऐसे मुख्यमंत्री हुए हैं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए हैं जिन्होंने अपने सर के ताज पिछड़ों के सर पर रख दिए और प्रदेश को पिछड़ा वर्ग का मुख्यमंत्री मिला। यह 58 साल के राजनीति में एक राजनीतिक घटना है और दूसरे जो पक्ष कहता है हम इतने मुख्यमंत्री बन देंगे, उपमुख्यमंत्री बनाएंगे, बीजेपी ने आम आदमी को मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति तक बना दिए हैं।

# भारत में प्रतिदिन 5002 लोगों की मृत्यु का कारण केवल तंबाकू उत्पाद हैं : डा. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नशा मुक्त भारत** अभियान के अंतर्गत 12 से 26 जून तक चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के अंतर्गत आज नशे के विरुद्ध 190वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उच्चाधिकारियों के आदेशों से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसताड़ा में किया गया। संस्थान के जीआई दिनेश कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ, जिसमें 216 विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों




ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक जागरूक किया और बताया कि

प्रतिबंधित नशा स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम संख्या 61 वर्ष 1985 के अंतर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

## द. कोरिया के बैटरी संयंत्र में आग लगने से एक को दिल का दौरा, छह घायल



एजेंसी
**सोल।** दक्षिण कोरिया के ह्वासोंग स्थित बैटरी संयंत्र में आग लगने से एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा और छह अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल से करीब 45 किलामीटर दूर ह्वासोंग में बैटरी संयंत्र में यह घटना घटी। संयंत्र के भीतर 19 लोगों के फंसे होने के कारण हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।अग्निशमन अधिकारियों ने 145 अग्निशामक और 50 उपकरण जुटाए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## गाजा में भीषण लड़ाई बहुत जल्द समाप्त हो जाएगीः नेतन्याहू

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ तीव्र लड़ाई खत्म होने की कगार पर है। इजरायली न्यूज चैनल 14 टीवी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में श्री नेतन्याहू ने कहा कि राफा में युद्ध का गहन चरण समाप्त होने वाला है और इजरायली सेना पूरे गाजा पट्टी में तीव्र लड़ाई के समापन की कगार पर है। उन्होंने कहा, इसका मतलब गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष का अंत नहीं है और हमास के ठिकानों के खिलाफ लड़ाई के साथ अभियान जारी रहेंगे। गाजा में तीव्र लड़ाई के समापन के बाद, हम उत्तर की ओर बढ़ते रहेंगे।उन्होंने लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ पूर्ण युद्ध शुरू करने की इजरायल की चेतावनियों का जिक्र करते हुए कहा कि इजरायल-लेबनान सीमा पर युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए कोई भी समझौता, हमारी शर्तों को पूरा करना होगा।। उन्होंने कहा कि वह केवल उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें गाजा पट्टी में हमास को सत्ता से हटा दिया जाएगा और लगभग 100 बंधकों को रिहा किया जाएगा, जो अभी भी फिलिस्तीनी एन्क्लेव में बंद हैं।



## ताइवान ने द्वीप के करीब 15 चीनी सैन्य विमान, छह जहाज देखे

**ताइपे।** ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ठुताइवान के आसपास आज सुबह छह बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शनिवार रात 10 बजे) तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।

## ओम शब्द हटाने के सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के तरफ से शब्दकोश से ओम शब्द को हटाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने ओम के साथ ही कोई भी संयुक्ताक्षर को शब्दकोष से हटाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। सन् 2012 में शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत रहे पाठ्यक्रम विकास केन्द्र ने एक निर्णय करते हुए शब्दकोश से ओम शब्द को हटाने का निर्णय किया था। केन्द्र के इस फैसले को सही ठहराते हुए तत्कालीन शिक्षा मंत्री दीनानाथ शर्मा ने सभी पाठ्य पुस्तक से ओम शब्द को हटाने का लिखित निर्देश दिया था। शिक्षा मंत्री के इसी फैसले के खिलाफ में सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर किया गया था।

09 अगस्त 2012 को शिक्षा मंत्री के द्वारा दिए गए निर्देश पर 13 अगस्त 2012 को रिट दायर की गई था। करीब 12 साल के बाद आज सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अपना फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सपना प्रधान मल्ल और जस्टिस सारंगा सुवेदी की डबल बेंच में इस रिट पर अपना अन्तिम फैसला दिया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पाठ्यक्रम विकास केन्द्र का काम पाठ्यक्रम बनाना है, नीति बनाना है। कोर्ट ने कहा कि पाठ्यक्रम विकास केन्द्र का काम व्याकरण बनाना नहीं है। सरकार के तरफ से जो दलील कोर्ट में दी गई थी उस पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए पाठ्यक्रम विकास केन्द्र को अपनी हदें पार करते हुए व्याकरण में बदलाव करने का कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा कोर्ट ने तत्कालीन शिक्षा मंत्री के निर्देश को भी निरस्त कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि शिक्षा मंत्री के लिखित आदेश का कोई मतलब नहीं है।

# बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मृत्यु के निकट स्थिति में : आलमगीर

एजेंसी
**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया विदेशों में आधुनिक चिकित्सा देखभाल तक पहुंच की कमी के कारण मृत्यु के निकट स्थिति में हैं।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट में कहा गया है कि आलमगीर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना पर व्यक्तिगत और राजनीतिक प्रतिशोध के चलते जानबूझकर सुश्री जिया को विदेश में उन्नत चिकित्सा उपचार से वंचित करने का आरोप लगाया है, जिसका उद्देश्य उन्हें मौत के मुंह में ढकेलना है। आलमगीर ने एक धार्मिक सभा में कहा, यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारी नेता खालिदा जिया इन दिनों विदेशों में आधुनिक चिकित्सा देखभाल तक पहुंच की कमी के कारण मृत्यु के निकट स्थिति में हैं। उन्होंने सुश्री हसीना के शासन को दमनकारी फासीवादी सरकार करार



देते हुए आलमगीर ने कहा कि पूरी तरह से मनगढ़ंत मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री को राजनीति से हटाने के इरादे से जेल में डाला गया है। उन्हें हालांकि घर पर रहने की अनुमति दी गयी थी, लेकिन वास्तव में वह पूरी तरह से कारावास में हैं और जेल में ही हैं। उन्होंने कहा कि सुश्री जिया ओल्ड ढाका सेंट्रल जेल में रहने के दौरान बीमार पड़ गयीं, लेकिन उन्हें वहां कोई चिकित्सा उपचार प्रदान नहीं किया गया।

आलमगीर ने बीएनपी अध्यक्ष की शारीरिक स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि वह बहुत पीड़ा झेल रही हैं तथा अब जीवन और मृत्यु के चौराहे पर खड़ी हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं से सुश्री जिया की भलाई और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूरे दिल से प्रार्थना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा , हमें न केवल उनके लिए प्रार्थना करनी चाहिए, बल्कि उनके उचित उपचार के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, वो भी करना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक सुश्री जिया की उनके आवास 'फिरोजा' में तबीयत अचानक अधिक बिगड़ जाने के कारण शनिवार तड़के करीब 03.30 बजे एंबुलेंस से एवरकेयर अस्पताल ले जाया गया। उन्हें तुरंत सीसीयू में भर्ती कराया गया, जहां मेडिकल बोर्ड की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ।उनयासी वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री लंबे समय से लीवर सिरोसिस, गठिया, मधुमेह और किडनी, फेफड़े, हृदय और आंखों से जुड़ी समस्याओं सहित कई बीमारियों से जूझ रही है।

## सऊदी अरब में हज के दौरान 1,301 जायरीनों की मौत

एजेंसी
**रियाद।** सऊदी अरब में हज के मौसम के दौरान 1,301 जायरीन अपनी जान गंवा चुके हैं , जिनमें से 83 प्रतिशत अपंजीकृत थे। सऊदी प्रेस एजेंसी ने देश के स्वास्थ्य मंत्री फहद अल-जलाजेल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में



कहा है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र ने भीषण गर्मी से होने वाले तनाव के मामलों की देखभाल की है, जिनमें से कुछ लोग अभी भी चिकित्सा देखभाल में हैं। मृतकों में कई बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति शामिल हैं रिपोर्ट में कहा गया है कि शुरूआत में व्यक्तिगत जानकारी या पहचान संबंधी दस्तावेजों की कमी थी, लेकिन अब सभी पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। पहचान, दफ़न और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य प्रणाली ने आपातकालीन देखभाल एवं सर्जरी से लेकर डायलिसिस तक 465,000 से अधिक विशेष उपचार सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें 141,000 सेवाएँ उन लोगों के लिए भी शामिल हैं, जिन्होंने हज करने के लिए आधिकारिक प्राधिकरण प्राप्त नहीं किया था।

## जयशंकर की यूएई के विदेश मंत्री के साथ मुलाकात , द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर की चर्चा

एजेंसी
**अबूधाबी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से रविवार रात अबू धाबी में पर मुलाकात की और लगातार बढ़ती द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की।

डॉ जयशंकर ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा , ÷यूएई के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद से अबू धाबी में मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी लगातार बढ़ती व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर सार्थक और गहन बातचीत हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि सराहनीय रही।÷ यूएई विदेश मंत्रालय के एक रीडआउट के अनुसार शेख अब्दुल्ला ने डॉ जयशंकर को फिर से भारत के विदेश मंत्री बनने पर बधाई दी यूएई के शीर्ष राजनयिक ने कल रात अबू धाबी में डॉ. जयशंकर का रात्रिभोज के लिए स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्री



संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने यूएई और भारत के बीच व्यापक रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी के ढांचे के भीतर द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक में शेख अब्दुल्ला और डॉ. जयशंकर ने आर्थिक, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन सहित सभी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की चर्चा की।

## चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल दौरे पर, कूटनीतिक परामर्श बैठक में होंगे शामिल

एजेंसी
**काठमांडू।** चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईदोंग तीन दिन की यात्रा पर नेपाल आ रहे हैं। वह दोनों देशों के बीच होने वाले कूटनीतिक परामर्श बैठक में शामिल होंगे। नेपाल के विदेश सचिव के नेतृत्व में होने वाली इस कूटनीतिक बैठक में दोनों देशों के बीच रहे कई द्विपक्षीय मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्साल के औपचारिक निमंत्रण पर चीन के उप विदेश मंत्री का नेपाल दौरा आज से शुरू हो रहा है। आज देर शाम को चाइना साउदर्न एयरलाइंस से काठमांडू पहुंचने वाले चीन के उप विदेश मंत्री वेईदोंग कल से औपचारिक बैठक में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने बताया कि विदेश सचिव स्तरीय इस वार्ता में आपसी सहयोग, सीमा व्यवस्थापन, कनेक्टिविटी, क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन लाईन, व्यापार तथा पारवहन जैसे मसलों को एजेंडा में रखा गया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक चीन के तरफ से एक बार फिर बीआरआई पर हस्ताक्षर



करने को लेकर काफी दबाब दिया गया था। कुछ दिन पहले ही नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने भी जल्द ही बीआरआई पर हस्ताक्षर होने का संकेत दिया था, लेकिन अब तक इसके लिए नेपाल की तरफ से आधिकारिक रूप से स्वीकृति नहीं दी गई है। चीन पिछले कई वर्षों से नेपाल पर बीआरआई कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए लगातार दबाब देता आ रहा हैअपने नेपाल भ्रमण के दौरान चीन के उप विदेश मंत्री यहां प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड, राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल, उपराष्ट्रपति रामसहाय यादव से भी शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। नेपाल के विदेश मंत्री इस समय ईरान के दौरे पर हैं, इसलिए उनसे मुलाकात नहीं रखी गई है।

## नेपाल सरकार से नियुक्त दक्षिण कोरिया के राजदूत सुशील प्याकुरेल ने ठुकराया पद

एजेंसी
**काठमांडू।** दो दिन पहले नेपाल सरकार द्वारा सिफारिश किए गए 8 राजदूतों में से एक ने यह पद लेने से इंकार कर दिया है। दक्षिण कोरिया के लिए राजदूत नियुक्त किए गए सुशील प्याकुरेल ने सरकार की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पद को ठुकराने की बात कही है।प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में भारत, अमेरिका, यूके, इजराइल, दक्षिण कोरिया सहित आठ देशों में राजदूत नियुक्ति की सिफारिश करने का फैसला लिया गया था। इनमें से दक्षिण कोरिया के लिए राजदूत नियुक्त किए गए सुशील प्याकुरेल ने सरकार से इस सिफारिश को वापस लेने का अनुरोध किया है। प्याकुरेल पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी के प्रमुख सलाहकार रह चुके हैं तथा मानवाधिकार संबंधी गैर सरकारी संगठन से जुड़े हैं। सुशील प्याकुरेल ने प्रधानमंत्री प्रचंड को भेजे पत्र में लिखा है कि बिना उनसे संपर्क और सलाह के ही उनकी नियुक्ति की गई है, जो सही नहीं है। सरकार की तरफ से राजदूत पद के लिए सिफारिश की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने लिखा है कि बिना किसी योग्यता और क्षमता के तथा बिना संबंधित देश की राजनीतिक भौगोलिक, आर्थिक, भूराजनीतिक ज्ञान के किसी भी व्यक्ति को उस देश में सिर्फ राजनीतिक आस्था के आधार पर भेजना ठीक नहीं है। नेपाल सरकार ने दो दिन पहले आठ राजदूतों में से एमाले पार्टी को 5, माओवादी के कोटे से 1, जनता समाजवादी पार्टी के कोटे से 2 राजदूतों की नियुक्तियां की गई थी।

## नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल

एजेंसी
**काठमांडू।** नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है। रेवेन्यू स्टीकर छपने को लेकर हुए आर्थिक अनियमितता पर जांच पूरी करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से चार्जशीट दाखिल की गई थी। ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चन्द ने कहा कि मुख्य सचिव बैकुंठ अर्याल पर उनके संचार सचिव रहते हुए सिक्योरिटी प्रिटिंग प्रेस खरीद मामले और रेवेन्यू स्टीकर की छपाई के मामले में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की है।

## रूस में आतंकवादी हमलों में 15 पुलिस अधिकारी मारे गए

एजेंसी
**मास्को।** रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमलों में 15 से अधिक पुलिस अधिकारी और कई नागरिक मारे गए है। दागेस्तान के प्रमुख सर्गेई मेलिकोव ने टेलीग्राम पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में कहा, आज के आतंकवादी हमले में 15 से अधिक पुलिस अधिकारी हथियार थामे दागेस्तान की शांति और स्थिरता की रक्षा करते हुए मारे गए। झड़पों के दौरान कई और नागरिक भी मारे गए।÷ उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हमलों में शामिल छह बंदूकधारियों को मार गिराया।उल्लेखनीय है कि अज्ञात बंदूकधारियों ने शाम को डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक



आराधनालय और यातायात पुलिस के एक थाने पर हमला किया। हमले के बाद अधिकारियों ने आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया।

# गंभीर आर्थिक संकट के उबरते देश में इस साल छह माह में 9 लाख पर्यटक पहुंचे

एजेंसी
**कोलंबो।** दो वर्षों के गंभीर आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता का सामना करने के बाद श्रीलंका की अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर आ रही है। देश में पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या इसका संकेत है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे इसी सप्ताह सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर चुके हैं कि भारत से मिली आर्थिक मदद की वजह से श्रीलंका दो साल के संकट के दौर से उबरने की दिशा में है

पर्यटन पर काफी निर्भर श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत दिख रहे हैं। कोरोना काल में चौपट हुए पर्यटन की वजह से देश को दो-तीन साल तक गंभीर आर्थिक संकट सामना करना पड़ा। एकबार फिर श्रीलंका में पर्यटकों की



दिलचस्पी वापस आ रही है।श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के अनुसार, इस वर्ष अब तक 966,604 पर्यटक देश में आ चुके हैं। अकेले जून में अब तक 69,825 पर्यटक आ चुके हैं। इस साल जनवरी में 208253 पर्यटक, फरवरी में 218350 पर्यटक, मार्च में 209181 पर्यटक, अप्रैल में 148867 पर्यटक और मई में 112128 पर्यटक श्रीलंका आए हैं।

श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के मुताबिक इस देश में रूस, भारत, जर्मनी, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया आदि से अधिक पर्यटक आए हैं। 2023 में श्रीलंका आने वाले पर्यटकों की संख्या 14 लाख 87 हजार रहीउल्लेखनीय है कि पिछले शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कोलंबो में आयोजित 31वीं अखिल भारतीय साझेदार बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दो मुश्किल वर्षों से गुजरने के बाद, मुझे यह स्वीकार करना होगा कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि भारत ने हमें 3.5 अरब डॉलर का ऋण दिया था। वह सब चुका दिया जाएगा।

## दुर्भाग्य है कि आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को..., 1985 के आतंकी हमले पर भारतीय उच्चायोग

एजेंसी
**ओटावा।** कनाडा में आतंकवाद को महिमामंडित करने वाली लगातार हो रही घटनाओं को भारत ने निंदनीय बताया। कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां कई मौकों पर ऐसी कार्रवाइयों को नियमित होने दिया जाता है जबकि सभी शांतिप्रिय देशों और लोगों को इसकी निंदा करनी चाहिए।

भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई। इस मौके पर उच्चायोग ने कहा कि आतंकवाद कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं जानता।

**क्या है कनिष्क बम विस्फोट घटना?**

बता दें, 23 जून 1985 को मॉन्ट्रियल-लंदन-दिल्ली मार्ग पर उड़ान भरने वाले एयर इंडिया 182 कनिष्क विमान में आयरलैंड के तट से दूर अटलांटिक महासागर के ऊपर हवा



में विस्फोट हो गया था, जो कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना आतंकी कृत्य के कारण हुआ था। इस घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी।

**39 साल बीते, लेकिन...**

ओटावा में भारतीय उच्चायोग, टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावासों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। यहां 1985 की घटना में मारे गए लोगों को याद किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस कायराना कृत्य के 39 साल बीत चुके हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आतंकवाद आज अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है। उसने आगे कहा, 1985 में एयर इंडिया 182 पर बमबारी सहित आतंकवाद को महिमामंडित करने का कोई भी कृत्य निंदनीय है और सभी शांतिप्रिय देशों और लोगों को इसकी निंदा करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा में कई मौकों पर इस तरह के कृत्य को नियमित होने दिया जाता है।

**आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए**

पिछले सप्ताह भारत ने खालिस्तान चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद द्वारा एक मिनट का मौन रखे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए जोर देकर कहा कि यह इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद को क्यों बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

## संसद में खालिस्तानी आतंकी निज्जर के लिए मौन पर घिरी ट्रूडो सरकार; मीडिया ने करार दिया नैतिक अपमान

एजेंसी
**ओटावा।** कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकवादी और सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखे जाने पर, कनाडाई पत्रकार डैनियल बोर्डमैन सरकार की आलोचना की है। डैनियल बोर्डमैन ने कहा कि यह एक नैतिक अपमान है। इसका आसान स्पष्टीकरण यह है कि सरकार में खालिस्तानी घुसपैठ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल में कई उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी फिलिस्तीनी हैं। और यह करीब एक दशक से जारी है।

**निज्जर के लिए मौन रखना क्यों जरूरी?– बोर्डमैन**

इस दौरान डैनियल बोर्डमैन ने आगे कहा कि मेरा एक दोस्त था जिसकी हत्या आईआरजीसी, एक विदेशी आतंकवादी संगठन की तरफ से की गई थी। उसके कनाडाई संसद में दो मिनट का मौन धारण नहीं किया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि निज्जर के लिए दो मिनट के मौन रखने की आवश्यकता क्यों है। यह वास्तव में शर्मनाक है। आतंकवाद और धोखाधड़ी के लिए उस व्यक्ति को दो बार कनाडा आने से मना किया गया और फिर किसी तरह से वह चुपके से आ गया। मैं भारत में किसी को भी कोई तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दे सकता कि कनाडा हरदीप सिंह निज्जर के लिए मौन क्यों रखा है।

डैनियल बोर्डमैन ने इस दौरान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि ट्रूडो को गलत काम करने के लिए किसी कारण की जरूरत है। यह इस समय एक तरह की नैतिक मजबूरी है। हमास ने उनकी प्रशंसा की है और वो चर्चों को जलाए जाने का समर्थन कर रहे हैं। ये उनकी भयावह नैतिक विफलताओं का एक संगम है। कनाडाई पत्रकार ने आगे कहा कि हमारे देश में बहुत से पागल गुरुद्वारे हैं, जिनमें खालिस्तानियों ने घुसपैठ की है।ट्रूडो सरकार पर टिप्पणी करते हुए डैनियल बोर्डमैन ने कहा कि इस समय छात्र वीजा सबसे बड़ा संकट है। जो अभी भी जारी किए जा रहे हैं और ये लोग बिना जांच के आ रहे थे और खालिस्तानी गुरुद्वारों में घुस रहे थे। मैंने बहुत से सिखों को इस बारे में बात करते हुए सुना है। कनाडाई लोग इससे थकने लगे हैं और खालिस्तानियों को हमारी सड़कों पर घूमने वाले पागलों के समूह में शामिल कर दिया गया, जो सब कुछ बदतर बना रहे हैं। फिलहाल औसत कनाडाई के बीच जागरूकता बढ़ रही है।

## लाल सागर में हूतियों का आतंक जारी, व्यापारिक जहाज को बनाया निशाना; हिंद महासागर में भी किया हमलां

एजेंसी
**यमन।** यमन के पास लाल सागर में एक ड्रोन हमले में एक व्यापारिक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। दो समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की। बता दें कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग पर हमले की घोषणा की है। यमन के हूती पिछले कुछ महीनों से ही लाल सागर में जहाजों पर निशाना बनाकर हमले कर रहा है। उनका कहना है कि वह यह हमला गाजा पट्टी में जारी इस्राइल हमास संघर्ष में फलस्तीनियों के समर्थन में कर रहे हैं। हूतियों ने लाल सागर और हिंद



महासागर में एक-एक जहाज को निशाना बनाया था।

**लाल सागर में हूतियों का हमला**

ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि ताजा हमला यमनी के होदेदा शहर से 120 किमी पश्चिम की तरफ किया गया है। एजेंसी ने बताया कि व्यापारिक जहाज के मास्टर ने अनक्रूड एरियल सिस्टम (यूएएस) की चपेट में आने की रिपोर्ट दी, जिसमें जहाज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने आगे कहा, जहाज अपने अगले बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी हमले की जांच कर रहे हैं।

# बजरंग गर्ग के नेतृत्व में मिल गेट भारत नगर एरिया में सिवरेज बंद होने के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन

धरना-प्रदर्शन

**थोड़ी सी बारिश होने पर हिसार शहर में चारों तरफ चार-पांच फुट पानी भर जाता है : बजरंग गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

मिल गेट ऐरिया भारत नगर के आसपास के क्षेत्र में कई महीनों से सिवरेज लाइन बंद होने के विरोध में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर धरना-प्रदर्शन में संख्या में लोग मौजूद थे। मौके पर ही बजरंग गर्ग ने पब्लिक हेल्थ व नगर निगम के अधिकारियों को सिवरेज व सफाई की समस्या को तुरंत हल करने के लिए कहा। प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मिल गेट, 12 क्वार्टर रोड पर सीवरेज बंद पड़े हैं और बिजली व पानी की भी भारी समस्या है। सीवरेज बंद होने से सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है जिसके कारण लगातार बीमारियां फैल रही है। स्थानीय नागरिक नरक की जिंदगी जी रहे हैं। जनता द्वारा बार-बार सरकारी अधिकारियों से अपील करने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जो सरकार बंद सिवरेज को नहीं खुल सकती उस निकमी सरकार से विकास की क्या उम्मीद की जा सकती है। सरकार ने तुरंत प्रभाव से सड़कों पर से गंदा पानी निकाल कर सफाई नहीं की और बंद सिवरेज को नहीं खोला तो पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों का घिराव किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि जनता बिजली व पानी के लिए तरस रही है। खेतों में पानी देना तो दूर की बात पीने के पानी की भी बहुत भारी समस्या है जबकि पानी खुलेआम टैंकरों में बिक रहा है। सरकार को मिल गेट व 12 क्वार्टर के साथ-साथ हिसार शहर के सभी सिवरेज की सफाई करवानी चाहिए और बंद पड़े सिवरेज को खुलवाना चाहिए। आगे बारिश का मौसम है। थोड़ी सी बारिश में ही हिसार शहर के चारों तरफ चार-पांच फुट पानी भर जाता है और पूरा शहर जल मगन हो जाता है। यहां तक की बारिश का पानी घर व दुकानों में घुसने के कारण कई बार जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार को तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान करना चाहिए.इस धरने-प्रदर्शन में वरिष्ठ युवा नेता सोनू लंकेश, सतीश शेहरावत जोली, सुशील शर्मा, गुरदीप सिंह झुमका, प्रहलाद गुर्जर, अरुण कांगड़ा, जय कुमार, सोनू बोकन, अशोक कुमार, सन्नी कुमार, शायंकी बागड़ी,रवि कुमार, सतीश कुमार, जेपी बागड़ी, सुरेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, गुरदयाल, अशोक सुनसुना, शिव कुमार, करतार सिंह, वजीर सिंह, विशाल कुमार, अरुण कुमार, अमर कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमर गुप्ता, हरीश गोयल, राजेंद्र बंसल नेताजी, निरंजन गोयल, राहुल गर्ग आदि प्रमुख लोग मौजूद थे।

# घाटी में दर्जनों ने थामा शिवसेना का दामन

जनाधार

**इसके साथ ही मंजूर अहमद सोफी को जिला कुपवाड़ा के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू:**

शिवसेना(यूबीटी) के जनाधार तेजी से बढ़ौतरी हो रही है । स्थानीय मुद्दों व भूपुत्रो के अधिकारों पर? आवाज बुलंद करने के कारण जम्मू के साथ कश्मीर घाटी में भी शिवसेना(यूबीटी) स्थानीय लोगों की पहली पसंद बनती जा रही है यह कहना है शिवसेना(यूबीटी) जम्मू-कश्मीर ईकाई प्रमुख मनीश साहनी का । पार्टी प्रदेश मध्यवर्ती कार्यालय जम्मू से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के हंदवाड़ा में प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के निदेर्शानुसार , कश्मीर इंचार्ज मलिक बशीर के नेतृत्व में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा नेता तारिक अहमद राथर ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा। मलिक बशीर ने पार्टी निशान के साथ? ने सदस्यों का स्वागत किया।? तारिक अहमद को कश्मीर संभाग के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया। इसके साथ? ही मंजूर अहमद सोफी को जिला कुपवाड़ा के अध्यक्ष पद? पर नियुक्त किया गया। इसके साथ ही ने सदस्यों को? जन मुद्दों व पार्टी संकल्प पत्र के अनुसार जनता के बीच जाकर आवाज बुलंद करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर उपाध्यक्ष मुश्ताक अहमद भट्ट, युवा अध्यक्ष मंजूर अहमद गनी, महासचिव इमरान जरगर, सचिव जाविद अहमद तेली आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तलवंडी राणा के दो सौ से अधिक भाजपा कार्यकर्ता छोड़ेंगे पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा के सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने उनकी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ने का मन बना लिया है। इनका कांग्रेस में जाना लगभग तय है। इस संबंध में तलवंडी राणा में दोपहर को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें फैसला लिया कि भाजपा के मंत्री से लेकर कोई नेता गांव में आया तो करेंगे बहिष्कार, मुंह काला करने से लेकर काले झंडे दिखाने की रणनीति पर किया जाएगा काम। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि लोकसभा में गांव से रिकॉर्ड जीत के बावजूद भी उनका कोई काम नहीं हो रहा है। गांव की श्मशान भूमि की चारदीवारी निकलवाने से लेकर पेयजल की आपूर्ति कराने तक के कार्य नहीं हो रहे हैं। लोगों को फैमली आईडी से लेकर तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा कार्यकताओं ने स्पष्ट तौर पर कहा कि भाजपा नेता नकली है, क्षेत्र के कार्य करवाना उनके बस में नहीं है। हर जगह अफसरशाही का बोलबाला है। कार्यकताओं ने कहा कि भाजपा नेताओं को पार्टी कार्यकताओं की उपेक्षा व कांग्रेसियों के सामने घुटने टेकने की रणनीति के कारण उनका पार्टी से मोह भंग हो गया है। इस संबंध में तलवंडी राणा में पार्टी कार्यकताओं ने अलग-अलग स्थानों पर बैठकों का आयोजन करके कांग्रेस में जाने का खाका तैयार कर लिया है। ध्यान हो कि ऐसे दौर में जहां भाजपा बड़े-बड़े नेताओं के गढ़ में भाजपा को हार मिली हो, ऐसे में तलवंडी राणा गांव से भाजपा को रिकार्ड जीत मिली थी। मगर कार्यकताओं को लगता था कि उनके काम अब हर हाल में होंगे, मगर चुनावों के बाद भी भाजपा नेता गहरी नींद में सोए हुए हैं।

### डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशों की पालना में ऑपरेशन आक्रमण के तहत जीन्द पुलिस को मिली बडी कामयाबी, 57 टीमें नियुक्त करके, अलग-अलग मामलों में 25 आरोपियों को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/जीन्द**

थाना शहर जीन्द जीन्द के अंतर्गत पीर बाबा के पास नरवाना रोड जीन्द से एएसआई समरजीत सिंह ने आरोपी अजय वासी अहिरका हाल निवासी शिवपुरी कालोनी जीन्द को काबू करके उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल 12 बोर व एक कारतूस बरामद किया है। इसी प्रकार शस्त्र अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए लाभ सिंह होटल के पास से पुलिस ने इनाम वासी मोहल्ला अफगान किराना जिला शामली को काबू करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल 12 बोर, एक पिस्तोल 315 बोर बरामद करके आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

थाना शहर सफीदों में तैनात उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने वार्ड नम्बर 14 निवासी आरोपी कुलदीप को बसंती माता मंदिर के पास से भोले भाले लोगों को रुपये कमाने का लालच देकर जुआ खेलने के आरोप में काबू किया है आरोपी से जूए पर लगाई राशी 1170 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना शहर जीन्द में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिले में वाहन चोरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चौक पटियाला चौक में तैनात उप निरीक्षक पवन कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। थाना सदर नरवाना के अंतर्गत लक्ष्मी नगर नरवाना निवासी रामफल से 32000 रुपये छीनने के आरोप में 3 अभियुक्तों को काबू किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान मानू उर्फ मानी, विजय व हरनाम वासी टोहाना के रूम में हुई है

। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जिला जेल जीन्द भेज दिया है।

ऑनलाइन ठगी के मामले में गिरफ्तार - जिला के साईबर थाना की टीम ने ऑनलाइन धोखाधडी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मोनू कुमारी वासी मुआना ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दी कि उसके मोबाईल नम्बर पर एक लिंक प्राप्त हुआ था जिस पर उसने लिंक पर क्लिक किया तो टेलीग्राम आई डी खुल गई। जिस पर उससे चैटिंग के माध्यम से कुछ प्रोडक्ट खरीदने की बातचीत की और उसे एक के बाद एक टास्क दिए गये। सबसे पहले टास्क पूरा करने के लिए उन्होंने 500 रुपये उसके खाता से निकाल लिए उसी टास्क में अलग-अलग प्रोडक्ट खरीदने के लिए बोला गया जिस के माध्यम से ठगों ने उससे एक खाता से 38895 रुपये तथा दूसरे बैंक खाता से से 7352 रुपये, पेटीएम से 5220 रुपये की ठगी कर ली।

## कांग्रेस को हरियाणा में दिलाएं सिरसा जैसी जीत : कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की नव निर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा संसदीय क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जितनी बड़ी जीत दिलाई है, उतनी ही बड़ी जीत कांग्रेस को पूरे हरियाणा में दिलानी है। आपकी चार महीने की मेहनत से तीन करोड़ हरियाणवियों का जीवन आसान हो सकता है। अभी से बिना थके विधानसभा चुनाव में जुट जाएं। जीत हासिल करके चंडीगढ़ में सरकार बनाने के बाद एक ही साथ डबल जश्न मनाएं। कुमारी सैलजा ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि उनकी इच्छा तो विधानसभा चुनाव लड़ने की थी,

# मंत्री डॉ बनवारी लाल के आवास का बावल में घेराव कर सौपा जाएगा ज्ञापन

सम्मेलन

**सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करके प्रदेश भर के कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा** : आज हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी से प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान, प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान में मुख्य सलाहकार विश्वनाथ शर्मा व प्रांतीय मुख्य प्रैस प्रवक्ता रामकुमार प्रजापत स्थानीय जल घर सी एच सी पर उपस्थित रहे इस दौरान प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने बताया कि 7/11/ 2023 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल के साथ सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में हुई मीटिंग में मानी गई मांगों को आज तक भी धरातल पर लागू नहीं किया गया इस कारण प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी रोष है।कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए संगठन द्वारा उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की मीटिंग में 17/ 6/ 2024 को निर्णय लिया गया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ में जो राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभागीय संगठन के प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व जिला प्रधान /सचिवों की कन्वेंशन लोक निर्माण विभाग के यूनियन कार्यालय जींद में 29 जून 2024 को समय 10:00 बजे होनी निश्चित हुई है मांगों को लागू न करने के विरोध में ही 25 जुलाई 2024 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ बनवारी लाल के आवास बावल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन सौपा जाएगा जाएगा, 6 अगस्त को सिंचाई विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ अभय सिंह यादव के आवास नारनौल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन दिया जाएगा व 22 अगस्त को मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के गृह क्षेत्र नारायणगढ़ में कैंप कार्यालय का घेराव करके कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसकी तैयारी के लिए 4 जुलाई 2024 से 19 जुलाई 2024 तक सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करके प्रदेश भर के कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा व प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। मुख्य मांगे हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करके टर्म अप्वाइंटमेंट, व कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारी व ग्रामीण टयुबैल ऑपरेटर व प्रदेश भर के सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए,

# कैबिनेट मंत्री के प्रयास हुए सफल, हिसार में बनेगा नया बस स्टैंड व सामान्य अस्पताल

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**



कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार जिले के नागरिकों की नया बस स्टैंड तथा महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल भवन बनवाने की वर्षो पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। अगले दो माह के अंदर दोनों विकास परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी, जिसके लिए तमाम कागजी कार्यवाही तेजी से पूरी की जा रही है। डॉ कमल गुप्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि नया बस अड्डा तथा महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल के भवन निर्माण के लिए शहर में स्काडा जल घर के पास 52 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। दोनों विकास परियोजनाओं का प्रस्ताव तेजी से तैयार करवाया जा रहा है ताकि आगामी दो माह के अंदर दोनों विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी जा सके। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल तथा बस अड्डे की इमारत जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी वही इन्हें वास्तुकला के हिसाब से तैयार करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नया बस अड्डा 30 एकड़ तथा महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल 22 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इन दोनों विकास परियोजनाओं के लिए जो जगह चिन्हित की गई है, वह नागरिकों के लिए हर लिहाज से उचित रहेगी। नया बस अड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट बनने से बसों को शहर में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं होगी जिसके परिणामस्वरुप यात्रियों का सफर सुगम एवं सुरक्षित बनेगा वहीं उनके समय की भी बचत होगी।

## रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंची समूची कैबिनेट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी नेतृत्व में विधायकों व मंत्रियों का एक शिष्टमंडल सोमवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

चंडीगढ़ स्थित हवाई अड्डे पर आज सुबह मुख्यमंत्री नायब सैनी के अलावा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, सीमा त्रिखा, बिशंभर वाल्मीकि समेत कई विधायक तथा मंत्री एकत्र हुए।

यहां मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में नायब सैनी ने कहा कि आज एक दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे पर हैं।

# आज से लाईव होंगे सीनियर सैकेंडरी एक दिवसीय व सैकेंडरी परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र-बोर्ड अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा जुलाई-2024 तथा सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट/अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षा के प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) आज से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट ६६६,र्शें.ङ्ग८.ल्ल पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड की बेबसाइट पर दिए गए लिंक से पिछला अनुक्रमांक/नाम, पिता का नाम, माता का नाम भरते हुए डाउनलोड कर सकते हैं। प्रदेशभर में इन परीक्षाओं में 28 हजार 280 परीक्षार्थी 75 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ठ होंगे।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वी.पी.यादव ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आज यहाँ जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट एक दिवसीय परीक्षा 03 जुलाई (बुधवार) को संचालित होगी। इस परीक्षा में 20 हजार 707 परीक्षार्थी, जिनमें 12,529 छात्र तथा 8,178 छात्राएं प्रदेशभर में 75 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे।

बोर्ड अध्यक्ष ने आगे बताया कि इसी प्रकार सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट/अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 04 जुलाई से आरम्भ होकर 11 जुलाई तक संचालित होंगी। इस परीक्षा में 07 हजार 573 परीक्षार्थी जिनमें 4,895 छात्र तथा 2,678 छात्राएं प्रदेशभर में 28 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ठ हो रहे हैं।

डॉ० यादव ने बताया कि परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता व गरिमा को बनाए रखने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के औचक निरीक्षण हेतु 26 प्रभावी उड?दस्तों का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि यदि किसी परीक्षार्थी के प्रवेश-पत्र में फोटो, हस्ताक्षर व अन्य विवरणों में कोई त्रुटि है तो परीक्षाएं आरम्भ होने से पहले बोर्ड कार्यालय में आकर शुद्धि अवश्य करवा लें। परीक्षाएं आरम्भ होने उपरांत फोटो व हस्ताक्षर सम्बन्धी त्रुटि ठीक नहीं की जायेगी।

उन्होंने आगे बताया कि सभी परीक्षार्थी अपना रंगीन प्रवेश-पत्र ए-4 साईज पेपर पर ही प्रिन्ट करें। परीक्षार्थी अपना वही रंगीन फोटो प्रवेश-पत्र पर चिपकायें जो आवेदन फार्म भरते समय अपलोड किया गया था तथा उसे अपने सम्बन्धित विद्यालय से सत्यापित भी करवाएं। बिना प्रवेश-पत्र के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षार्थी अपने आधार कार्ड पर नवीनतम फोटो अपडेट करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र पर दी गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए परीक्षा आरम्भ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्र में इलैक्ट्रोनिक सामान जैसे मोबाईल, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग वर्जित होगा। विद्यार्थियों की गहन तलाशी ली जाएगी।

# समझौते करके मुकरी सरकार, भूख हड़ताल करेंगे रोडवेज कर्मचारी

रवाना

**-इसके बाद भी सरकार व अधिकारी नहीं चेते तो होगी आगामी आंदोलन की रणनीति तय-**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार** हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा ने लंबे समय से लंबित मांगों व समस्याओं का समाधान न होने के रोषस्वरूप 26 जून को राज्य भर में डिपो स्तर पर भूख हड़तान करने का निर्णय लिया है। सांझा मोर्चा का आरोप है कि सरकार ने कई बार समझौते किए लेकिन उन्हें लागू नहीं किया, जिससे कर्मचारियों की मांगे व समस्याएं ज्यों की त्यों पड़ी है।

भूख हड़ताल कार्यक्रम की तैयारी के लिए हिसार डिपो में सांझा मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों ने विचार रखे। बैठक में प्रदेश स्तरीय सांझा मोर्चा द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार भूख हड़ताल कार्यक्रम की सफलता बारे डिपो स्तर पर सभी कर्मचारियों से संपर्क स्थापित किया गया। सांझा मोर्चा के अनुसार भूख हड़ताल कार्यक्रम के प्रति कर्मचारियों में बहुत जोश है। मांगों का जिक्र करते हुए सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि वर्ष 2016 के चालकों को पक्का करने, चालक, परिचालक व लिपिक का पे ग्रेड, डी ग्रुप के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने, चालक परिचालक को जोखिम भत्ता देने व बकाया बोनस देने सहित अन्य मांगे अभी तक लंबित है जिनकी तरफ न तो विभाग के मंत्री का ध्यान है और न ही उच्चाधिकारियों का।

सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्ष 23 मई को सांझा मोर्चा के साथ समझौते से संबंधित समस्याओं के निदान के बारे में आज तक भी कोई परिपत्र जारी नहीं किया है। इसमें चालक, परिचालक, निरीक्षक स्टाफ एव कर्मशाला के कर्मचारियों को पहले के नियमों के अनुसार अर्जित अवकाश प्रदान करने के साथ साथ अनेक समस्याओं के निदान के लिए समझौता हुआ था। कर्मचारियों की समस्याओं पर परिवहन विभाग से संबंधित परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समझौते हुए थे लेकिन उनको लागू करने की बजाय आए दिन परिवहन विभाग को संकुचित करने तथा कर्मचारियों के लिए हर रोज नई समस्याएं पैदा की जा रही है।

# असंगत नीतियों के कारण नीट पीजी परीक्षा हुई स्थगित : लाल बहादुर खोवाल

रवाना

**भाजपा सरकार की नाकामी व असंगत नीतियों के कारण नीट पीजी परीक्षा हुई स्थगित: लाल बहादुर**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** मेडिकल प्रवेश परीक्षा परिणाम नीट में घोटाले के बाद यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने से अभी परीक्षार्थी उभर भी नहीं पाए हैं कि अब नीट पीजी की परीक्षा स्थगित करके सरकार ने युवाओं पर एक और कुठाराघात कर दिया है। ये सभी घटनाक्रम भारतीय जनता पार्टी की नाकामी व असंगत नीतियों को दशार्ते हैं। यह बात हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने नीट पीजी की परीक्षा अचानक स्थगित करने के घटनाक्रम पर आक्रोश जताते हुए कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट सरकार के इस रवैये की कड़ी निंदा करता है और मांग करता है कि जल्द से जल्द इन मामलों का समाधान करके युवाओं को उचित मुआवजा देकर राहत प्रदान की जाए।

एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि नीट पीजी की परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी सैकड़ों किलोमीटर दूर स्थित एग्जाम सेंटर पहुंचे। इसके लिए उन्होंने हजारों रुपये खर्च करके परीक्षा स्थल के आसपास होटल में रहने की व्यवस्था की लेकिन सरकार की अचानक नींद खुली और परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। यदि यही निर्णय परीक्षा की निर्धारित तिथि से दो दिन या इससे पहले लिया जाता तो परीक्षार्थियों की ऊर्जा व धन का व्यय नहीं होता।

खोवाल ने कहा कि देखा जाए तो भाजपा सरकार लगातार युवाओं के मनोबल को गिराने का काम कर रही है। नीट घोटाला, यूजीसी नेट परीक्षा का रद्द होना और अब नीट पीजी परीक्षा स्थगित होने से युवाओं की मेहनत पर पानी फिर गया है।

अधिकतर परीक्षार्थी महीनों रात-रातभर जागकर और लाखों रुपये कोचिंग पर खर्च करके तैयारी करते हैं लेकिन सरकार की लापरवाही व अदूरदर्शिता के चलते इन युवाओं के हाथ केवल निराशा लगती है।

खोवाल ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के चलते बहुत से परीक्षार्थियों ने इन परीक्षा के बाद अपने परिजनों के साथ विभिन्न स्थलों पर घूमने के लिए टिकट बुक किए हुए थे लेकिन सरकार के नाकारापन के कारण युवाओं की योजनाओं पर पानी फिर गया है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के लिए सरकार जिम्मेदार है, इसलिए सभी परीक्षार्थियों को उचित मुआवजा देने का एलान तुरंत प्रभाव से करना चाहिए। इसके साथ-साथ परीक्षाओं को सही ढंग से करवाकर युवाओं को राहत भी प्रदान करनी चाहिए।

# हिसार : प्रेम विवाह का दुखद अंत, पार्क में नवदंपति को गोलियों से भूना

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

जिले के कस्बा हांसी में पार्क में सुबह घूमने गए नवदपंति को अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया।

युवक व युवती ने कुछ दिन पहले ही प्रेम विवाह किया था। माना जा रहा है कि झूठी शान के लिए दोनों की हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हांसी के लाला हुकम चंद जैन पार्क में सोमवार को लोग मॉनिंग वॉक कर रहे थे। तभी सुबह लगभग साढ़े नौ बजे पार्क में पार्क में घूम रहे युवक व युवती पर बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। अचानक पार्क में ताबड़तोड़ फायरिंग से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।



वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। दोनों मृतकों की पहचान नजदीकी गांव सुल्तानपुर निवासी युवती मीना व बडाला निवासी तेजबीर सिंह के रूप में हुई। मृतकों की पहचान होने के बाद घटना की सूचना दोनों के परिजनों को दे दी गई।

बताया जा रहा है कि दोनो पति और पत्नी थे और करीब दो माह पहले परिवार की सहमति के बिना प्रेम विवाह किया था। तेजबीर नोएडा की एक कंपनी में काम करता था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 25 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## गठित होगा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण

### नगर निगम का दर्जा देने के बाद शाहजहांपुर को मुख्यमंत्री का एक और उपहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं है अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा करायें और सदुपयोग किया जाए, साथ ही कहा कि पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों के तेजी लाई जाए। होटल इंडस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के टूरिज्म पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश से सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए हमें अपने बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है।



**फैसला**

**▸▸ वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है**

आवासीय क्षेत्र में 06 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए।

साथ ही, पार्किंग, सिक्योरिटी और फायर सेफ्टी जैसे अतिमहत्वपूर्ण विषयों में मानक का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।



राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से की मुलाकात।

**फास्ट न्यूज**

## गुजरात के 3 जिलों में मानसून का रेड अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद:** गुजरात में मानसून दक्षिण गुजरात से आगे बढ़ते हुए सौराष्ट्र की ओर पहुंच गया है। दक्षिण गुजरात के साथ ही अब सौराष्ट्र में मानसून की एंट्री हो चुकी है। सोमवार सुबह से राज्य के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों के दौरान सौराष्ट्र के द्वारका, जामनगर और दक्षिण गुजरात के वलसाड में रेड अलर्ट जारी किया है। सोमवार सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक राज्य की 252 तहसीलों में से 96 तहसील में बारिश हुई है। बारिश के कारण जहां जामनगर की कालावड तहसील के मूलिया के समीप पुल में गड्ढा हो गया। बोटाद जिले के बरवाला चौराहे के पास बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी दिनों में कहीं तेज और कहीं मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार देवभूमि द्वारका, जामनगर, वलसाड समेत केन्द्र शासित प्रदेश दमण, दादरा और नगर हवेली में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा जूनागढ़, अमरेली, गिर सोमनाथ, भावनगर, दीव, सूरत, नवसारी, तापी और डांग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अरवल्ली और महिसागर जिले के लिए विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक रामाश्रय यादव के अनुसार दक्षिण गुजरात की ओर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय होने से राज्य के कुछ जिलों में मध्यम तो कहीं अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके तहत सौराष्ट्र के समुद्र किनारे और दक्षिण गुजरात के समुद्र किनारे क्षेत्रों में रेड अलर्ट जारी कर मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की सलाह दी गई है। बोटाद जिले की बरवाला तहसील के चौकडी गांव में बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई।

## 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना: योगी

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई! आपके यशस्वी नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना साकार हो रही है। नि:संदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।

## सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम करें आयोजित:सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पड़ौसी राज्य छत्तीसगढ़ (छग) की भौगोलिक सीमा के साथ-साथ दोनों राज्यों की साझा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत है। दोनों राज्यों की सरकारों द्वारा कुछ कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। व्यवस्था और प्रबंधन की दृष्टि से दो राज्य बने हैं, पर भावनात्मक रूप से हम एक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ आए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल को समत्व भवन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के जनप्रतिनिधि राष्ट्र निर्माण को समर्पित हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए सुझाव और सहयोग का आव्हान करते हुए उन्हें अपने ज्ञान और कौशल का मध्य प्रदेश में भी विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया।



**व्यवस्था**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री साव के नेतृत्व में आये दल को किया संबोधित**

## सीएम तमांग पीएम मोदी से मिले, उठाया जनजाति मान्यता

**शिष्टाचार मुलाकात**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने भारत-चीन सीमा से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-310ए की बहाली के लिए हस्तक्षेप का अनुरोध किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गंगटोक:** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। मुख्यमंत्री तमांग ने आज अपने आधिकारिक फेसबुक पेज के जरिये बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्होंने लगातार समर्थन, खासकर पिछले साल अक्टूबर में सिक्किम में आई बाढ़ के दौरान तत्काल राहत के लिए धन्यवाद दिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पुनर्निर्माण और पुनरुद्धार के लिए 3673.25 करोड़ रुपए की आपदा के बाद आवश्यकता आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के समक्ष 12 आदिवासी समुदायों को जनजाति की मान्यता देने, सिक्किम विधान सभा में लिम्बू और तमांग (एलटी) के लिए सीट आरक्षण और परमपावन 17वें कमार्पा उगेन थिंले दोर्जी की सिक्किम यात्रा के बारे में भी चर्चा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री को सिक्किम और पूर्वी नेपाल के बीच चिवा भंज्यांग में एक एकीकृत चेक पोस्ट के साथ मल्टीमॉडल कॉरिडोर बनाने की पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के रणनीतिक महत्व को इंगित करते हुए इसमें बार-बार आने वाली बाधाओं का स्थायी समाधान करने और इसके रखरखाव का जिम्मा एनएचएआई/एनएचआईडीसीएल जैसी किसी केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का भी अनुरोध किया। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ने गंगटोक को भारत-चीन सीमा से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-310ए की बहाली के लिए हस्तक्षेप का अनुरोध किया और बताया कि हाल ही में उत्तरी सिक्किम में बादल फटने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था।



## ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाएगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** योगी सरकार प्रदेश में ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुरूआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है। इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन प्रमाणन के बाद पर्सनलाइज्ड कर-के उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के भय से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।

**होंगे विशेष सिक्योरिटी फीचर्स:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं।

इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, एसडी अमाउंट, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा।

**छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की रहती है सबसे अधिक मांग:** बता दें कि 10 रुपए के स्टाम्प पेपर के मुद्रण में तकरीबन 16 रुपए का खर्च आता है। इसमें कानपुर डिपो से उसके परिवहन की लागत भी शामिल है। छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है। शपथ पत्र, विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश के वक्त, सेवायोजन में और लोक शिकायतों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पेपर इस्तेमाल में लाए जाते हैं। 2023-24 के आंकड़ों पर गौर करें तो 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं।

**तैयारी**

**▸▸ शुरूआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है**

## वन विभाग के जाल में फंसा खूंखार बाघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**वायनाड:** केरल में पिछले कई दिनों से स्थानीय निवासी और किसान बाघ के डर से दहशत के माहौल में जी रहे हैं। इस बीच अब केरल निवासियों के लिए एक राहत की खबर सामने आई है। वन विभाग ने केरल से एक बाघ को पकड़ा है। वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया था। 'थोलपेट्टी 7' के रूप में पहचाने जाने वाला बाघ यहां के पास केनिचिरा क्षेत्र में आतंक मचा रहा था, जिसने दो दिनों में चार गायों को मार डाला।

## बदरीनाथ: उम्मीदवारों को तीन चरणों में देना होगा व्यय का ब्योरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इस बीच बदरीनाथ आरओ राजकुमार पाण्डेय ने बताया है कि उपचुनाव को निष्पक्ष ढंग से संपादित किए जाने को लेकर बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के चुनाव व्यय रजिस्टरों का तीन चरणों में मिलान किया जाना है। उन्होंने बताया कि पहला 26 जून को, दूसरा चार जुलाई और तीसरा आठ जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार को निर्धारित तिथियों को चुनाव व्यय रजिस्टर मूल रूप में और चुनाव व्यय से संबंधित वाउचर, बैंक खाता स्वयं या अपने अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय संबंधित लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीदवार के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

## तस्करों ने किया बीएसएफ पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** उत्तर 24 परगना और मुर्शिदाबाद की सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों पर तस्करों ने हमला कर दिया है। इसके बाद बीएसएफ जवानों की ओर से जवाबी फायरिंग के बाद तस्कर भाग खड़े होने को मजबूर हुए हैं। सोमवार को बीएसएफ की ओर से जारी बयान में इस बारे में जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि बांग्लादेशी तस्करों ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में दक्षिण बंगाल सीमान्त के तहत क्षेत्रीय मुख्यालय बरहामपुर के इलाके में 23 जून की रात्रि में बीएसएफ की सीमा चौकी कहारपाड़ा के जवानों पर फिर से तेजधार वाले हथियारों से जानलेवा हमला कर तस्करी करने की कोशिश की। सीमा चौकी-कहारपाड़ा, 73वीं बटालियन के बहादुर जवानों ने मुहतोड़ जवाब देते हुए आत्मरक्षा में की गयी फायरिंग के जरिए तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर बांग्लादेशी तस्करों को वापस बांग्लादेश खदेड़ दिया। घटनास्थल की तलाशी के दौरान तेजधार वाले हथियार व तलवार बरामद हुई। इस सीमा चौकी में ज्यादातर इलाका बिना तारबंदी का है। घर भी सीमा के काफी नजदीक है। सीमा रेखा के पास बार-बार मना करने पर भी अकसर तस्करी में लिप्त कुछ लोग जानबूझ कर ऊंची फसलें लगाते हैं।



**तस्करी**

**▸▸ कहारपाड़ा के जवानों पर फिर से तेजधार वाले हथियारों से जानलेवा हमला कर तस्करी करने की कोशिश की**

## जेल में एचआईवी संक्रमित निकली 'लुटेरी दुल्हन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुजफ्फरनगर:** वो ठग थी, नकली नामों से पहले शादी करती थी फिर पूरे घर का माल साफ कर अपने साथियों संग नए शिकार की तलाश में निकल जाती थी। ऐसी ठग लुटेरी दुल्हन एंड कम्पनी को पुलिस ने धर दबोचा और जेल भेज दिया। लेकिन जेल में जांच के बाद जब लुटेरी दुल्हन एचआईवी संक्रमित निकली, तो उसके सभी पतियों में हड़कम्प मच गया।

**कुछ समय पहले पकड़ी गई थी गैंग:** दरअसल, उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में गत 6 मई 2024 को थाना तितावी पुलिस ने खुलासा करते हुए एक दुल्हन साहित कुल 7 महिला और पुरुषों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इन लोगों के खिलाफ थाना तितावी क्षेत्र के गांव खेड़ी दूधाधारी निवासी बादल पुत्र कविन्द्र ने तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, कि उक्त लोगो ने निक्की नाम की महिला से उसकी शादी कराई थी। उसके बाद दुल्हन उसके घर मे नकदी और ज्वेलरी लेकर फरार हो गयी थी। कविंद्र की शिकायत पर पुलिस ने दुल्हन साहित 5 महिलाओं और नन्हे व इरशाद साहित 7 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।




## पशुधन गणना के लिए विज्ञान भवन में कल होगा कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पशुपालन और डेयरी विभाग पशुधन गणना के लिए 25 जून 2024 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक कार्यशाला का आयोजन करने जा रहा है। मंगलवार को आयोजित होने वाले इस कार्यशाला में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, जॉर्ज कुरियन और सचिव अलका उपाध्याय भी मौजूद होंगी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने आज सोमवार (24 जून) को यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक उद्घाटन समारोह के बाद कार्यशाला प्रारंभ होगी। इसमें पशुधन गणना पद्धति पर विस्तृत सत्र, मोबाइल एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर डैशबोर्ड पर प्रशिक्षण, प्रतिभागियों के प्रश्नों और चिंताओं का समाधान करने के लिए एक ओपन हाउस चर्चा होगी।

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मुताबिक कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों को 21वीं पशुधन गणना का कुशलतापूर्वक संचालन करने के लिए एक मोबाइल एप और सॉफ्टवेयर सहित आवश्यक साधनों से लैस करना है।

**ओपन हाउस**

**▸▸ कार्यशाला में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि होंगे**

## पहले रील बनाई, फिर गले में तार डालकर झूले लड़का-लड़की

**टीम एक्शन इंडिया**

**बाड़मेर:** नागाणा थाना इलाके के गांव बांदरासर में रविवार रात शादीशुदा युवक और नाबालिग लड़की ने पेड़ की डाल पर बैठकर रील बनाई। इसके बाद युवक ने वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया। बाद में दोनों लोहे के तार का फंदा बनाकर उसी डाल से झूल गए। दोनों की मौत हो गई। नागाणा थाना इंचार्ज जमीन खान ने बताया कि नाबालिग लड़की (16) चौहटन थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली थी। शनिवार रात लड़की और खरथाराम (25) पुत्र उम्मेदाराम ने एक साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव नागाणा हॉस्पिटल की मोर्चरी में हैं। परिजनों ने रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाएंगे। युवक खरथाराम शादीशुदा था और उसके एक बेटा भी है। पुलिस ने बताया कि चौहटन थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार लड़की की चचेरी बहन ने उसका परिचय खरथाराम से कराया था। 21 जून की रात दो बजे चचेरी बहन ने खरथाराम को बुलाया।

**पर्यटन पर बल**

### उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आध्यात्मिक सर्किट के पर्यटन विकास को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार

## 'आध्यात्मिक सर्किट' के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार का प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है। प्रदेश में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए सीएम योगी के विजन अनुसार 12 मेगा टूरिज्म सर्किट्स का विकास जारी है, इसी क्रम में योगी सरकार द्वारा आध्यात्मिक सर्किट में छिपी अपार संभावनाओं को लक्षित करते हुए पर्यटन विकास की प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है। सीएम योगी की मंशा अनुसार आध्यात्मिक सर्किट में पर्यटन विकास को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी और इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्ययोजना के अनुसार, आध्यात्मिक सर्किट में पर्यटन विकास के लिए टूरिस्ट डेस्टिनेशंस के सर्वे व टूरिस्ट गैप एनालिसिस प्रक्रियाओं को पूर्ण कराया जाएगा। खास बात है कि इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए यूपी टूरिज्म पॉलिसी डॉक्यूमेंट 2022 के अनुसार 7 एस पर आधारित मानकों को मुख्यतः ध्यान में रखा जाएगा जिसमें सूचना, स्वागत, सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, संरचना व सहयोग प्रमुख हैं।



**टूरिस्ट गैप एनालिसिस को लेकर तैयार की जाएगी डीपीआर:** उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों पर्यटन के लिहाज से काफी तरक्की की है और आज वह देश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशंस में शुमार है। यही कारण है कि यहां बड़ी तादात में पूरी दुनिया से टूरिस्ट्स का आगमन हो रहा है। दूसरी ओर, श्री काशी विश्वनाथ धाम को कॉरीडोर से सजाने और श्री अयोध्या धाम के विकास कार्यों ने हाल के वर्षों में इन दोनों स्थानों को प्रदेश के टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुम्भ का आयोजन भी होने जा रहा है जिसमें कम से कम 30 करोड़ लोग हिस्सा ले सकते हैं। ऐसे में, प्रदेश में टूरिस्ट गैप एनालिसिस के आंकलन के लिए एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया जाएगा। इसके जरिए प्रदेश के आध्यात्मिक सर्किट समेत विभिन्न सर्किट्स में पर्यटन विकास की प्रक्रिया को एक नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा, यह रिपोर्ट ब्रांडिंग व मार्केटिंग आदि के लिहाज से भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इसके जरिए ही आध्यात्मिक सर्किट के टूरिस्ट डेस्टिनेशंस की हैंडलिंग कैपेसिटी समेत विभिन्न मानकों का निर्धारण होगा और इन्हीं मानकों के आधार पर तय होगा कि किस स्ट्रैटेजी को अपनाकर किस टूरिस्ट डेस्टिनेशन का सबसे बेहतर विकास हो सकता है।